आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क नo = 7764978689/+919625958256

दैनिक
# शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
E pepar www.Dainik shubh bhaskar, com
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित
● वर्ष : 1 ● अंक : 105 ● नई दिल्ली, गुरुवार, 20 जुलाई 2023 ● पृष्ठ : 12 ● मूल्य:- 04 रूपये
RNIUP HIN/2015/64737



3 भारत माता के आंचल को आबाद रखने के लिए एनडीए गठबंधन ...

## नीतीश ने विपक्ष की बैठक में नाराजगी की अटकलों को खारिज किया

**एजेंसी/ राजगीर**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बेंगलुरु में विपक्षी दलों की बैठक को लेकर अपनी नाराजगी की अटकलों को खारिज करते हुए बुधवार को कहा कि बहुत अच्छी बैठक हुई है, सभी मिलजुल कर एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे। मधुमास मेले को लेकर नालंदा जिले के राजगीर में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत में जब बेंगलुरु में हुई विपक्ष की बैठक को लेकर सवाल किया गया तो नीतीश ने कहा, बहुत अच्छी बैठक हुई है। यहां (पटना) 15 पार्टियां शामिल हुई थीं, वहां 26 पार्टियां शामिल हुईं। काफी अच्छी बातचीत हुई। मिलजुल कर एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे।
विपक्ष की बैठक से नाराज होकर बेंगलुरु से लौटने के भाजपा के दावे को फालतू बात करार देते हुए नीतीश ने कहा कि राजगीर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें तत्काल आना था, इसलिए वह लौट आए, कोई अन्य बात नहीं है। बेंगलुरु में हुई विपक्ष की बैठक के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा, बहुत अच्छा हुआ है और सर्वसम्मति से हुआ है। हमको जो सुझाव देना था दे दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी के इस दावे पर कि उन्हें (नीतीश को) 'इंडियाै नाम पर आपत्ति थी इसलिए वह नाराज होकर लौट वे आए, नीतीश ने पलटकर सवाल किया क्या वह (सुशील मोदी) वहां पर मौजूद थे? विपक्षी गठबंधन का संयोजक बनाए जाने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर नीतीश ने कहा, हमारी ऐसी कोई इच्छा नहीं है। हम सभी को एकजुट करने में लगे हुए हैं। देश के हित में काम होना चाहिए हमारी कोई व्यक्तिगत पसंद नहीं है। यह पूछने पर कि विपक्ष को एकजुट करने के उनके प्रयासों की पृष्ठभूमि में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक बुलाई गई है, नीतीश ने कहा, उसका कोई मतलब है? उसमें शामिल दलों के नाम देख लीजिए। पहले कभी वे बैठक बुलाए हैं? अटल जी के समय में 1999 जब हम लोग सरकार में थे, राजग का गठन हुआ था उस समय बैठक होती थी। बाद में उसकी कभी बैठक हुई, कभी नहीं हुई।
उन्होंने तंज कसते हुए कहा, अब चूंकि हम लोगों ने एक बैठक करवाई है तो वे भी बैठक कर रहे हैं। लोगों को बुला-बुला कर संख्या बता रहे हैं। इसका कोई मतलब है?
लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम के बारे में पूछे जाने पर नीतीश ने कहा, बहुत अच्छा परिणाम आएगा। देख रहे ना उन लोगों की हालत कितनी खराब है। हम लोग जो कर रहे हैं उससे वह परेशान हैं इसलिए कुछ-कुछ कर रहे हैं।

## अशोभनीय आचरण: भाजपा के 10 विधायक निलंबित



**एजेंसी/ बेंगलुरु**

कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यू टी कादर ने बुधवार को सदन में अशोभनीय और अपमानजनक आचरण के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 10 विधायकों को विधानसभा के शेष सत्र से निलंबित कर दिया। वहीं, विपक्षी दल भाजपा और जद(एस) ने कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यू टी कादर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस विधानसभा सचिव को दिया है। विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा के जिन 10 विधायकों को निलंबित किया है वे हैं-डॉ. सी एन अश्वथ नारायण, वी सुनील कुमार, आर अशोक, अरागा ज्ञानेंद्र (सभी पूर्व मंत्री), डी वेदव्यास कामथ, यशपाल सुवर्ण, धीरज मुनिराज, ए उमानाथ कोटियन, अरविंद बेलाड और वाई भरत शेट्टी। विधानसभा सत्र तीन जुलाई को शुरू हुआ और 21 जुलाई को समाप्त होने वाला है। अध्यक्ष ने सदन में हंगामे के बाद यह कार्वाई की। भाजपा के कुछ सदस्यों ने विधेयकों और एजेंडे की प्रतियां फाड़ दीं और उन्हें अध्यक्ष के आसन की ओर फेंक दिया क्योंकि वे दोपहर के भोजन के अवकाश के बिना सदन की कार्यवाही संचालित करने के कादर के फैसले से नाराज थे। पिछले दो दिन विपक्षी दलों के नेताओं की बैठक के लिए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारियों के कथित दुरुपयोग के लिए कांग्रेस नीत सरकार के खिलाफ भाजपा के विरोध के बीच यह कार्वाई हुई है।अध्यक्ष ने कहा, मैं उनके (10 विधायकों) नाम उनके अशोभनीय और असम्मानजनक आचरण के कारण ले रहा हूं। पाटिल ने कहा, मैं यह प्रस्ताव पेश कर रहा हूं...मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि कर्नाटक विधानसभा नियमावली की धारा 348 के तहत इन सदस्यों को अपमानजनक आचरण के लिए शेष सत्र तक निलंबित करना चाहिए।

### भाजपा विधायकों को हिरासत में लिया

कर्नाटक विधानसभा से भाजपा के 10 विधायकों के निलंबन के विरोध में विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करने पर पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई समेत पार्टी के विधायकों को हिरासत में लिया गया और विधान सौध थाने ले जाया गया। जनता दल (सेक्युलर) के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी भी कुछ समय के लिए भाजपा के प्रदर्शन में शामिल हुए। बोम्मई ने विधायकों के निलंबन को अवैध और लोकतंत्र की हत्या करार दिया।

### भाजपा, जद(एस) ने संयुक्त रूप से कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया

भाजपा, जद(एस) ने संयुक्त रूप से कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दियाबेंगलुरु। कर्नाटक में विपक्षी दल भाजपा और जद-एस के विधायकों ने बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर के खिलाफ विधानसभा सचिव को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया। इस नोटिस पर पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और एच डी कुमारस्वामी सहित भाजपा और जद (एस) विधायकों ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए हैं। नोटिस में कहा गया है, चूंकि कर्नाटक विधानसभा के सभी सदस्यों द्वारा चुने गए अध्यक्ष ने सदन का विश्वास खो दिया है, इसलिए उन्हें पद से हटाने के लिए हम कर्नाटक विधानसभा के कामकाज संबंधी नियमावली के नियम 169 के अनुसार प्रस्ताव पेश करने का अवसर देने का अनुरोध करते हैं।

## ख़ास ख़बर

### दिल्ली पुलिस से विपक्षी दलों की शिकायत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के बाराखंबा रोड थाने में 26 राजनीतिक दलों के खिलाफ एक शिकायत दर्ज की गई है, जिसमें उन पर चुनावों में अनुचित प्रभाव डालने की खातिर अपने गठबंधन के लिए इंडिया नाम के अनुचित उपयोग और प्रतीक अधिनियम का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है।
पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अवनीश मिश्रा द्वारा यह शिकायत दी गई है। उसने कहा कि अब तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। मिश्रा ने कार्रवाई की मांग की है।

### खरगे और प्रियंका ने चमोली हादसे में 16 लोगों की मौत पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने उत्तराखंड के चमोली में हुए हादसे में 16 लोगों की मौत पर बुधवार को दुख जताया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट की। खरगे ने ट्वीट किया, उत्तराखंड के चमोली जिले में अलकनंदा नदी के किनारे हुए हादसे से कई लोगों की मृत्यु की ख़बर बेहद पीड़ादायक है... पुलिसकर्मी भी शहीद हुए हैं। इस दुखद त्रासदी में हताहत हुए लोगों के शोकाकुल परिवारों को हमारी ओर से गहरी संवेदनाएं।

### बहुत हुई मन की बात अब संसद में हो मणिपुर की बात : तृणमूल सांसद डेरेक



**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने बुधवार को मणिपुर की स्थिति को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें संसद के दोनों सदनों में इस मुद्दे पर बात करनी चाहिए। संसद का मानसून सत्र शुरू होने से एक दिन पहले ब्रायन ने ट्वीट किया कि यह समय मन की बात के बजाय मणिपुर की बात करने का है।
ब्रायन का यह बयान ऐसे दिन आया है जब तृणमूल कांग्रेस का पांच सदस्ईय प्रतिनिधिमंडल हिंसा प्रभावित मणिपुर राज्य की जमीनी हालात का पता लगाने के लिए इंफाल पहुंचा है।

## विपक्ष ने मणिपुर पर संसद में प्रधानमंत्री के बयान की मांग की

### संसद के 20 जुलाई से प्रारंभ होने वाले मानसून सत्र से पहले विपक्ष ने घेरा

### सरकार को संसद चलाना है तो विपक्ष को बात रखने का मौका देना चाहिए

**एजेंसी/ नई दिल्ली**



संसद के 20 जुलाई से प्रारंभ होने वाले मानसून सत्र से पहले बुधवार को विपक्षी दलों ने मणिपुर की स्थिति के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान की मांग करते हुए ओडिशा रेल हादसे, भारत-चीन सीमा स्थिति, महंगाई, संघीय ढांचे पर प्रहार जैसे मुद्दों पर चर्चा कराने एवं महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने को कहा। मानसून सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संवाददाताओं से कहा, सभी दल मणिपुर की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग कर रहे थे। सरकार मणिपुर पर चर्चा कराने को तैयार है।
उन्होंने कहा, लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति जब भी समय तय करते हैं, हम चर्चा कराने को तैयार हैं। जो भी मुद्दे होंगे, हम नियमों एवं प्रक्रियाओं के तहत चर्चा कराने को तैयार है। सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस ने कहा कि ताली एक हाथ से नहीं बजती और अगर सरकार संसद चलाना चाहती है तो उसे विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका देना चाहिए। बृहस्पतिवार से शुरू होने जा रहे मानसून सत्र में सुचारू कामकाज के लिए केंद्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में दोनों सदनों में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भाग लिया। संसदीय ग्रंथालय भवन में हुई बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, प्रह्लाद जोशी, विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के अलावा कांग्रेस सांसद जयराम रमेश, अधीर रंजन चौधरी आदि शामिल हुए। बैठक में आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, शिरोमणि अकाली दल की हरसिमरत कौर बादल, तेलुगु देशम पार्टी के जयदेव गल्ला, समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव, अन्नाद्रमुक के एम थम्बीदुरई, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन, अपना दल की अनुप्रिया पटेल, आईयूएमएल के ई टी मोहम्मद बशीर आदि ने भी भाग लिया।
लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने सर्वदलीय बैठक में हिस्सा लेने के बाद संवाददाताओं से कहा, बैठक में हमने संसद के मानसून सत्र के दौरान मणिपुर की स्थिति पर चर्चा कराने की मांग की।
उन्होंने कहा, हमारी मांग है कि प्रधानमंत्री सदन में आएं और मणिपुर की स्थिति पर चर्चा हो। चौधरी ने कहा, मैंने कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में हिस्सा लिया और उन सभी मुद्दों को उठाया जिन पर चर्चा करने की जरूरत है। सर्वदलीय बैठक में भी मैंने इन मुद्दों को उठाया। हमारी मांग है कि मणिपुर की स्थिति पर चर्चा जरूर होनी चाहिए। लोकसभा में कांग्रेस के नेता ने कहा, दो महीने गुजर गए लेकिन प्रधानमंत्री (नरेन्द्र मोदी) चुप हैं। मैं उनसे आग्रह करना चाहता हूं कि उन्हें संसद में बयान देना चाहिए।

## जोधपुर में एक ही परिवार के चार सदस्यों की हत्या, संदिग्ध रिश्तेदार गिरफ्तार

**एजेंसी/ जोधपुर/जयपुर**

राजस्थान के जोधपुर जिले में बुधवार को एक ही परिवार के चार सदस्यों की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई और शवों को जलाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों में छह महीने की बच्ची भी शामिल है। पुलिस इस मामले में मृतकों के एक रिश्तेदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने जमीन विवाद व रंजिश के चलते यह अपराध किया है। संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल ने जयपुर में विधानसभा में यह जानकारी दी। सरकार की ओर से घटना की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, इस सिलसिले में पप्पूराम (19) को गिरफ्तार किया गया है। वह मृतक पूनाराम के सगे भाई भैराराम का बेटा है। मंत्री ने कहा कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक (जोधपुर ग्रामीण) धर्मेंद्र सिंह यादव ने एक बयान में कहा कि गिरफ्तार पप्पूराम से पूछताछ में सामने आया है कि उसके पिता भैराराम व पूनाराम (भैराराम का भाई) के परिवार के बीच जमीनी विवाद था। साथ ही भैराराम के बेटे तेजाराम की कुछ समय पहले सूरत (गुजरात) में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत को लेकर भी दोनों परिवार में रंजिश थी। उन्होंने कहा कि आरोपी पप्पूराम मंगलवार रात धारदार हथियार लेकर पूनाराम (55) की रहवासी ढाणी (खेत में बने घर) पर पहुंचा। उसने पूनाराम और उसकी पत्नी भंवरी देवी (50) की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी और फिर घर के भीतर सो रही पुत्रवधु धापू (24) व उसकी पुत्री मनीषा (06 माह) की हत्या की। उन्होंने बताया कि अंत में पप्पूराम ने उनके झोपड़े में आग लगाई और वहां से फरार हो गया। सुबह झोपड़े में आग लगी देख कुछ लोगों ने पूनाराम के बेटे को सूचना दी और पुलिस मौके पर पहुंची। जयपुर में राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उमेश मिश्रा ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी-अपराध) दिनेश एमएन को जोधपुर के ओसियां में मौके पर जाकर मामले की निगरानी करने के निर्देश दिए।

### मानसून सत्र में विपक्ष की रणनीति पर इंडिया की पहली बैठक आज

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों के नए गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) के नेता संसद के मानसून सत्र में सरकार को घेरने की रणनीति तय करने के लिए बृहस्पतिवार को पहली बैठक करेंगे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के संसद भवन स्थित कक्ष में 20 जुलाई की सुबह विपक्षी गठबंधन की बैठक होगी। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से आरंभ होकर 11 अगस्त तक चलेगा। विपक्ष के 26 दलों ने अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा को कड़ी चुनौती देने के प्रयास के तहत इंडिया नाम से नए गठबंधन की घोषणा की।

## नाम बदलने से कोई नहीं बदलता, यह नई बोतल में पुरानी शराब है: भाजपा का विपक्ष पर निशाना

**एजेंसी/ नई दिल्ली**



विपक्षी दलों द्वारा अपने गठबंधन का नाम इंडिया रखे जाने के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को इस कदम को नई बोतल में पुरानी शराब कहकर खारिज कर दिया और कहा कि नाम बदलने से कोई नहीं बदलता। भाजपा नेताओं ने समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक अबू आजमी की वंदे मातरम वाली टिप्पणी को लेकर भी विपक्षी दलों पर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि विपक्ष उसी पुराने तरीके से व्यवहार कर रहा है। उन्होंने कहा, नाम बदलने से ज्यादा इस बेतुके गठबंधन को भारत, उसके लोगों और भारतीयता के प्रतीकों के बारे में अपनी मंशा और मानसिकता बदलने की जरूरत है। राष्ट्रगीत के बारे में ऐसी भावना रखने वाले लोग देश का क्या सम्मान करेंगे। भाजपा की यह प्रतिक्रिया आजमी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा में संभाजीनगर जिला के दंगा का मुद्दा उठाने के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि वंदे मातरम बोलना उन्हें अस्वीकार्य है।
विपक्षी दलों द्वारा अपने गठबंधन का नाम इंडिया रखने के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, कोई नाम बदलने से नहीं बदलता है। वे वही लोग हैं। यह नई बोतल में पुरानी शराब है। भाजपा के कई अन्य नेताओं ने भी आजमी पर निशाना साधा। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने 26 विपक्षी दलों के नवगठित गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा, क्या यही इंडिया को लेकर उनकी अवधारणा है? या यह भारत विरोधी है? सपा इस कथित आई.एन.डी.आई.ए का हिस्सा है।
विपक्षी दलों ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का एकजुट होकर मुकाबला करने के उद्देश्य से मंगलवार को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) नामक एक गठबंधन बनाया। पूनावाला ने आरोप लगाया कि इंडिया विपक्षी दलों के गठबंधन का नाम है, लेकिन उनके एजेंडे में नहीं है। उन्होंने कहा, इससे पहले सपा ने आतंकवादियों को रिहा किया और याकूब मेमन, अफजल गुरु को संरक्षण दिया। कांग्रेस ने सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट पर सवाल उठाए और 26।11 के लिए भारत को दोषी ठहराया गया, पाकिस्तान को नहीं। यही उनका असली चेहरा है। पूनावाला ने सवाल किया, क्या ममता दी, खरगे जी, राहुल जी हमें अपना रुख बताएंगे?
महाराष्ट्र विधानसभा की कार्यवाही बुधवार को वंदे मातरम को लेकर अबू आजमी की टिप्पणी के विरोध में भाजपा विधायकों के हंगामे के कारण स्थगित कर दी गई। संभाजीनगर जिले में दंगे का मुद्दा उठाते हुए आजमी ने कहा कि वंदे मातरम बोलना उन्हें स्वीकार्य नहीं है।

## कोयला घोटाला: दिल्ली की अदालत पूर्व सांसद दर्डा, अन्य को 26 को सुनाएगी सज़ा


**एजेंसी/ नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत छत्तीसगढ़ में कोयला ब्लॉक आवंटन में अनियमितता से जुड़े मामले में दोषी ठहराए गए राज्यसभा के पूर्व सदस्य विजय दर्डा, पूर्व कोयला सचिव एचसी गुप्ता और अन्य को 26 जुलाई को सज़ा सुनाएगी। विशेष न्यायाधीश संजय बंसल ने सीबीआई के साथ-साथ दोषियों की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह कोयला घोटाले में 13वीं दोषसिद्धि है। इस घोटाले ने मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकार को हिलाकर रख दिया था। अदालत ने 13 जुलाई को दर्डा, गुप्ता समेत सात आरोपियों को आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी (आईपीसी की धारा 420 के तहत दंडनीय) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया था।

**विश्लेषण** इन दलों की अपने-अपने असर वाले राज्यों में प्रभावी उपस्थिति है...

## राजग और इंडिया से अलग हैं 91 सांसदों वाले 11 राजनीतिक दल

**एजेंसी/ नई दिल्ली**





देश के 65 राजनीतिक दलों ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) और इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस (इंडिया) दोनों में से किसी एक मोर्चे का साथ चुन लिया है, लेकिन 11 महत्वपूर्ण दल ऐसे भी हैं जो अब तक किसी पाले में नहीं हैं। इन 11 दलों के कुल 91 सांसद हैं और अपने-अपने असर वाले राज्यों में उनकी प्रभावी उपस्थिति भी है। आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और ओडिशा से लोकसभा में कुल 63 सदस्य चुनकर पहुंचते हैं। इन तीनों राज्यों की सत्तारूढ़ पार्टियां क्रमशः वाईएसआर कांग्रेस पार्टी, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और बीजू जनता दल (बीजद) दोनों गठबंधनों से दूर हैं। वाईएसआर कांग्रेस, बीआरएस और बीजद के अलावा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) भी एक ऐसी महत्वपूर्ण पार्टी है जिसने तटस्थ रुख अपनाया है। बसपा का उत्तर प्रदेश में मुख्य आधार है और कई अन्य राज्यों में भी उसकी मौजूदगी है। वह एक राष्ट्रीय पार्टी है और लोकसभा में उसके 9 सदस्य हैं। बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी 2024 के लोकसभा चुनावों के साथ ही राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी।

## खास खबर

## बी एन एम यू की क्रीड़ा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता का हुआ समापन

**मधेपुरा।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा की क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में महिला फुटबॉल का फाइनल मुकाबला पार्वती विज्ञान महाविद्यालय ने बीएनएमवी कॉलेज को दो-शून्य से पराजित किया।

पुरुष वर्ग में पार्वती विज्ञान महाविद्यालय की टीम को हराकर एम एल टी कॉलेज सहरसा फाइनल में पहुंचा और टी पी कॉलेज को हराकर ए एल वाई कॉलेज फाइनल में जगह बनाया। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय में खेल गतिविधियां बढ़ी हैं।

मुख्य अतिथि सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि खेल से हमारा शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा परिषद् के निदेशक डॉ. मो. अबुल फजल ने कहा कि खेल के क्षेत्र में कैरियर की भी अपार संभावनाएं हैं।

समारोह में प्रोफ़ेसर मिथिलेश कुमार डॉ. ए. के. मलिक, उपसचिव डॉ. शंकर कुमार मिश्र, डॉ. सुधांशु शेखर, नंदन कुमार भारती डॉ रामकृष्ण यादव चंद्रशेखर अधिकारी, प्रियरंजन कुमार भानु कुमार राकेश कुमार, शोधार्थी दिलीप कुमार दिल, मणीष कुमार, सौरभ कुमार चौहान आदि उपस्थित थे।

## विद्यालय में ताला तोड़कर 520 केजी चावल व बिजली मोटर की चोरी, थाना में केस दर्ज

**उदाकिशुनगंज ।** उदाकिशुनगंज थाना अन्तर्गत बुधामा ओपी क्षेत्र के खाड़ा वार्ड 09 स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इतना घटना की रूपरेखा बदलने के लिए आखिरी चावल की बोरी को विद्यालय की दिवार पर छोड़ गया। बुधवार की सुबह लोगों ने विद्यालय के मुख्य द्वार के गेट का ताला टुटा हुआ देख, प्रधानाध्यापक को जानकारी दी। प्रधानाध्यापक रंजीत मंडल ने विद्यालय पहुंचकर घटना से रूबरू हुए।

इसके बाद जानकारी ओपी प्रभारी जितेन्द्र ठाकुर को दिया। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय के रसोई सह भंडार गृह से ताला तोड़कर 577.8 किग्रा में से 520 किग्रा मध्याह्न भोजन मद के चावल की चोरी की गई है। जबकि एक बिजली मोटर की भी चोरी की गई है। जबकि शेष 57.8 किग्रा चावल समेत अन्य सामान सलामत रहा है। पिछले दिन विधिवत विद्यालय संचालन के बाद विद्यालय बंद किया गया था। नित्य दिन की तरह सभी गेट में ताला लगाया गया था। जानकारी के बाद सदलबल के साथ पहुंचे ओपी प्रभारी जितेन्द्र ठाकुर ने घटना की सघन छानबीन की है ?।

प्रधानाध्यापक ने उदाकिशुनगंज थाना में आवेदन देकर चोरी की गई सामान की बरामदगी की गुहार लगाई है। इधर सरपंच प्रतिनिधि मंजय सिंह ने कहा कि इलाका नाशाखोरों व जुएबाजों कि अड्डा बन गया है। संभवतः इसी ने मिलाकर घटना को अंजाम दिया है।

## नयानगर में चयन मार्गदर्शिका के विरुद्ध आशा चयनित, एसडीएम से शिकायत

**उदाकिशुनगंज ।** उदाकिशुनगंज प्रखण्ड अन्तर्गत नयानगर पंचायत के वार्ड 09 में आशा कार्यकर्ता का चयन मार्गदर्शिका के विरुद्ध किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया गया है कि सोमवार को मुखिया अनीता देवी की अध्यक्षता में आमसभा के दौरान दो या दो से अधिक उम्मीदवारों द्वारा निर्धारित अहर्ताएं पुरी करने के बाद चिकित्सा प्रभारी सह संजोजक डॉ रूपेश कुमार द्वारा शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चयन प्रक्रिया पुरी कराई गई। जो नियम के विरुद्ध है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्गदर्शिका के अनुसार आशा कार्यकर्ता का चयन यथासंभव सर्वसम्मति किया जाना निर्धारित है।

ऐसे में चयन अगर संभव न हो तो निर्णय बहुमत के आधार पर किया जाएगा। उक्त बातें को लेकर उपमुखिया राजेन्द्र शर्मा, वार्ड पंच ममता देवी, पंसस प्रतिनिधि विवेकानंद शर्मा, समाजसेवी विदुर झा, मुखिया देवी, सुभाष राम, प्रमोद राम, तारा देवी, मोती मंडल, रतन झा, गुलजारी मंडल, अनील चौरसिया, अनिकेत चौरसिया, सत्यनारायण राय, पुरन मंडल, कुंदन देवी, संजय मंडल व अन्य ने चयन प्रक्रिया का विरोध करते हुए नाराजगी जाहिर की है। वही आमसभा हो-हंगामे के बीच किसी तरह सम्पन्न कराया गया। चयन प्रक्रिया में शामिल स्वास्थ्य कर्मियों को आम-आवाम का विरोध झेलना पड़ा।

लोगों ने उन्हें खड़ी खोटी सुनाई। शिकायत कर्ता बबीता देवी ने एसडीएम को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस बावत प्रभारी चिकित्सा प्रभारी रूपेश कुमार ने कहा कि आशा कार्यकर्ता का चयन योग्यता के आधार किया गया है।

## विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में मोतियाबिंद के ऑपरेशन की सुविधा, मोतियाबिंद से पीड़ित 09 रोगियों का अस्पताल में हुआ सफल ऑपरेशन

### सदर अस्पताल में आंखों के इलाज से जुड़ी उपलब्ध सेवाएं लोगों के लिये फायदेमंद

**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** सदर अस्पताल में आंखों के इलाज से संबंधित सेवाओं का संचालन आम लोगों के लिये फायदेमंद साबित हो रहा है। अब आंखों से जुड़ी सामान्य बीमारियों के लिये रोगियों को इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं। सदर अस्पताल पहुंच कर रोगी सहजता पूर्वक अपना इलाज करा सकते हैं। अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में मोतियाबिंद सहित अन्य बीमारियों के इलाज की सुविधा लोगों को उपलब्ध करायी जा रही है। हर सप्ताह दर्जनों मरीज इससे लाभान्वित हो रहे हैं। इसी क्रम में अस्पताल में कुल नौ लोगों के सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद उन्हें बुधवर को डिस्चार्ज किया गया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव कुमार की अगुआई में नेत्र सहायक अजय कुमार, रामकुमार, ओडी इंचार्ज जीएनएम देशराज गुज्जर ने इसमें अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हर मंगलवार को मोतियाबिंद



के ऑपरेशन की सुविधा अस्पताल प्रबंधक विकास आनंद ने बताया कि सदर अस्पताल में नेत्र ओपीडी का संचालन रविवार को छोड़ कर हर दिन किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में लोग नेत्र जांच के लिये पहुंच रहे हैं। जिन्हें जरूरी चिकित्सकीय परामर्श के साथ् दवाएं निन्शुल्क उपलब्ध करायी जाती हैं। ओटी सेवाओं का संचालन प्रत्येक मंगलवार को किया जाता है। नेत्र जांच के उपरांत ऑपरेशन की जरूरत होने पर सोमवार को ही मरीजों को अस्पताल में भर्ती होना होता है। ऑपरेशन के बाद जरूरी दवाओं के साथ उन्हें डिस्चार्ज कर दिया जाता है। नेत्र सहायक अजय कुमार ने बताया कि अस्पताल में बीते अप्रैल माह से मोतियाबिंद के ऑपरेशन से जुड़ी सेवाएं संचालित की जा रही हैं। अब तक तीन दर्जन से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन हो चुका है। मोतियाबिंद बुजुर्गों के लिये आंखों से जुड़ी आम समस्या- सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया सदर अस्पताल में सहजतापूर्वक लोगों को आंखों से जुड़ी इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। ऑखों के ऑपरेशन के लिये आधुनिक सुविधाओं से लैस ऑपरेशन थियेटर अस्पताल में संचालित है।

सुरक्षित माहौल में गुणवत्तापूर्ण इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकताओं में शुमार है। आई ऑपरेशन थियेटर लोगों के लिये बेहद सुविधाजनक है। जो जिले में बढ़ते अंधेपन की समस्या को नियंत्रित करने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। इसके प्रति फिलहाल आम लोगों में जानकारी का अभाव है। इसलिये विभाग इसे अधिक से अधिक प्रचारित व प्रसारित करने का प्रयास कर रहा है। ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मुहैया कराया जा सके। मोतियाबिंद बुजुर्गों के लिये आंखों से संबंधित एक आम समस्या है। सरकारी स्तर पर इलाज की सेवा उपलब्ध होने से उन्हें खासतौर पर फायदा हो रहा है। उनका समय व पैसों की भी बचत हो रही है।

## एमडीए अभियान की सफलता को लेकर नेटवर्क सदस्यों का मिल रहा सार्थक सहयोग, नेटवर्क सदस्यों की ओर से स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को दवा खाने के लिए किया जा रहा है प्रेरित

**पूर्णिया ।** जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आगामी 10 अगस्त से सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान का आयोजन जायेगा। इस अभियान के प्रति जनजागरूकता के लिए नेटवर्क सदस्यों की भूमिका अहम् है। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि जिलाधिकारी कुंदन कुमार के मार्गदर्शन में फाइलेरिया को जड़ से मिटाने में शतप्रतिशत सफ़लता हासिल करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मियों एवं जागरूकता कार्यक्रम में नेटवर्क सदस्यों ने पूरी तन्मयता से नाइट ब्लड सर्वे के दौरान अपनी भूमिका निभाई है। इसी क्रम में जिले के कसबा, के नगर एवं पूर्णिया पूर्व प्रखंड में पेशेंट नेटवर्क ग्रुप के सदस्यों के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ अभय प्रकाश चौधरी ने बताया कि भारत सरकार एवं बिहार सरकार लिम्फेटिक फाइलेरिया (हाथीपांव) के उन्मूलन को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। क्योंकि हाथीपांव




एवं हाइड्रोसील फाइलेरिया के संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभाव हैं। इस तरह के व्यक्तियों को भी साल में एक बार ही भारत सरकार के गाइडलाइन के आधार पर फाइलेरिया रोधी दवाओं अल्बेंडाजोल, डीईसी और आइवर मैकटिन या अल्बेंडाजोल और डीईसी का सेवन करना पर्याप्त है। आगामी 10 अगस्त से एमडीए अभियान शुरू होगा। इसको लेकर आशा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कसबा, के नगर एवं पूर्णिया पूर्व प्रखंड के नेटवर्क सदस्यों द्वारा ग्रामीणों को जागरूक कर दवा खाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिसमें नेटवर्क सदस्यों के

**फाइलेरिया बढ़ने से रोकने को दवा सेवन एवं विशेष रूप से सफाई एकमात्र उपाय**

द्वारा विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रों में गोदभराई, अन्नप्राशन दिवस, किशोरी दिवस, माता बैठक एवं ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें लोगों से सर्वजन दवा वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की जा रही है। इसी क्रम में नेटवर्क मेंबर के सहयोग से फाइलेरियारोधी स्लोगन के साथ दिवाल लेखन तथा जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। डीएम्ओ राजेन्द्र प्रसाद मंडल ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी से ग्रसित लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जब भी मौसम में बदलाव होता है तोउस दौरान उनकी परेशानी काफ़ी बढ़ जाती। यदि, उन्हें शुरुआती दौर में ही फाइलेरिया की जानकारी होती तो शायद आज उन्हें इन परेशानियों से जूझना नहीं पड़ता। एक बार जब फाइलेरिया बीमारी के कारण हाथीडञञपांव या हाइड्रोसील में सूजन हो जाती, तब उसका कोई मुकम्मल इलाज नहीं है। लेकिन हां, नियमित दवाओं के सेवन और साफ सफाई मात्र से इस बीमारी को बढ़ने से रोका जा सकता है। उन्होंने लाभुकों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी को फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन अनिवार्य रूप से करना चाहिए। ताकि माइक्रो फाइलेरिया के परिजीवी होने से उनको नष्ट किया जा सकता है।

## जयनगर थाना में नव पदस्थापित प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक सह प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक रंजन को जनहित में मांग पत्र समर्पित किया भाकपा- माले

**जयनगर / मधुबनी/ दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)/** मज़बूर-पीड़ित व सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ताओं के द्वारा फरियाद पर ध्यान देने मोटरसाइकिल चोरी पर आवश्यक कार्रवाई करने भू-माफिया और दोहरी चरित्र वाले औव्यक्तियों पर कठोर कार्रवाई करने कि मांग। भूषण सिंह आम लोगों द्वारा मोबाइल फोन पर संपर्क करने पर सरकारी मोबाइल फोन सहित जयनगर थाना में कार्यरत सभी कर्मियों के द्वारा मोबाइल फोन रिसीव करने की मांग है शामिल। जयनगर थाना में नव पदस्थापित प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक पद के कार्यकाल के क्रम



में प्रभारी थानाध्यक्ष अभिषेक रंजन से थाना में मुलाकात कर भूषण सिंह प्रखंड सचिव भाकपा माले जयनगर ने जयनगर थाना में पदस्थापना के लिए शुभकामनायें देते हुए समर्पित किए गए आवेदन में उन्होंने कहा कि जनशिकायत के आलोक में भाकपा माले जयनगर आप से मांग करती है की जयनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मजबूर, मजदूर, कमजोर, पीड़ित, गरीब व अच्छे लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक एवं समाजिक कार्यकर्ताओं का फरियाद पर ध्यान देने व अच्छा व्यवहार करने तथा दमनकारी- अपराधी- भू-माफिया एवं जनविरोधी व दोहरी चरित्र वाले व्यक्तियों तथा असमाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई करने की आशा करते है। और सरकारी मोबाईल नम्बर सहित जयनगर थाना में कार्यरत सभी कर्मियों को मोबाईल पर संपर्क करने पर रिसीव करने को कहा गया और जयनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लगातार बड़ी संख्याएं में हो रहे मोटर साईकिल चोरी और भारत-नेपाल सीमा होने के कारण चोरी की गई मोटर साईकिल शराब तस्करी में किए जा रहे उपयोग को देखते हुए शिकायतकर्ता के शिकायत पत्र पर के अलोक में अविलम्ब कार्रवाई करने की मांग किया गया।

## रानीगंज में स्मैक ने युवा वर्ग में पैठ बनाना शुरू कर दिया है शुरु- आदित्य



**रानीगंज ।** हाल के दिनों में रानीगंज में स्मैक ने युवा वर्ग में पैठ बनाना शुरू कर दी है नेपाल के जोगबनी होते हुए स्मैक रानीगंज के विभिन्न गांव में पहुंच रही है ।नशे के विकल्प के रूप में युवा अब स्मैक की दुनिया में अपनी जिंदगी डूबा रहे हैं रानीगंज प्रखंड क्षेत्र में शराबबंदी के बाद विकल्प के रूप में स्मैक जैसे खतरनाक नशा का इस्तेमाल कर रहे हैं युवाओं को जब स्मैक की लत लग जाती है तो उसे पिए बगैर नहीं रह पाते यहां तक कि युवा अपने घर में चोरी तक कर रहे हैं रुपया कि जब पूर्ति नहीं होती तो छोटे-छोटे अपराध को अंजाम देने लगे हैं इससे अपराध का ग्राफ बढ़ गया है। भाजपा नेता आदित्य ने रानीगंज प्रशासन से अविलंब स्मैक के बढ़ते कारोबार पर रोक लगाने की मांग की है ।भारत के अंदर मुख्यतः ड्रक्स एवं नशीले पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध है। कुछ मेडिसिन ड्रग्स के साथ अवैध रूप से इस्तेमाल किए जाते हैं स्मैक का नशा एवं व्यापार करने पर 10 साल जेल/अधिकतम जुर्माना लगाया जा सकता है तथा इसका इस्तेमाल व्यवसायिक रूप से प्रयोग करने पर उम्र कैद की सजा व अधिकतम जुर्माना लगाया जाता है।

## अररिया सुपौल रेलवे लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण को ले शिविर आयोजित




**अररिया।** अररिया सुपौल बड़ी रेल लाइन निर्माण के लिए अधिग्रहित भूमि से संबंधित जमीन मालिक की समस्याओं के समाधान को लेकर व कागजात जमा कराने के लिए शहर के वार्ड संख्या 7 स्थित इटहरा मध्य विद्यालय में सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में इटहरा मौजा के विभिन्न जमीन मालिकों की समस्याओं को सुना गया। शिविर में अररिया सीओ गोपीनाथ मंडल, राजस्व कर्मचारी नौशाद आलम मौजूद रहे। उपस्थित भू अर्जन कार्यालय के कर्मी के अनुसार इटहरा मौजा में अब तक सिर्फ 10 प्रतिशत जमीन मालिकों को ही जमीन अधिग्रहण से संबंधित खतियान भुगतान हो पाया है। उन्होंने बताया कि बाकी के जमीन मालिक को भी अपने खतियानी जमीन का बंटवारा कर और दाखिल खारिज करवाकर तथा लगान ससीद अपने नाम से कटवाकर जिला भू अर्जन कार्यालय में जमा कराना होगा। उसके बाद हीं ऐसे जमीन मालिक को भूमि अधिग्रहण से संबंधित भुगतान किया जाएगा।जमीन मालिक को भूमि अधिग्रहण का भुगतान लेने के लिए खतियान या केवाला का छायाप्रति, लगान रसीद, भू स्वामित्व प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति लाना अनिवार्य है।

## महिलाओं के साथ हो रही अत्याचार पर महिला थाना अध्यक्ष मेनका रानी से रूबरू हुई डा. सुस्मिता



**अररिया।** आए दिन महिलाओं के साथ जो अत्याचार हो रही है उसे पर समाजसेविका डॉक्टर सुष्मिता ठाकुर ने महिला थाना अध्यक्ष मेनका रानी के साथ कई मुद्दों पर अपनी बात साझा की। महिला अत्याचार में महिलाओं को लैंगिक, शारीरिक और मानसिक यातनाएँ दी जाती हैं। अधिकांश मामलों में घरेलू हिंसा पति द्वारा पत्नी या ससुराल वालों के द्वारा बहू को शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न के रूप में नज़र आती है और महिलाएँ इसे अपना भाग्य समझकर सहती रहती हैं। महिलाओं के साथ किए जाने वाले अत्याचार मारपीट (मारनाङ्कपीटना),बलात्कार, महिलाओं से वेश्यावृत्ति करवाना, महिलाओं से छेड़छाड़ करना,घरेलू अत्याचार,डायन एवं जादूगरनी,वेश्यावृत्ति प्रतिबंधात्मक अधिनियम 1956,वेश्या व्यवसाय एवं मौलिक अधिकार,कारागार,नारी सुधार केन्द्र तथा अस्पताल में नारी पर अत्याचार आदि मुद्दों पर उनसे वृहत रूप में बात की। महिला थाना अध्यक्ष मेनका रानी ने उनके सारे प्रश्नों का बिंदुवार उत्तर देते हुए उन्हें बेहतर सहयोग करने की बात कही। बता दें कि नारी उत्पीड़न के मामले में डा. सुष्मिता पीड़ित परिवार को काफी मदद करती है।

**फुटबॉल** विश्वविद्यालय स्तर से सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई।

## अंतर महाविद्यालय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले को स्थगित ए एल वाय कॉलेज त्रिवेणीगंज से स्पष्टीकरण पूछते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई करने हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन से किया गया अनुरोध

**मधेपुरा।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय लालू नगर मधेपुरा के क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल महिला पुरुष प्रतियोगिता टी पी कॉलेज के मैदान पर संचालित हो रहा था ।जिसमें पार्वती विज्ञान महाविद्यालय की टीम को हराकर एम एल टी कॉलेज सहरसा फाइनल में पहुंचा और टी पी कॉलेज को हराकर ए एल वाई कॉलेज फाइनल में जगह बनाया । टी पी कॉलेज के पी टीआई ने सेमीफाइनल के मैच में एल वाई कॉलेज के खिलाड़ियों पर फर्जी होने का आरोप लगाकर आवेदन दिया। जिस पर टी पी कॉलेज के खेल समिति ने उसकी जांच कराई । इस बीच ए एल वाय कॉलेज के खेल पदाधिकारी ने माननीय कुलपति महोदय को आवेदन देकर




यह आरोप लगाया कि सेमीफाइनल खेल में मेरे खिलाड़ियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया और मेरे खिलाड़ी को बाहरी बता कर परिचय पत्र जांच कराया गया। विश्वविद्यालय स्तर से सुरक्षा प्रदान करने की मांग की गई। उनके आवेदन पर माननीय कुलपति महोदय ने खेल विभाग के सचिव को इस मामले को देखने एवं त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। फाइनल मैच ए एल वाय कॉलेज त्रिवेणीगंज और एम एल टी कॉलेज सहरसा के बीच होना था जिसमें दोनों खिलाड़ियों की सघन जांच की गई। जिसमें ए एल वाय कॉलेज त्रिवेणीगंज के खिलाड़ियों की सूची में वर्णित नामों से संबंधित डाटा यू एम आई एस से भी प्राप्त किया गया और खिलाड़ियों के परिचय पत्र का मिलान किया गया जिसमें यह पाया गया प्राय सभी खिलाड़ियों का परिचय पत्र फर्जी है यू एमआईएस से प्राप्त डाटा में संलग्न चित्र और परिचय पत्र के चित्र भिन्न-भिन्न पाए गए संबंधित खिलाड़ियों के फोन नंबर पर संपर्क किया गया तो अधिकांश व्यक्ति अपने अपने घरों में पाए गए और उन लोगों ने किसी भी फुटबॉल मैच से अपनी अनभिज्ञता जाहिर की। समिति ने विश्वविद्यालय प्रशासन से दिशा निर्देश प्राप्त होने तक अंतर महाविद्यालय फुटबॉल पुरुष प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले को स्थगित रखा गया और ए एल वाय कॉलेज त्रिवेणीगंज सुपौल के पदाधिकारी और प्रधानाचार्य से स्पष्टीकरण पूछते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई करने हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुरोध किया गया । समिति में डॉ मिथिलेश कुमार,डॉक्टर ए के मलिक और डॉक्टर शंकर कुमार मिश्र सदस्य थे और सदस्यों ने हे एल वाई कॉलेज त्रिवेणीगंज के खेल पदाधिकारी और आए हुए सदस्यों से उनका मंतव्य लिया तो उन्होंने स्वीकार किया कि मेरे खिलाड़ी फर्जी है पुनः ए एल वाई कॉलेज के सभी खिलाड़ी वापस चले गए।

## अररिया माहादेव चौक के समीप दो ट्रकों की टक्कर में दोनों ट्रक के ड्राइवर व खलासी घायल प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर

**अररिया ।** अररिया शहर के महादेव चौक के समीप एनएच 57 पर बुधवार को दो ट्रक के बीच आमने-सामने भीषण टक्कर में दोनों ट्रकों के ड्राइवर समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई. जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक में फंसे ड्राइवर व खालासी को निकाला गया और एंबुलेंस के द्वारा सभी घायलों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया. जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के देखरेख में सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सभी घायलों को हायर सेंटर पूर्णिया रेफर कर दिया गया। वही ट्रक ड्राइवर गुलशन अंसारी ने बताया कि वह एनएच 57 पर अपने साइड से ट्रक लेकर अररिया आ रहे थे, इसी क्रम में अररिया शहर के महादेव चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज




रफ्तार ट्रक ड्राइवर लेकर आ रहे थे. शायद ट्रक के ड्राइवर नींद में थे जब उन्होंने हॉर्न मारा तो ट्रक ड्राइवर ने साइड काटने के क्रम में राष्ट्रीय राजमार्ग के डिवाइडर पर चढ़ा दी, जिससे ट्रक पलट गई और वह लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए. जिसके बाद उन लोगों को स्थानीय लोगों के द्वारा सदर अस्पताल अररिया में भर्ती कराया गया. उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनों ट्रक के परखच्चे उड़ गये. वहीं घायलों की पहचान राजस्थान के जोधपुर जिला निवासी चालक रमेश और खलासी घनेराम के रूप में हुई. जबकी दुसरा घायल चालक की पहचान उत्तर प्रदेश के रामपुर जिला निवासी गुलशन अंसारी के रूप में हुई है।तीनों घायलों को उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है.वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची नगर थाना पुलिस ने दोनों ट्रकों को कब्जे में लेते हुए आगे की कार्रवाई में लग चुकी है।

## ख़ास ख़बर

### आरएम कॉलेज में वीक्षक को पीटने वाले को शिक्षक संघ नें की गिरफ्तारी की मांग



**सहरसा/**राजेन्द्र मिश्र महाविद्यालय में चल रहे स्नातक तृतीय खंड की परीक्षा में वीक्षकों द्वारा कदाचार मुक्त परीक्षा लिए जाने के कारण परीक्षार्थी के परिजनो द्वारा मारपीट पर शिक्षक संघ नें गिरफ्तारी की मांग की गई है। वीक्षक डॉ अक्षय चौधरी एवं डॉ आलोक झा पर मनचले लड़कों के द्वारा पिटाई पर एम एल टी कॉलेज सहरसा शिक्षक संघ के सचिव डॉ संजीव कुमार झा ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि स्थानीय प्रशासन को तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी को गिरफ्तार करना चाहिए और कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए।उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर मारपीट करते वीडिओ भी वायरल हुआ है।जिसमें परीक्षार्थी के परिजन वीक्षक के उपर फिल्मी स्टाइल में बेरहमी से पिटाई की जा रही है।श्री झा ने जिला प्रशासन सें अनुसंधान कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की।ताकि कदाचार मुक्त वातावरण मे निर्विघ्न परीक्षा संचालन संभव हो।

### लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बीडीओ की अध्यक्षता में बीएलओ की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर,बनमा ईटहरी (सहरसा)।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिलाधिकारी के निर्देशानुसार बुधवार को प्रखंड कार्यालय में बीडीओ रवि कुमार की अध्यक्षता में बीएलओ की बैठक आयोजित की गई बीडीओ ने प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों का युक्तिकरण एवं मतदान केंद्रों का भैतिक सत्यापन करने के साथ साथ बीएलओ को सख्त निर्देश दिए। बीएलओ से उसके क्षेत्राधीन आने वाले मतदान केंद्रों की संख्या वगैरह की जानकारी ली गई। इसके अलावा बीडीओ ने सभी बीएलओ को प्रपत्र 6, 7 एवं 8 ऑनलाइन या ऑफलाइन प्रपत्र प्राप्त कर प्रखंड कार्यालय में उपलब्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।मौके पर बीएलओ प्रवीण कुमार महतो, श्रवण कुमार, मनोज चन्द्रवंशी, चन्द्रकिशोर महतो, संजय कुमार ठाकुर, रणवीर कुमार, विजेन्द्र कुमार तथा नरेश कुमार पंडित आदि बीएलओ उपस्थित रहे।

### 15 वीं वित्त राशि से विभिन्न निर्माणाधीन कार्य मे अनियमितता बरतने का आरोप,जांच की मांग



**दैनिक शुभ भास्कर,सोनवर्षा राज (सहरसा)।** प्रखंड के मोकमा पंचायत में छठ घाट के निर्माण में अनियमितता बरते जाने को लेकर गांव के ही सोनू सागर ने पंचायती राज पदाधिकारी सहित विभिन्न पदाधिकारी को आवेदन देकर जांच की मांग की है। सोनू सागर ने बताया है कि पंचायत की मुखिया बेबी भारती द्वारा 15वीं वित्त की राशि से दो छठ घाटों का निर्माण करवाया जा रहा है।जिसमे तीन नम्बर ईंट, सफेद बालू तथा आठ एम एम छड़ का इस्तेमाल किया जा रहा है।कार्य से संबंधित स्थल पर किसी प्रकार का सूचना पट्ट भी नही लगाया गया है।निर्माण स्थल पर गुणवत्ता विहीन कार्य का विरोध किया तो वार्ड वार्ड सदस्य सुमन सिंह द्वारा 10 लाख रुपये मांगने का रंगदारी की केस में फंसा देने का धमकी देने लगा।आवेदन में यह भी दरसाया गया है कि पिछले माह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुतीक्षण सिंह,सरपंच प्रतिनिधि सतेंद्र सिंह,पंसस चंदन ठाकुर तथा पैक्स अध्यक्ष प्रमोद मेहता द्वारा काली मंदिर स्थित पोखर के महार तथा मध्य विद्यालय मोकमा के परिसर से सैकड़ों वृक्ष अवैध रूप से काटकर बेच लिया गया था।जिसकी जांच कर वन विभाग द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## भारत माता के आंचल को आबाद रखने के लिए एनडीए गठबंधन को मजबूत करना आवश्यक- अर्चना आनंद

**अर्चना आनंद ने कहा कि देश में जब भी एनडीए गठबंधन की सरकार बनी है।**





**सुभाष चंद्र झा/दैनिक शुभ भास्कर/सहरसा/** राष्टीय लोक जनता दल की जिला अध्यक्ष अर्चना आनंद ने आज प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश में अब भारत माता बनाम इंडिया की बात होगी। भारत माता की संताने अपने खून पसीने की कमाई से भारत माता का आंचल भरते हैं और देश को तरक्की के पथ पर ले जाने को अग्रसर रहते हैं जबकि इंडिया की अवधारणा वाले लोग भारत माता के आंचल को फारकर गरीबों का खून चूस कर अपनी तिजोरिया भरते हैं। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में ऐसे लोगों को सबक सिखाने का समय आ रहा है।अर्चना आनंद ने कहा कि देश में जब भी एनडीए गठबंधन की सरकार बनी है। देश में विकास की गति को तेजी मिली है।

क्योंकि एनडीए गठबंधन के लिए राष्ट प्रथम है और इसके लिए भारत माता की संतान सर्वस्व समर्पण कर दिन रात एक कर लगे रहते हैं जबकि इंडिया वाले लोग देश की एकता अखंडता और संप्रभुता को खंड खंड में बैठकर गरीब जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने में लगे रहते हैं। जिससे अंग्रेजों से सत्ता हासिल होने के बाद भी आज तक भारत का समेकित विकास संभव नहीं हो पाया।

लेकिन हाल के दिनों में एनडीए सरकार के ओजस्वी नेतृत्व करता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत माता की आंचल फिर से लहरा रही हैं।

वही देश विकास की रफ्तार से दुनिया के सामने एक उदाहरण पेश कर रहे हैं।अर्चना आनंद ने कहा कि यही वजह है कि आज हम सबों को अपने भारत माता के आंचल को आबाद रखने के लिए एनडीए गठबंधन को मजबूत करना होगा। इसके लिए हमें राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा और प्रधानमंत्री श्री मोदीजी के विजन का समर्थन करना होगा।

## प्रखंड क्षेत्र में संचालित आंगनबाड़ी की खस्ता हाल से ग्रामीण आक्रोशित,जांच की मांग



**दैनिक शुभ भास्कर,सोनवर्षा राज (सहरसा)।** प्रखंड क्षेत्र के अतलखा पंचायत में बच्चों को कुपोषण से दूर करने तथा उसे स्कूल पूर्व शिक्षा देने के लिए बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन के नाम पर हो रही गड़बड़ी से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है।

अतलखा पंचायत के वार्ड नंबर 01क्षेत्र में बाल विकास परियोजना द्वारा 206 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित है। ऐसे सभी केंद्रों को चलाने के लिए प्रतिमाह लाख से अधिक रुपए खर्च किए जा रहे हैं। लेकिन उसका फलाफल बहुत कम लोगों को मिल रहा है। बीते कई माह से केंद्रों के संचालन में की जा रही गड़बड़ी को लेकर लोग आवाज उठा रहे हैं। अतलखा आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 206 की सेविका वहां मौजूद तथा सहायिका अनुपस्थित थी। ललिता देवी ने बताया कि सेविका फुलन देवी अपने आंगनवाड़ी केंद्र पर सोई हुई थी।

जब सेविका से सवाल पूछा गया आपका सेंटर पर एक भी बच्चा उपस्थित नहीं है तो सेविका द्वारा बताया गया कि बगल में श्राद्ध कर्म रहने के कारण बच्चे अभी तक नहीं आए हैं । केंद्र की सेविका फूलन देवी फोटो खींचने से मना कर कही की हमें ड्रेस में आने दीजिए। केंद्र संख्या 252 बरेट पंचायत के वार्ड नंबर 12 में सेविका घर के चार बच्चे के साथ बैठी थी।

पूछने पर बोली कि आजकल पोलियो चल रहा है।इस कारण बच्चे केंद्र पर नहीं आ रहे हैं। जब उनसे यह पूछा गया कि छोटे-छोटे बच्चे दिन में पोलियो में क्या करते हैं तो चुप्पी साध गई। जब सेविका सपना कुमारी से सवाल पूछा गया की सहायिका कृष्णा कुमारी कहा गई है तो सभी का सपना कुमारी ने जवाब दिया सहायिका हाजिरी बना कर घर चले गई है अगल बगल के कुछ लोगों ने कहा कि उस केंद्र पर कभी भी एक दर्जन भी बच्चे नहीं आते हैं गांव के कुछ लोगों ने बताया कि बीते कुछ माह से केंद्र पर बच्चों को भोजन भी नहीं दिया जाता है। सेविका अपने मनमर्जी जब चाहती तब केंद्र पर आती है।प्रखंड क्षेत्र के कुछ अन्य जगहों के केंद्र पर भी कुछ इसी तरह के हालात दिखाई दी। केंद्र की बदहाली पर एलएस पल्लवी कुमारी ने कहा कि जो सेविका काम नहीं करती है उसका मानदेय काट लिया जाएगा।

## शादी के 2 वर्ष बाद संतान नहीं होने वाले दंपति ले सकते हैं कानूनी प्रक्रिया के तहत बच्चा गोद- सुभाष चंद्र झा

**दैनिक शुभ भास्कर/ सहरसा/** निसंतान दंपतियो के लिए खुशी भरी खबर है।अब उनके आंगन में भी बच्चे की किलकारी गुंजेगी।वही अब बच्चा पालने के शौकीन एकल पुरुष या महिला अब कानूनी प्रक्रिया के तहत बच्चा गोद ले सकते है। जिले के दत्तक संस्थान में पल रहे बच्चे को गोद लेने की प्रक्रिया काफी आसान कर दी गई है।वही गोद लेने की चाहत रखने वाले माता पिता जानकारी के अभाव में बच्चे को गोद नहीं ले पाते है।ऐसे में जिला पदाधिकारी के निर्देश पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा नियमों की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में कोई भी दंपत्ति प्रक्रिया के अधीन बच्चे को गोद लेना चाहते है।तो उन्हें सीएआरए पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना होता है। कोई दंपत्ति जिनकी शादी के 2 वर्ष पूरे हो चुके हैं।वह दंपत्ति माता पिता दत्तक ग्रहण में शामिल हो सकते हैं। वही एकल सदस्य पुरुष या स्त्री दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।पुरुष को दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में उन्हें केवल बालक दिया जाएगा। बालिका गोद नहीं दिया जा सकता है।वहीं एकल सदस्य महिला उनको बाल और बालिका दोनों ही दिया जा सकता है। वही दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में बच्चे के साथ दत्तक के माता-पिता का उम्र भी निर्धारित किया गया है। साथ ही माता-पिता की पात्रता तय करने के लिए भी उम्र की गणना की जाएगी। बाल बालिका की आयु यदि जीरो से दो वर्ष तक के लिए भावी दत्तक माता-पिता की अधिकतम आयु 85 वर्ष होनी चाहिए।

वही एकल भावी दत्तक दंपति की अधिकतम आयु 40 वर्ष होनी चाहिए। इसी प्रकार 2 से 4 वर्ष के बालक बालिका के लिए भावी दत्तक माता-पिता की अधिकतम आयु 90 वर्ष एवं एकल भावी दंपति माता-पिता की अधिकतम आयु 45 वर्ष होनी चाहिए।वही 4 वर्ष से अधिक और 8 वर्ष के बालक बालिका के लिए भावी दत्तक माता-पिता की अधिकतम आयु 100 वर्ष एवं एकल भावी दत्तक माता-पिता की अधिकतम आयु 50 वर्ष होनी चाहिए। कोई भी दत्तक माता पिता को दत्तक ग्रहण प्रक्रिया में निवास स्थान, आधार, पासपोर्ट, बिजली बिल, आवासीय प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, आयु प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र फोटो आदि लिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया में कम से कम 2 वर्ष पूरे लगते हैं।

## प्रधानाध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर ग्रामीणो ने शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**सहरसा/** जिले के नवहट्टा प्रखंड स्थित उर्दू मध्य विद्यालय फेंकराही के ग्रामीणों ने बुधवार को कार्यक्रम पदाधिकारी आवेदन देकर प्रधानाध्यापक के ऊपर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।शिक्षा समिति अध्यक्ष रुकसाना खातून ने दिए गए आवेदन में कहा है कि उर्दू मध्य विद्यालय फेकराही में वर्षों से अनियमितता बरती जा रही है। जिसको लेकर विगत 8 महीनों से उच्च अधिकारियों को आवेदन देकर इसकी जानकारी देती रही हूं।वही अब तक कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। आवेदन में कहा गया कि प्रधानाध्यापक दबंग किस्म का व्यक्ति है ।जो कोई विरोध करता है उसके साथ मारपीट गाली गलौज करना शुरू कर देते हैं ।ऐसी मानसिकता वाले प्रधानाध्यापक पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं करना दुखद है। जबकि प्रधानाध्यापक के द्वारा बड़े पैमाने पर वर्षो से फर्जी बच्चों का नाम अंकित कर उसके नाम से छात्रवृत्ति तथा पोशाक राशि उठाकर गबन किया गया है। साथ ही विभाग के द्वारा विकास मद में मिली राशि का भी उठाव कर अब तक कोई विकास नहीं किया गया है। इस पैसे को भी वे गबन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विगत 1 वर्ष पहले विद्यालय में मध्यान भोजन बंद रहा। फिर भी प्रधानाध्यापक द्वारा फर्जी तरीके से पैसा उठाया गया है जोकि वेबसाइट पर अंकित है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि एक महीना पहले प्रधानाध्यापक का स्थानांतरण प्राथमिक विद्यालय कुमरौली कर दिया गया एवं कुमरौली के प्रधानाध्यापक को उर्दू मध्य विद्यालय फेकराही कर दिया गया। इसके बावजूद विभागीय तालमेल या स्वयं की दबंगई अब तक प्रधानाध्यापक उर्दू मध्य विद्यालय फेकराही में ही बने हुए हैं।जो सरकार के आदेश का खुला उल्लंघन है ऐसे में उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### बिजली तार की चपेट में आने महिला की मौत

**दैनिक शुभ भास्कर,सोनवर्षा राज (सहरसा)** सोनवर्षा राज थाना व काशनगर ओपी के बराही गांव में 440 वोल्ट की बिजली तार गिरने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान काशनगर पंचायत अंतर्गत बराही गांव के वार्ड नं 12 निवासी मणी प्रसाद सिंह की पत्नी जयंती देवी के रूप में हुई है।मृतक के पति ने बताया कि बुधवार सुबह मेरी पत्नी हर रोज के भांति घर से बाहर टहलने निकली थी।इसी दौरान घर से कुछ ही दूरी पर उदय प्रसाद सिंह के दरवाजे के सामने विधुत प्रवाहित तार टूट कर गिरने से करंट लग गया।जिसे आनन फानन में सोनवर्षा पीएचसी लाया गया।जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।इधर घटना के बाद परिजन में मातम पसर गया।घटना की सूचना पर काशनगर ओपी पुलिस ने पहुच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सहरसा भेज दिया ।

### बनमा ईटहरी ओपी में धक्कामार मोटर गाड़ी से की जाती है गश्ती



**दैनिक शुभ भास्कर,बनमा ईटहरी (सहरसा)।**बनमा ओपी क्षेत्र में पुलिस गश्ती भगवान भरोसे ही होता है। बुधवार को ओपी से महज दस कदम की दूरी पर कुछ ऐसा ही मामला देखने को मिला।जब पुलिस बल गश्ती लिए तैयार हुए तो पुलिस वाहन स्टार्ट ही नहीं हुआ। जिसे पुलिस बल और स्थानीय लोगों की मदद से धक्का मारकर स्टार्ट किया गया। इस तरह धक्का मारकर पुलिस वाहन स्टार्ट किया जायेगा तो बदमाशों को पकड़ना संभव हो नही हो पाएगा। जबतक पुलिस वाहन स्टार्ट करेगी तबतक अपराधी कोसों दूर भाग जाएगा। इस वाहन के भरोसे सात पंचायत के साथ साथ मधेपुरा, खगड़िया के सीमावर्ती क्षेत्रों की गश्ती भगवान भरोसे ही है। जानकारी अनुसार बनमा ईटहरी ओपी में सरकारी वाहनों की संख्या दो है।एक नई वाहन बेलोरो है तो दूसरी वाहन पुरानी है। नई वाली बड़े साहब की तो पुरानी वाली छोटे साहब की सवारी है। छोटे साहब इन वाहन को लेकर कहां और कब तक गश्ती करेगें।इस बाबत ओपी अध्यक्ष सुनील कुमार भगत ने बताया कि बेट्री चार्ज के अभाव में वाहन को धक्का दिया गया है। जल्द ही ठीक करा लिया जायेगा।

### बनमा ईटहरी के खुरेसान गांव में प्रात:कालीन किसान सभा का आयोजन




**दैनिक शुभ भास्कर, बनमा ईटहरी (सहरसा)।** इफको सहरसा द्वारा प्रखंड बनमा इटहरी स्थित ग्राम पंचायत महारस के खुरासान गांव में पैक्स अध्यक्ष नीरज कुमार निराला की अध्यक्षता में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी आधारित प्रातः कालीन किसान सभा का आयोजन किया गया। जिसमें करीब दर्जनों किसानों ने भाग लिया। नैनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं इफको के अन्य उर्वरक के बारे में विस्तार से बताया गया। जिसमें मुख्य रुप से सत्य रूपम सत्य, सुशांत कुमार, मंडल जी ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि किसानों को इसके शक्ति से लाभान्वित होंगे। इस उर्वरक के सही स्तेमाल से उपज अधिक होती है।

**मामला** तमकुलहा गांव मे एक भाई ने अपने सगे भाई से करीब 36 लाख रुपये ठगे

## भाई ने 36 लाख रुपये ठगने का भाई पर आरोप लगा पुलिस से लगायी न्याय की गुहार



**दैनिक शुभ भास्कर, सोनवर्षा राज (सहरसा)** प्रखंड क्षेत्र के बरैठ पंचायत के तमकुलहा गांव मे एक भाई ने अपने सगे भाई से करीब 36 लाख रुपये ठगने के साथ ही उसके पुश्तैनी निजी हिस्से की जमीन को भी अपने पत्नी के नाम केबाला कर दिए जाने का एक मामला सामने आया है।घटना के बाद पीड़ित भाई ग्रामीणों की पंचायत सहित स्थानीय थाना पुलिस के समक्ष न्याय के लिए दर दर भटक रहा है। आवेदन अनुसार पीड़ित नवीन यादव चार भाईयों में सबसे छोटा है।जो अन्य प्रदेशों में रहकर ठेकेदारी करके अच्छा खासा रुपये कमाकर अपने बड़े भाईयों की मदद करते रहता था।इसी दौरान उसके भाई गाना यादव ने उससे कई किशतों में जमीन खरिदने व घर बनाने के नाम पर करीब 36 लाख रुपए कर्ज लिया तथा बकायदा स्टाम्प पेपर पर लिखकर नवीन यादव को दे दिया।सगे भाई से बड़ी आर्थिक मदद मिलने के बावजूद गाना यादव की नीयत सही नहीं हुई।

उसने अपने भाई के पुश्तैनी हिस्से की करीब 14 कट्ठा जमीन अपनी पत्नी बबीता देवी के नाम केबाला कर दिया।उक्त बाबत पीड़ित नवीन यादव ने बताया कि उसके पिता बिंदेश्वरी यादव ने अपनी कमाई से सभी तीनों भाईयों के नाम अलग अलग जमीन खरीदकर तीनों भाईयों के पुश्तैनी हिस्से को मिलाकर 28-28 कट्ठा जमीन बांट दिया। उसके हिस्से में पिता ने शेष बचे पुश्तैनी जमीन का करीब 29 कट्ठा जमीन छोड़ दिया।जिसपर दो भाईयों द्वारा लिखित सहमति दे दी गई।लेकिन गाना यादव ने लिखित सहमति देने से इंकार कर दिया।सगे भाई द्वारा निजी जमीन और पैसे ठगे जाने के बाद अब नवीन यादव न्याय पाने के लिए दर दर भटक रहा है।पीड़ित नवीन यादव ने बताया कि न्याय पाने के लिए ग्रामीणों की अबतक 21 दफे पंचायत हो चुकी है।लेकिन न्याय नहीं मिलने पर सोनवर्षाराज थाना की शरण ली।लेकिन पुलिस ने भी मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की जगह मामले को ग्रामीणों के पंचायत के मत्थे डाल दिया है।पीड़ित नवीन यादव उस पैसे से अपने हिस्से के पांच कट्ठे जमीन पर सत्संग मंदिर बनाना चाह रहे हैं।उक्त बाबत सोनवर्षाराज थानाध्यक्ष प्रमोद झा ने कहा कि मामले में छानबीन की जा रही है।

## अलग अलग दो स्थानों पर बाइक दुर्घटना में चार जख्मी, सलखुआ अस्पताल में भर्ती





**सिमरी बख्तियारपुर (सहरसा), दैनिक शुभ भास्कर।** अनुमंडल के सलखुआ थाना क्षेत्र के माठा चौक व फनगो होल्ट के बीच स्थित पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार से जा रही बाइक पुलिया से टकराकर दुर्घटना गैस्ट हो गई।बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों ने दोनों जख्मी को इलाज के लिये सलखुआ अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों युवक की पहचान बनमा इटहरी ओपी क्षेत्र के हथमंडल गांव ओपी शर्मा के पुत्र राजेश कुमार (21) व सुरेन्द्र शर्मा के पुत्र मितुष कुमार (20) के रूप में हुई। जख्मी राजेश कुमार ने बताया कि सलखुआ थाना क्षेत्र के महादेवमठ गांव के शिव मंदिर में नाग-नागिन की दर्शन व पूजा अर्चना कर वापस गांव को जा रहे थे कि अचानक पेट्रोल पंप के आगे बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना उनके परिजन को दी।दूसरी घटना में माठा चौक मोड़ पर दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में दोनों बाइक सवार जख्मी हो गये। जिसमें एक पक्ष के बनमा इटहरी के हराहरी गांव की 16 वर्षीय वर्षा कुमारी के पैर व उसके बहनोई नीतीश कुमार के हाथ में चोट आई है। दूसरे पक्ष के बाइक सवार युवक उटेशरा निवासी के भी घायल होने की बात बताई जा रही है। दोनों जख्मी को भी इलाज के लिये सलखुआ अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## ख़ास ख़बर

## आशा कार्यकर्ताओं का सातवें दिन भी जारी रहा हड़ताल



**दावथ (रोहतास)** दावथ प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार के समीप बुधवार को भी आशा कार्यकर्ताओ ने अपनी मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन किया।केंद्रीय ट्रेड यूनियन सेवा महासंघ के आह्वान पर आशा कार्यक्रताओ ने लगातार सातवे दिन भी हड़ताल को जारी रखा। जिसका असर स्वास्थ्य सेवाओं पर देखा जा रहा है। सीएचसी में हड़ताल के पहले मरीजों की संख्या अस्सी से एक सौ बीस तक रहती थी।वहीं इन सात दिनों में ओपीडी में मरीजों की संख्या बहुत ही कम रहा। साथ ही नियमित टीकाकरण से लेकर कई कार्यो पर आशा के बहिष्कार करने से प्रभाव पड़ा है। इसको लेकर आशा यूनियन के प्रखंड अध्यक्ष धर्मशिला कुमारी ने बताया कि सरकार की हठधर्मिता के कारण आशा अधिकार से वंचित सड़क पर हैं। जब तक सरकार हमारी मांगें नहीं मानती है, तब तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी ।

## सीडीपीओ ने बाल विकास परियोजना का अतिरिक्त प्रभार लिया



**दावथ (रोहतास)** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में दावथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सीडीपीओ शिवेश कुमार सिंह से सीडीपीओ सुषमा भलेरिया टोपो ने अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से बातचीत करते उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमारी प्राथमिकता आईसीडीएस द्वारा संचालित सभी योजनाओं को सफलतापूर्वक संचालित करना होगा। साथ ही परियोजना को रोहतास जिला में नंबर एक पर ले जाने का प्रयास करूंगी। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका विमला कुमारी, मालती कुमारी ,प्रखंड समन्वयक अनुपम कुमार लिपिक दीपक कुमार डाटा ऑपरेटर रुक्मिणी कुमारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थें।

## नपं पंचायत बोर्ड की बैठक में विभिन्न योजनाओं पर लगी मुहर


**नासरीगंज (रोहतास)** स्थानीय नगर पंचायत के सभा कक्ष में नगर मुख्य पार्षद शबनम आरा के अध्यक्षता में बोर्ड की बैठक बुधवार को हुई। इस अवसर पर सभी एक से लेकर चौदह वार्डों में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ध्वनि मत से पारित किया गया। सभी वार्डों में दस से बारह लाख की योजना पारित की गई। उक्त योजना में नगर के सभी वार्डों में नली गली समेत अन्य कल्याणकारी कार्य किया गया। नगर में शिघ्र एक पार्क के निर्माण होगा और सम्राट अशोक भवन का निर्माण होगा। सब्जी मंडी बड़ी बाजार में वेन्डिंग जोन का निर्माण होगा। प्रत्येक वार्ड के चौक चैराहे पर यूरिनल सिस्टम लगाया जाएगा जिसमें महिला व पुरुष की अलग व्यवस्था होगी। साथ ही साथ वाटर वैट भी लगाया जायेगा। आवास योजना से वंचित लाभुकों को शीघ्र नगर कार्यालय में फॉर्म भर उक्त योजना का शिघ्र लाभ दिया जायेगा। मुख्य पार्षद ने कहा कि नगर के चहुमुखी विकास के लिए वह कृतसंकल्पित हैं। जिसमें सभी का सहयोग जरूरी है। मौके पर नगर इओ राकेश कुमार, वार्ड पार्षद सन्तोष कुमार, शमशाद अहमद प्रसवी, आशा देवी, कृष्ण कुमार, जयनन्दन प्रसाद, जेडी शर्मा, इशरत बानो, रानी खातुन समेत समस्त नगर कर्मी उपस्थित थे।

## अतिरिक्त विलंब शुल्क 1000 के साथ 20 जुलाई तक भरें स्नातक पार्ट वन का परीक्षा फॉर्म

**मधेपुरा।**भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी कर के स्नातक पार्ट वन परीक्षा-2023 की परीक्षा फॉर्म यूआईएमएस पॉर्टेल द्वारा ऑनलाइन मोड में भरने की तिथि पुनः बढ़ा/वर्द्धित कर दी है।इस बाबत बीएनएमयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो शशिभूषण ने सूचना जारी कर बताया कि स्नातक पार्ट वन परीक्षा के फॉर्म भरने की तिथि विलंब शुल्क एवं अतिरिक्त विलंब शुल्क 1000 के साथ 19 जुलाई 2023 के संध्या 6 बजे से 20 जुलाई 2023 के संध्या 5 बजे तक है। उन्होंने बताया कि परीक्षा फॉर्म भरने संबंधी जानकारी एवं दिशा निर्देश यूआईएमएस पॉर्टेल पर दी गई है।परीक्षा 24 जुलाई से शुरू होगी।

# भारतीय युवक सऊदी अरब देश में बना बंधक, वतन वापसी के लिए देश के प्रधानमंत्री से लगा रहा गुहार

### युवक की अपने वतन इंडिया सकुशल वापसी की गुहार लगाई है।



**नासरीगंज (रोहतास)** स्थानीय नगर के वार्ड 13 हरिहरगंज निवासी नवयुवक रोजी रोटी के तलाश में सऊदी अरब गया और वर्कशॉप में एक टैंक फटने से हुई दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसका इलाज उसके फर्म द्वारा नहीं कराया जा रहा है और न ही उसके वतन भारत भेजने की अनुमति दी जा रही है। उक्त युवक के भाई आजम खान टीपू ने बताया कि उनका 23 वर्षीय भाई मो.कैसर सुल्तान, पिता मो. कैस खान, विगत मार्च 2022 को पासपोर्ट व वीजा बनाकर सऊदी अरब अपने मित्रों के साथ रोजी रोटी कमाने गया था। वह अरब की राजधानी रियाध के %वादी अल दवसीर के सुलैन गांव में वर्कशॉप में कार्यरत था। इस दौरान गत एक जुलाई 2023 को टैंक फटने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गई है और नाक कान से रक्तस्राव हो रहा है। उसे उसके फर्म के द्वारा न तो इलाज कराया जा रहा है और न ही इंडिया जाने की अनुमति दी जा रही है। घायल अवस्था में उसे बंदी बनाकर रखा गया है। उसने घर आने की इच्छा जताई है। परिजनों ने बताया कि उसने एक वीडियो वायरल कर देश के पीएम नरेंद्र मोदी, राज्य के सीएम नीतीश कुमार, विदेश मंत्री, सांसद, विधायक समेत भारतीय दुतावास से घर इंडिया बुलाने की गुहार लगाई है। समय रहते उसे बुलाया नहीं गया तो कोई भी अनहोनी हो सकती है।

इधर राजद के पूर्व नगर उप मुख्य पार्षद सेराजुल हक, युवा जदयू नेता रिजवान फिरदौस, मुख्य पार्षद शबनम आरा, समाजसेवी श्यामुल हक, वार्ड पार्षद इशरत बानो समेत अन्य ने सांसद महाबली सिंह व विधायक अनिता देवी से हस्तक्षेप कर उक्त युवक की अपने वतन इंडिया सकुशल वापसी की गुहार लगाई है। इधर परिजनों पर उक्त सूचना सुन दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सभी का रोरो कर बुरा हाल है। सगे सम्बन्धी व वार्डवासी परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं।

# बारिश के ओझल होते ही किसान परेशान



**संझौली (रोहतास)** बारिश ओझल होने से किसान के चेहरे पीले पड़ने लगे है। एक पखवारा पूर्व बारिश के पहले धान का बिचड़ा सुख रहा था, बिचड़ो में कीड़ों का प्रकोप हो गया था, जिसको लेकर किसान काफी चिंतित थे।

काफी इंतजार के बाद जब बारिश शुरू हुई तो किसानों के चेहरे कुछ समय के लिए खिल उठे थे, किसान युद्ध स्तर पर खेती करने में जुट गए थे।

लेकिन पिछले चार दिनों से बारिश चटकने के कारण फिर किसानों के चेहरे मायूस होने लगे हैं. किसान राकेश कुमार, गया सिंह, मनोज कुमार शर्मा, बटर राम सहित कई किसानों ने बताया कि नहर में पर्याप्त मात्रा में पानी मिल रहा है, फिर भी बगैर बारिश धान की रोपनी करना आसान नहीं होता है। किसानों की माने तो निकल रही कड़ाके की धूप व उमस भरी गर्मी में खेती करना बहुत ही मुश्किल साबित हो रहा है। कड़ाके की धूप में धान रोपनी करने के लिए खेत तैयार करने में कई किसान बीमारी के शिकार हो जा रहे हैं।

एक कहावत है 'धान पान नित्य स्नान' अर्थात धान कि रोपनी करते समय या खेतों में लगाए गए धान को प्रतिदिन बारिश मिलनी चाहिए, तभी धान के पौधों में ग्रोथ बेहतर होता है। कहते हैं कड़ाके की धूप व उमस भरी गर्मी में खेतों में धान की रोपनी कर रही महिलाएं व मजदूर बीमार होने के डर से खेतों में जाने से परहेज करने लगे है।

# मुहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**कोचस (रोहतास)** थाना परिसर में बुधवार को मुहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन, समाजसेवी व बुद्धिजीवियो के साथ शांति समिति की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने की। अध्यक्षता कर रहे प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने कमेटी के लोगों से इस त्यौहार को भाईचारे तथा सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। साथ ही लोगों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात कही।

उन्होंने यह भी कहा कि सोशल नेटवर्क पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले को किसी हाल में बख्शा नहीं जायेगा।

वहीं थानाध्यक्ष अमोद कुमार ने कहा कि अगर कोई भी व्यक्ति इस पर्व के दिन अशांति फैलाने तथा विधि व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश की उसके ऊपर अभिलंब कार्रवाई की जायेगी। इसके साथ-साथ पुलिस के द्वारा सामाजिक तत्वों का भी ख्याल रखा जायेगा। अगर कोई भी व्यक्ति माहौल को खराब करता है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

उन्होंने अभी कहा की ताजिए खेलने वाले को हर हाल में लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। मौके पर थानाध्यक्ष अमोद कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार, आरओ राकेश कुमार, कपसिया मुखिया जिब्राइल सिद्दीकी, चेयरमैन प्रतिनिधि मलिक पासवान, सरेया पंचायत मुखिया विकास तिवारी सहित अन्य जन सेवक उपस्थित थे।

## महामारी बचाव जागरूकता अभियान तहत वितरण हुआ सेनेटरी पैड



**करगहर (रोहतास)** बालिका उच्च विद्यालय में बुधवार को मुख्यमंत्री उघमी योजना के तहत युवराज मेडिको प्राइवेट लिमिटेड प्रबंधक अनामिका सिंह ने सेनेटरी पैड वितरण कर छात्राओ को जागरूक किया गया। विद्यालय की शिक्षिका व छात्राओं ने युवराज मेडिको प्राइवेट लिमिटेड मुहिम से प्रेरित होकर महामारी से होने वाली बीमारियों से बचाव और सेनेटरी पेडस के इस्तेमाल के तरीके पर चार्ट्स बना छात्राओं ने अपना सहयोग दिया।इस अवसर पर मेडिको प्राइवेट लिमिटेड ने छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि हर महीने महिलाओं को होने वाली समस्याओं से रुढ़िवादी सोच के चलते बात करने से बचा जाता हैं। उन्होंने छात्राओं को इन समस्याओं का समाधान बताते हुए कहा कि माहवारी के दौरान खान पान का विशेष ध्यान रखे। इसी के साथ साथ हमे शारारिक ओर मानसिक तौर से सशक्त बनना होगा। साथ ही साथ रूढ़िवादी कुरीतियों से बाहर आकर ही हम कुछ कर सकते है। उन्होनें बताया कि सेनेटरी पैड का वितरण अभियान जिला के सभी विद्यालय, महाविद्यालय में किया जायेगा। मौके फील्ड मैनेजर रवि प्रकाश दीपमाला कुमारी, नुसरत जहा, गुड्डी कुमारी ने सैकड़ों छात्राओं को जागरूक किया।

## मीटर बाईपास बिजली चोरी में दो उपभोक्ता पर लगा 265973रु का जुर्माना

**बिक्रमगंज (रोहतास)** विद्युत बिलिंग गुणवत्ता एवं बकायेदार उपभोक्ताओं की जांच को लेकर मंगलवार को एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा प्रखंड सूर्यपुरा के ग्राम-बारुण ताढ में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताते चलें कि मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर सीताराम सिंह पिता-स्व. मंगरु सिंह पर 113489 रुपये तथा विजय सिंह, पिता-स्व. रामनाथ सिंह पर 152484 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है।

उक्त उपभोक्ता के द्वारा मीटर बाईपास कर एक अलग से तार खींचकर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था। बताते चले कि सहायक विद्युत अभियंता,बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है साथ ही साथ बकायेदार उपभोक्ता का मौके पर ही बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है। जांच दल में कनीय विद्युत अभियंता सूर्यपुरा प्रदीप कुमार प्रजापति, क्षेत्रीय मिस्त्री नीरज रजक, अभिषेक कुमार मौजूद थें।

## सांप के काटने से किशोर की झाड़-फूंक के चक्कर में हुई मौत

**करगहर (रोहतास)** बुधवार को सुबह घर में सोए किशोर को एक जहरीले सांप ने डंस लिया। तेज दर्द होने पर वह जोर से चिल्लाया। जिसे परिवार के लोगों ने झाड़-फूंक के लिए बलिया में स्थित अमवा के सती माई स्थान ले गए। जहां किशोर की स्थिति काफी बिगड़ने लगी तो वे बक्सर स्थित प्रताप सागर अस्पताल में ले गए।

जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना तिलकापुर गांव का बताया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि तिलकापुर निवासी मुनीब पासवान का 15 वर्षीय पुत्र भैरव पासवान घर में सोया था कि 4 बजे सुबह एक जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। तेज दर्द होने पर वह जोर से चिल्लाया तो परिवार के लोग घर में पहुंचे।

जहां उन्होंने देखा कि एक सांप भाग रहा है। तब पता चला कि किशोर को सांप ने ही डंस लिया है। आनन-फानन में वे झाड़-फूंक के लिए अमवा के सती माई स्थान पर ले गए। जहां उसकी स्थिति काफी नाजुक हो गई। तब वे बक्सर के एक मिशन अस्पताल में ले गए। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## नव पदस्थापित बीडीओ के लिए स्वागत समारोह का आयोजन



**काराकाट (रोहतास)** काराकाट के प्रमुख बैजंती देवी एंव पंचायत समिति सदस्य के द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी काराकाट- राहुल कुमार सिंह को अंगवस्त्र एंव बूके से सम्मानित किया गया।

साथ ही विकास के मुद्दे पर विचार विमर्श किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि की हम भरपूर प्रयास करेंगे की काराकाट का विकास हो सके। जो विकास कार्य मेरी पहली प्राथमिकता होगी। मौके पर प्रखंड काराकाट प्रमुख बैजंती देवी,दनवार पंचायत समिति राघवेंद्र सिह, नारायण पासवान,अजय साह,विनोद पांडे, जितेन्द्र पाल, लक्ष्मण साह,अशोक पांडे, पिंटू साह,सुदेश्वर चौधरी,सतेन्द्र मिश्रा, दिपक कुमार, कलाम साह, ओम प्रकाश सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## ठोस-तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का डीडीसी ने किया निरीक्षण

**नासरीगंज (रोहतास)** प्रखंड क्षेत्र के परसिया पंचायत में डीडीसी शेखर आनंद ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का बुधवार को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कचड़ा भवन से लेकर पंचायत के कई गली मोहल्ले का जायजा लिया। साथ ही प्रबंधन इकाई व जनप्रतिनिधियों को कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सफाई कर्मियों से भी बातचीत की और उन्हें बेहतर ढंग से पंचायत के गांवों में साफ सफाई बनाए रखने और कचड़ा उठाव का कार्य करने का निर्देश दिया।

गौरतलब है कि उक्त प्रबंधन इकाई जिले की पहली ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इकाई है। जिसका उद्घाटन गत वर्ष सोलह जुलाई को हुआ था तथा अक्तूबर माह में कचड़ा भवन बन कर तैयार हो गया था। जिसके बाद से यहां एकत्रित कचड़े का प्रबंधन कार्य शुरू हो गया। मौके पर प्रखंड समंवयक चेतन आनंद, मुखिया अनिता देवी और समाजसेवी कौशल कुमार सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता** तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ।

# बी एन एम यू की क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता का हुआ समापन



**मधेपुरा।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा की क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक विभाग के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालय फुटबाल प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में महिला फुटबॉल का फाइनल मुकाबला पार्वती विज्ञान महाविद्यालय ने बीएनएमवी कॉलेज को दो-शून्य से पराजित किया।

पुरुष वर्ग में पार्वती विज्ञान महाविद्यालय की टीम को हराकर एम एल टी कॉलेज सहरसा फाइनल में पहुंचा और टी पी कॉलेज को हराकर ए एल वाई कॉलेज फाइनल में जगह बनाया। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता प्रधानाचार्य अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय में खेल गतिविधियां बढ़ी हैं। मुख्य अतिथि सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि खेल से हमारा शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। विशिष्ट अतिथि क्रीड़ा परिषद् के निदेशक डॉ. मो. अबुल फजल ने कहा कि खेल के क्षेत्र में कैरियर की भी अपार संभावनाएं हैं। समारोह में प्रोफ़ेसर मिथिलेश कुमार डॉ. ए. के. मलिक, उपसचिव डॉ. शंकर कुमार मिश्र, डॉ. सुधांशु शेखर, नंदन कुमार भारती डॉ रामकृष्ण यादव चंद्रशेखर अधिकारी, प्रियरंजन कुमार भानु कुमार राकेश कुमार, शोधार्थी दिलीप कुमार दिल, मणीष कुमार, सौरभ कुमार चौहान आदि उपस्थित थे।

## अवैध रूप से बिजली चोरी में 4 लोगों पर लगा जुर्माना



**बिक्रमगंज (रोहतास)** कनीय विद्युत अभियंता दिनारा, विकाश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बिलिंग गुणवत्ता की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा ग्राम-पिपरी में मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर वीरेंद्र शर्मा पर 5906 रुपये, राम पूजन पांडेय पर 21906 रुपये, संजय सिंह पर 7398 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास कर एक अलग से तार खींचकर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी, जिसके कारण वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था। आगे बताते चले कि ग्राम-नटवार कलां में ही बिना कोई कनेक्शन लिए अवैध रूप से बिजली का उपभोज करने को लेकर कृष्णा कुमार पर 35966 रुपये विभाग को आर्थिक क्षति हुई है। उपरोक्त व्यक्तियों के परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था तथा विद्युत कनेक्शन से संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात नहीं दिखाई गई। सभी अभियुक्तों के खिलाफ नटवार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बताते चले कि सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है साथ ही साथ बकायेदार उपभोक्ता का मौके पर ही बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है। जांच दल में क्षेत्रीय मिस्त्री जितेंद्र शर्मा, सौरभ कुमार, राजेश सिंह, महावीर प्रसाद आदि थें।

## ख़ास ख़बर

## भभुआ हवाई अड्डा के पास ट्रक से भारी मात्रा में शराब की खेप बरामद चालक गिरफ़्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता भभुआं/**देर रात्रि 19 /07/ 2023 को मद्य निषेध बिहार पटना के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक टाटा 1512 मैरून कलर का गाड़ी पर शराब की खेप जा रही है इस सूचना पर वरिय पदाधिकारी को सूचना देते हुए अपर थानाध्यक्ष संजय कुमार पासी के नेतृत्व में पु0अ0 नि0 शशि भूषण कुमार एवं पु0अ0नि0 विकास कुमार तथा थाना के सशस्त्र बल के साथ टीम बनाई गई एवं निगरानी एवं छापामारी हेतु लगाई गई ।रात्रि करीब 1:40 बजे उक्त गाड़ी भभुआं के जयप्रकाश चौक से गुजरी जिसका पीछा करते हुए हवाई अड्डा के पास गाड़ी रोककर तलाशी ली गई तो ट्रक में भारी मात्रा में शराब छुपा कर रखी गई थी त्वरित कार्रवाई करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है चालक अजय कुमार पिता रामदुलार गांव दुगोली खुर्द थाना बदलापुर जिला जौनपुर उत्तर प्रदेश का निवासी है जबकि बरामदगी में एक 6 चक्का ट्रक जिसका रजि0न0 UP80GT-6963 है तथा उस पर छुपा कर रखे गए 133 कार्टून इंपीरियल ब्लू शराब जिसमें प्रति कार्टून 48 बोतल एवं प्रति बोतल में 180द्वद्य विदेशी शराब।( कूल बोतल 6384, मात्रा 1149.12 लीटर एवं 125 कार्टून इंटीरियर ब्लू शराब जिसमें प्रति कार्टून 12 बोतल एवं प्रति बोतल में 750ml विदेशी शराब ।( कुल बोतल 1500 मात्रा 1125.00 लीटर) है साथ में एक जीपीएस एक मोबाइल के साथ चालक को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया है शराब कि खेप उ0प्र0 वाराणसी के अमरा तलाव से लोड कर बिहार के मुजफ्फरपुर जा रही थी।

# आगामी मुहर्रम पर्व-2023 को लेकर विधि व्यवस्था संधारण हेतु डीएम और एसपी ने की समीक्षात्मक बैठक





**अफवाह फैलाने वाले एवं सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करने वाले तत्वों को चिन्हित करते हुए की जाएगी विधि सम्मत कठोर करवाई**

**भभुआ कैमुर/शुभ भास्कर/**शांतिपूर्ण एवं सद्भावना पूर्ण मुहर्रम त्योहार के आयोजन के मद्देनजर अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश उक्त बैठक में आगामी मोहर्रम 2023 के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण हेतु की गई तैयारियों एवं इस संबंध में आवश्यक कदम उठाने के मद्देनजर विस्तृत समीक्षा की गई एवं आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए गए शांतिपूर्ण एवं सद्भावना पूर्ण मुहर्रम त्योहार के आयोजन के मद्देनजर अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश सभी ताजिया जुलूस के लिए अनुज्ञप्ति लेना अनिवार्य संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील स्थलों पर रखें नजर सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि विगत त्योहारों के अवसर पर उत्पन्न हुई समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सभी बिंदुओं, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रों/ स्थलों पर सतत निगरानी रखते हुए समुचित करवाई पूर्व से ही करना सुनिश्चित करेंगे ताकि असामाजिक तत्वों के द्वारा कोई व्यवधान अथवा घटना को अंजाम नहीं दिया जा सके। शांतिपूर्ण एवं सद्भावना पूर्ण त्योहार आयोजन के मद्देनजर संदिग्ध व्यक्तियों और असामाजिक तत्वो के विरुद्ध करें कार्रवाई निर्देशित किया गया कि मुहर्रम त्योहार के अवसर पर विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु पिछली घटनाओं को देखते हुए और असमाजिक तत्व एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध पूर्व से ही धारा 107, 110 के तहत कार्रवाई करते हुए अधिक से अधिक संख्या में बंध पत्र निर्गत करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे कि किस थाना के द्वारा कितने असामाजिक तत्व एवं संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 107 धारा 110 के तहत कार्रवाई की गई। शांति समिति की बैठक करना सुनिश्चित करें सांप्रदायिक सद्भावना बनाए रखने के लिए सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि उक्त त्योहार के अवसर पर शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने हेतु विभागीय निर्देश के आलोक में अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर शांति समिति का बैठक कराना सुनिश्चित करेंगे। थानावार शांति समिति की बैठक हर हाल में कल तक तक हो जानी चाहिए। शांति समिति की बैठक में वर्तमान जनप्रतिनिधियों एवं पूर्व के जनप्रतिनिधियों, संभ्रांत व्यक्तियों को भी अधिक से अधिक संख्या में आमंत्रित करना सुनिश्चित करेंगे। डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध,निर्देश का अनुपालन नहीं करने वाले डीजे संचालको पर कड़ी कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

जुलूस रूट का भौतिक सत्यापन कर लें एवं जुलूस में घातक हथियारों/शस्त्र प्रदर्शन प्रतिबंधित मोहर्रम कमिटी के साथ बैठक करना सुनिश्चित करें सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया कि मुहर्रम पर्व के अवसर पर ताजिया रखने वाले स्थानों के संवेदनशीलता एवं अति संवेदनशीलता की पहचान करते हुए उसके अनुसार संबंधित स्थलों पर मोहर्रम कमेटी के साथ शांति समिति की बैठक करना सुनिश्चित करेंगे निर्देश दिया गया कि मुहर्रम के अवसर पर निकलने वाले जुलूस एवं अन्य प्रकार के अवसरों पर वीडियोग्राफी करवाई जाए ताकि असामाजिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध तत्काल कार्रवाई की जा सके। सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह को बल देने वाले असामाजिक तत्वों को अभी से ही चिन्हित करने का निर्देश दिया गया।

निर्देश दिया गया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म के माध्यम से सामाजिक सौहार्द में खलल डालने वाले असामाजिक तत्वों को के विरुद्ध कठोर विधि सम्मत कठोर कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी BDO, सभी CO ,सभी थाना अध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित थे।

## मोहनिया थाने में शांति समिति की बैठक में शांतिपूर्ण मुहर्रम मनाने का लिया गया निर्णय




**शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर।** मुहर्रम पर्व को लेकर थाना परिसर में बुधवार को एसडीएम सत्येंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें अधिकारियों के साथ मोहनिया प्रखंड क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।मौके पर सर्वसम्मति से मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया अधिकारियों ने लोगों से मुहर्रम पर्व के दौरान सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के साथ प्रशासन को पर्याप्त सहयोग की अपील की थानाध्यक्ष ललन कुमार ने कहा कि पर्व में खलल डालने वाले असमाजिक तत्वों पर करवाई होगी।एसडीपीओ फैज अहमद खान ने कहा कि मुहर्रम के लिये लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। कहा कि लाइसेंस लेने वाले कमेटी के सदस्यों का आवेदन पर फोटो एवं मोबाइल नंबर के साथ ताजिया जुलूस के लिए रुट मैप अनिवार्य रूप से अंकित होना चाहिए। बैठक में मोहनिया थाना अध्यक्ष ललन कुमार एसडीपीओ फैज अहमद खान अंचलाधिकारी मोहनिया प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहनिया भाग-3 की जिप सदस्य गीता पासी लखन पासवान दीनानाथ सिंह शिव जी गुप्ता खुर्शीद असलम याहिया खान सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## नो एंट्री में घुसे तीन मालवाहक वाहनों को मोहनिया पुलिस ने पकड़ा वसूले जुर्माना




**शशिकांत शुक्ल/शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर।** कैमुर पुलिस अधीक्षक के आदेश का वाहन चालकों पर कतई असर नहीं है।नो एंट्री नियमों का उल्लंघन करते बुधवार को एक नहीं बल्कि तीन मालवाहक वाहन पकड़े गए।मोहनिया पुलिस ने नो एंट्री उल्लंघन में सभी वाहनों से करीब 6 हजार रुपये जुर्माना वसूला।शहर में सुबह नव से रात नव बजे तक बड़े वाहनों की नो एंट्री है। दरअसल भीड़ भाड़ होने के कारण बड़े वाहनों के बाजारों में घुसने से शहर की रफ्तार थम जाती है। शहर में स्कूलों के खुलने एवं बंद होने के समय सुबह में सात से साढ़े सात एवं दोपहर में एक से ढाई बजे तक सभी तरह के बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक है। पुलिस अधीक्षक का आदेश जारी हुए है लेकिन उसके बावजूद वाहन चालक नियमों की अनदेखी करने से बाज नहीं आ रहे हैं।मोहनिया पुलिस नो एंट्री जोन में भ्रमण को निकली तो चांदनी चौक के समीप दोपहर में लागू नो एंट्री के समय तीन ट्रक मिल गए।मोहनिया पुलिस के हत्थे चढ़ने पर वाहन चालकों को एसपी के फरमान की याद आ गई। बचाव में बोले कि भूलवश आ गया, आज छोड़ दो आगे से नजर नहीं आएंगे। मोहनिया थाना अध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि पकड़े गए तीन वाहनों पर ?6000 का फाइन किया गया है फाइन करने के उपरांत ट्रकों को छोड़ दिया गया **नो एंट्री का हो प्रचार प्रसार**–नो एंट्री के नए नियम शहर में लागू कर दिए गए हैं। बाहर से माल लोड कर पहुंचने वाले वाहन चालकों को नए आदेश-निर्देश की जानकारी नहीं है। लिहाजा आए दिन कोई न कोई वाहन चालक नियमों की अनदेखी में पकड़ा ही जा रहा है। जागरूकता के लिए पुलिस को भी चाहिए कि होर्डिंग्स लगाए। कारोबारियों को अलर्ट करे ताकि ट्रांसपोर्ट की गाड़ियां नो एंट्री जोन के बारे में भली भांति जाने सकें।

## डीएम ने निबंधन एवं परामर्श केंद्र का औचक निरीक्षण किया



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो सुनील कुमार/सासाराम (रोहतास)।** जिला पदाधिकारी रोहतास धर्मेंद्र कुमार द्वारा जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र मोकर का बुधवार पूर्वाह्न 10:00 बजे औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में निम्न निर्देश दिये गये।जिला पदाधिकारी द्वारा बिहार स्टूडेंड क्रेडिट कार्ड में भुगतान की समीक्षा की गयी। जिसमें पाय गया कि लम्बे समय से प्रथम एवं द्वितीय किस्त की राशि का भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में प्रबंधक, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र को निर्देश दिया गया कि जिला पदाधिकारी के स्तर से वित्त विभाग को यथा शीघ्र भुगतान करने के संबंध में अनुरोध करना सुनिश्चित करेंगें।प्रबधंक द्वारा बताया गया कि जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र के भवन से पानी निकासी की व्यवस्था नहीं रहने के कारण समस्या हो रही है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल सासाराम को निदेश दिया कि स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगें।निरीक्षण के क्रम में सभी 04 गृह रक्षक, 24 एकल विंडो ऑपरेटर के साथ सभी 04 सहायक प्रबंधक स्थल/ कार्यालय में उपस्थित पाये गये।सभी उपस्थित पदाधिकारी एवं कर्मीगण द्वारा बॉयोमेट्रिक डिवाईस के माध्यम से उपस्थिति दर्ज की जा रही है।साथ ही जिला पदाधिकारी द्वारा प्रबंधक, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र को निर्देश दिया गया कि कुशल युवा कार्यक्रम, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता एवं बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगें।

# अंचलाधिकारी अपने दायित्वों के निर्वहन करने में दिख रहे असमर्थ








**(देश की भविष्य का संसाधन खतरे में पंचायत के मुखिया सहित पंचायत वासी परेशान)**

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर/**कैमूर- जिला के कुदरा प्रखंड अंतर्गत देवराढ़ कलां खुर्द पंचायत के करमा गांव स्थित, उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रांगण अतिक्रमणकारियों के गिरफ्त में, अंचलाधिकारी अपने दायित्व के निर्वहन करने में दिख रहे असमर्थ, देश की भविष्य का संसाधन खतरे में देख पंचायत के मुखिया सहित ग्रामवासी परेशान। आपको बताते चलें कि सरकार द्वारा सख्त निर्देश दिया गया है, कि आनाबाद सर्वसाधारण व आनाबाद बिहार सरकार की भूमि किसी के द्वारा भी अतिक्रमण किया गया हो, अंचलाधिकारी व राजस्व कर्मियों के द्वारा स्वत- संज्ञान में लेते हुए, अतिक्रमण मुक्त कराया जाना चाहिए।

इतना ही नहीं इस मामले में कोर्ट का भी सख्त आदेश है। भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 441 भूमि एवं संपत्ति के अतिक्रमण पर लागू होती है। जिसके तहत भूमि अतिक्रमण करने पर जुर्माने का प्रावधान है।

यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसे जुर्माना और 3 महीने तक की कैद हो सकता है। पर कैमूर जिला में धरातल पर देखा जाए तो भू माफिया व अतिक्रमणकारियों से संबंधित अधिकारियों का चोली दामन का रिश्ता है।

अभी ताजा मामला कुदरा प्रखंड के देवराढ़ कलां खुर्द पंचायत के करमा गांव में देखने को मिलेगा। करमा गांव अंतर्गत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रांगण में अतिक्रमणकारियों द्वारा विद्यालय की भूमि को अतिक्रमण कर गृह निर्माण कार्य कराया गया है।

जिसके विरुद्ध संबंधित अधिकारियों द्वारा स्वत- संज्ञान लेते हुए अतिक्रमण मुक्त कराने की बात तो छोड़ दिया जाए। यहां तो ग्राम वासियों व पंचायत के मुखिया द्वारा बार बार आवेदन देने के बावजूद भी, अंचलाधिकारी द्वारा सिर्फ लीपापोती करने के अलावा, विद्यालय की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की ओर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

बच्चे राष्ट्र के भविष्य हैं, और बच्चों के लिए उपलब्ध संसाधन का अतिक्रमण राष्ट्र के भविष्य से खिलवाड़ है। संदर्भ में जानकारी देते हुए पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर यादव द्वारा बताया गया, कि अंचलाधिकारी पंकज कुमार सिंह हम सभी ग्रामवासी अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने व भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अनेकों बार आवाज उठा चुके। लिखित तौर पर भी गुहार लगा चुके हैं।

जिससे कि विद्यालय की भूमि अतिक्रमण मुक्त होने के उपरांत विद्यालय परिसर की चारदीवारी कराया जा सकें।

चारदिवारी ना होने की वजह से बच्चे बाहर निकल जाते हैं, जिससे कि कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, क्योंकि विद्यालय परिसर से सटे सड़क है। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद भी अंचलाधिकारी द्वारा विद्यालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त न करा पाना, अंचलाधिकारी के दायित्वों के निर्वहन करने में असमर्थता प्रतीत होता है।

जिससे कि राष्ट्र की भविष्य का संसाधन खतरे में दिख रहा है?। पंचायत के मुखिया चंद्रशेखर यादव के साथ ही ग्रामवासी अजय पासवान बाबूराम फागूराम फिरोज खान सुभाष यादव प्यारेलाल रामलाल सिंह उमर अंसारी दिवाकर यादव नीरज यादव इत्यादि के द्वारा मीडिया के माध्यम से उच्च अधिकारियों से गुहार लगाया गया कि विद्यालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त करा गांव के भविष्य की संसाधन को सुरक्षित किया जाए।

## सहायक आयुक्त मघ निषेध कार्यालय का डीएम ने औचक निरीक्षण किया



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो सुनील कुमार/सासाराम (रोहतास)।** जिला पदाधिकारी रोहतास धर्मेंद्र कुमार के द्वारा सहायक आयुक्त मद्य निषेद्य कार्यालय रोहतास का औचक निरीक्षण किया गया। दिनांक 05.06.2023 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार, पटना कर कमलों द्वारा इस कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। निरीक्षण के क्रम में निम्नवत पाया गया । जिसमें सहायक आयुक्त, मद्य निषेद्य द्वारा बताया गया कि भवन में एक हाजत, एक मालखाना, पुलिस एवं महिला बैरक अवस्थित है। जिला पदाधिकारी रोहतास द्वारा निर्देश दिया गया कि वाहन के नीलामी क्रेता की अपेक्षित राशि के संबंध में सभी अनुमण्डल पदाधिकारी एवं विधि शाखा से प्राप्त आंकड़ों के पश्चात राशि की वापसी हेतु नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगें।सहायक आयुक्त द्वारा बताया गया कि सभी अनुमण्डल पदाधिकारी को पाँच-पाँच उत्पाद गृह रक्षक उपलब्ध कराया गया है, परन्तु अपेक्षित कार्रवाई की संख्या कम है। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी अनुमण्डल पदाधिकारी से कार्रवाई प्रतिवेदन प्राप्त कर दिनांक 04.08.2023 को अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थापित करें। अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में संबद्ध उत्पाद गृह रक्षक को अन्यत्र प्रतिनियुक्त किया जायेगा।

**निरीक्षण** बहुअरा हाई स्कूल में साइंस टीचर की कमी पाई गई

## कक्षा 9 के अध्यापन पर्यवेक्षण में उपस्थित बच्चे प्रधानमंत्री का नाम नहीं बता पाए








**भभुआ कैमुर/शुभ भास्कर/** जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार के द्वारा चांद प्रखंड अंतर्गत दुलही पंचायत का औचक निरीक्षण किया गया।राज नियंत्रित मध्य विद्यालय बहुआरा मे निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा बच्चों के बीच बैठकर शैक्षणिक गुणवत्ता को परखा गया। कक्षा पाँच के छात्र देश का नाम नहीं बता पाया जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा खेद व्यक्त करते हुए विषय के आलावा भी बच्चों को अन्य क्षेत्र से अवगत कराने का निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र बहुअरा कोड संख्या 35 के निरीक्षण के क्रम में 30 में 24 बच्चे उपस्थित पाए गए। सेविका द्वारा बताया गया कि भारमापक मशीन उनके घर पर है जिला पदाधिकारी द्वारा भार मापक मशीन केंद्र पर रखने एवं नियमित बच्चों के भारमाप करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा बताया गया कि 3-4 माह पूर्व ही उनके द्वारा राशन कार्ड हेतु ऑनलाइन किया गया था परंतु अभी तक राशन कार्ड नहीं बना।

जिला पदाधिकारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को यथाशीघ्र राशन कार्ड बनाने का निर्देश दिया गया। नल जल योजना के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि वार्ड संख्या 4 के नल जल का स्टैंड पोस्ट से एक टंकी नीचे गिर कर टूट गया है एवं एक टंकी स्टैन्ड पोस्ट के ऊपर उल्टी पड़ी है। परंतु जलापूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। जिला पदाधिकारी द्वारा BPRO को तुरंत टंकी लगाने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा प्रोग्राम ऑफ़िसर को बहुअरा तालाब को अमृत सरोवर अंतर्गत लेने का निर्देश दिया गया।

# प्राचीन शिव मंदिर के मरमती निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग रेलवे से,महिलाओं ने गोपालगंज गौरक्षणी सासाराम में किया





**कैमुर रोहतास/**सासाराम प्राचीन शिवजी पार्वती माता के मंदिर के मरमती निर्माण कार्य सासाराम रेलवे द्वारा गोपालगंज गौरक्षणी में रोक हटाने की मांग सैकड़ों महिलाओं ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन करके की है,सभि महिलाओं के बुलाए पर पहुंचे आशुतोष सिंह अधिवक्ता समाजसेवी एनसीपी नेता ने प्रदर्शन कर रहे सभी महिलाओं को समझा-बुझाकर शांत कराये, शांतिपूर्वक रेलवे से मांग किया गया की प्राचीन शिवजी का मंदिर जो 200 वर्षो पुराना है इसका मरमती निर्माण कार्य पर रोक हटाए और मंदिर में मरमती कार्य होने दे,रेलवे ~सासाराम से महिलाओं ने शांतिपूर्वक प्रदर्शन करके अपनी मांगे रखी,सैकड़ों महिलाओं ने कहा कि 200 वर्ष पुराने शिवजी के मंदिर में सालों भर 365 दिन भजन कीर्तन पूजा किया जाता है,जिसमें सावन के महीना में बारिश में भीगने के चलते महिलाओं द्वारा मरमती निर्माण मंदिर में चंदा इकट्ठा करके करवाया जा रहा था,जिसमें सासाराम रेलवे स्टेशन के द्वारा काम को रुकवा दिया गया है,सभी महिलाओं ने यह मांग किया की भगवान शिव जी के मंदिर में सैकड़ों महिलाओं को भजन कीर्तन पूजा करने में कठिनाई होने लग रही है,बारिश के दिनों में बारिश और फ़िर धूप से परेशानी हो रही है,इसलिए मरमती कार्य होने दे,रेलवे सासाराम से बिनती हे भगवान के मंदिर पर नरमी बरते,कानूनी शक्ति नहीं दिखाइये, शांतिपूर्वक मांग करने वाले महिलाओं समाजसेवी में मुख्य रूप से आशुतोष सिंह अधिवक्ता समाजसेवी एनसीपी नेता, राजू यादव, श्याम निवास मिश्रा, राहुल राज, शुभांती देवी, आशा देवी, सनझारो देवी, लोलति देवी, चमेली कुंवर, ललिता देवी, गीता देवी, शांति देवी, माधुरी देवी, उर्मिला देवी, पिंकी देवी, सुधा देवी, कौशल्या देवी, कुंती देवी, सुबोध मिश्रा, सोनू कुमार, शिवम कुमार, कन्हैया सिंह, बैजनाथ सिंह, सरवन कुमार सैकड़ों महिला-पुरुष शांतिपूर्वक मांग किये

खास ख़बर

# ज़िला प्रशासन द्वारा डीएमएफटी मद अंतर्गत देसी मक्का एवं देशी बरबट्टी बीच का किया गया वितरण



**साहिबगंज-** वितीय वर्ष 2020-21 मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत तालझारी प्रखंड में शत प्रतिशत अनुदान पर गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले अनुसूचित जनजाति के लाभुकों को सांकेतिक रूप से बोरियो विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोबिन हेंब्रम के हाथों बतख चूज़ा का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा जिले के आदिम जनजातीय किसानों की प्रगति हेतु डीएमएफटी मद अंतर्गत पहाड़िया किसानों के बीच देसी मक्का एवं देशी बरबट्टी के बीच का वितरण डाकिया के माध्यम से किया जा रहा है। वहीं ज़िले के 48 पंचायत के 335 गांव में 43,382 किसानों को देशी मक्का एवं 25,929 किसानों को देशी बरबट्टी के बीज़ का वितरण किया जाना है। वही तालझारी प्रखंड के 135 गांव के 2,853 पहाड़िया किसानों को उक्त दोनों बीज का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में बोरियो विधानसभा क्षेत्र के विधायक लोबिन हेंब्रम द्वारा पशुधन विकास योजना के साथ साथ किसानों को मक्का एवं बरबट्टी के बीज़ का भी वितरण किया गया। इस दौरान तालझारी प्रखंड विकास पदाधिकारी साइमन मरांडी, एटीएम, बीटीएम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड स्तर के कृषि एवं पशुपालन विभाग के कर्मीगण एवं अन्य उपस्थित थे।

# जल संसाधन विभाग देवघर के अधिकारी ने लिया शोभापुर में कटाव का जायजा



**राजमहल-** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोकीमपुर पंचायत के शोभापुर तथा कमलैन बगीचा में गंगा कटाव की स्थिति का जायजा लेने ने बुधवार जल संसाधन विभाग देवघर के अधीक्षण अभियंता पीपी सिंह, कार्यपालक अभियंता जे. रजवार एवं उनके साथ गंगा पंप नहर साहिबगंज के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता भी शामिल थे। इस दौरान अधीक्षण अभियंता पीपी सिंह ने बताया कि इन दिनों गंगा नदी का जलस्तर काफी तेजी से बढ़ रहा है जहां उक्त स्थल पर गंगा कटाव हर वर्ष होता है। वही पिछले वर्ष करीब आठ करोड़ रूपए की लागत से कटाव निरोधक कार्य बोल्डर पिचिंग, लोहा पाईनिंग का काम हुआ था मगर किन्हीं कारणों से कुछ भाग बोल्डर पिचिंग का काम यहां धंसा भी है। वही गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने से इसका कटाव पर असर हो रहा है या नहीं, कहीं और अधिक कटाव की संभावना न बने आदि तथ्यों को देखा गया।

फिलहाल अभी यहां कटाव की स्थिति सामान्य है। ईद मौके पर स्थानीय ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों को बताया है कि जिस जगह बोल्डर पिचिंग का काम धंसा है वहां लोहा पाईनिंग का काम नहीं किया गया था जिसके कारण अब यह धीरे धीरे और अधिक नीचे की ओर धंस रहा है और बोल्डर नदी की ओर जा रहे हैं। वही इसे अगर समय रहते यदि नहीं रोका गया तो शायद पुनः यहां कटाव की भयावह स्थिति उत्पन्न हो जायेगी।

# मारपीट मामले में प्राथमिकी दर्ज

**राजमहल-** थाना क्षेत्र के पश्चिमी जामनगर निवासी रीता देवी ने जान मारने की नीयत से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए 10 लोगों के विरोध राजमहल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जहाँ इस मारपीट मामले को लेकर रीता देवी ने बताया कि गांव के ही निभाई मंडल, भोला मंडल, लाल बिहारी मंडल, डब्लू मंडल, मधु मंडल, संतोष मंडल, प्रीतम मंडल, सुधीर मंडल, घिशु मंडल सभी लोगों ने मिलकर 21 जून 2023 को दिन के 1 बजे नाजायज मजमा बनाकर सभी लोग हथियार से लैस होकर मेरे घर में घुस गए और गाली गलौज करते हुए सभी लोग मेरे साथ मारपीट करने लगे। वही मारपीट मामले को लेकर राजमहल थाना में थाना कांड संख्या 199/23 में प्राथमिकी दर्ज कराई है जहां पूरे मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

# सेमेस्टर 1 की परीक्षा में गलत प्रश्नपत्र देने से छात्र नाराज, एनएसयूआई ने प्रधानाचार्य को सौंपा ज्ञापन



**बरहरवा-** जिला अंतर्गत बीएसके कॉलेज महाविद्यालय, बरहरवा में एनएसयूआई स्टेट चेयरमैन थॉमस रॉबर्ट की उपस्थिति और कॉलेज महासचिव सोयेब अख्तर के नेतृत्व में सेमेस्टर 1 के सत्र 2022-26 के फाइनल परीक्षा आईवीएस में जो दिनांक 17 जुलाई 2023 को हुई थी, में छात्रों को अपने सब्जेक्ट के प्रश्नों को ना देकर दूसरे सब्जेक्ट का प्रश्न दे दिया गया था जहां इस मुद्दे को लेकर एनएसयूआई कॉलेज इकाई एकजुट होकर प्रधानाचार्य से इन छात्रों का भविष्य खराब ना हो इसके लिए ज्ञापन दिया। वही इसको लेकर थॉमस रॉबर्ट ने बताया कि वर्तमान समय में एसकेएमयू विश्वविद्यालय दुमका अंतर्गत सभी महाविद्यालयों में सेमेस्टर 1 (2022-26) की परीक्षा चल रही है जिसमें बीएसके महाविद्यालय में चल रहे सेमेस्टर वन की फाइनल परीक्षा में दिनांक 17 जुलाई 2023 को डिजिटल मार्केटिंग के जगह पर एडवरटाइजमेंट मैनेजमेंट का प्रश्न प्रपत्र (क्वेश्चन पेपर) बांटकर परीक्षार्थियों से परीक्षा पूरी कराई गई। वही कुछ छात्रों ने जब इसका विरोध किया तो परीक्षा भवन में उपस्थित निरीक्षक द्वारा किसी प्रकार का कोई संज्ञान नहीं लिया गया ऐसे में एनएसयूआई इस घोर अन्याय का विरोध करते हुए महाविद्यालय प्रशासन से यह मांग करती है कि परीक्षार्थियों को दूसरे विषय का प्रश्न पत्र देखकर उनके भविष्य के साथ जो खिलवाड़ किया गया है उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

स्पष्ट है कि गलत प्रश्न पत्र में परीक्षा के लिए जाने के कारण उन छात्रों का फेल होना निश्चित है ऐसे में वो प्रमोटेड होंगे और उनका अंकपत्र सदा के लिए एक्स रेगुलर का बनेगा।

वही इतने बड़े अपराध के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा क्या कार्रवाई की गई है

एनएसयूआई इसका लिखित जवाब चाहती है अन्यथा छात्रों के साथ हुए इस घोर अन्याय के लिए महाविद्यालय प्रशासन को व्यापक विरोध का सामना करना पड़ेगा। इस मौके पर सचिव एमादुर रहमान, सक्रिय सदस्य जामील अख्तर समेत अन्य पदाधिकारी एवं कई छात्र मौजूद थे।

# आदित्य यादव बने कांग्रेस महासचिव, कहा- राज्य सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुँचाऊँगा



**बरहरवा-** युवा कांग्रेस के राजमहल विधानसभा अध्यक्ष आदित्य यादव के कांग्रेस में बढ़ती सक्रियता एवं उसके कार्यो को देखते हुए पार्टी ने उन्हें कांग्रेस का जिला महासचिव नियुक्त किया। जहां सूबे के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के बरहरवा प्रखंड के इस्लामपुर स्थित आवास में मंत्री आलमगीर आलम ने आदित्य यादव को कांग्रेस के जिला महासचिव के मनोनयन पत्र दिया और सँगठन के महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वाह करते हुए पार्टी को मजबूत करने का निर्देश दिया। वही आदित्य यादव ने इसके लिए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, मंत्री आलमगीर आलम, जिलाध्यक्ष बरकत खान के प्रति आभार प्रकट किया। वही उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ उन्हें जो दायित्व दिया है उसे वो पूरी ईमानदारी पूर्वक निभाते हुए संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा। साथ ही राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगो के बीच पहुँचाने का काम करूंगा। वही श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान के बारे में लोगो को बताऊंगा। वही आदित्य यादव के जिला महासचिव बनने पर बासकीनाथ यादव, उदय लखवानी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुकूल चंद्र मिश्रा, तनवीर आलम, परवेज आलम, मो. रहीम, नेहाल अख्तर, एनुल हक, रंजीत यादव, मनीष यादव, असगर अफरीदी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष एखलाख नदीम, कुंदन यादव, गांधी यादव, मुकेश यादव, मुन्ना यादव, सोनू यादव, जय कुमार यादव सहित अन्य कांग्रेसी नेताओं ने बधाई दी है।इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष बरकत खान, कांग्रेस ओबीसी जिलाध्यक्ष अजय कुमार यादव, अश्वनी आनंद, रंजीत टुडू मौजूद थे।

# मध्य विद्यालय नयाबाजार के शिक्षक हुए सेवानिवृत्त, विदाई समारोह का हुआ आयोजन




**राजमहल-** शहर के वार्ड नंबर 9 स्थित मध्य विद्यालय नयाबाजार में बुधवार को शिक्षक बैजू रविदास के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जहां इस विदाई समारोह कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार ने किया। वही मंच का संचालन शिक्षक असलम अंसारी कर रहे थे। वही विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा विभाग के बीईओ जलेश्वर कुमार उपस्थित थे। इस दौरान बीईओ ने कहा कि सरकारी नौकरी करने वाले सभी के ऊपर सरकारी प्रक्रिया होती है जिसके तहत उम्र सीमा तय की जाती है जिससे सभी को एक दिन तबादला एवं विदाई लेना पड़ता है।

वही विदाई समारोह के उपलक्ष्य में प्रधानाध्यापक ने सेवानिवृत्त शिक्षक बैजू रविदास को शॉल एवं सूटकेस से भरा सामग्री देकर सम्मानित किया। वही स्कूली बच्चों के द्वारा विदाई समारोह के उपलक्ष्य में विदाई का गीत गाकर शिक्षक को विदाई दिया। वही अपने संबोधन भाषण में दिलीप कुमार ने कहा की शिक्षक बैजू रविदास का जन्म 1963 को हुआ था जहां इनका पहला योगदान 1988 को प्राथमिक विद्यालय बरहेट छोटा उदासी में हुआ था। इसके बाद वे प्राथमिक विद्यालय बिशनपुर बरहरवा, प्राथमिक विद्यालय जामनगर से मध्य विद्यालय नया बाजार में योगदान किया। वही उन्होंने सेवाकाल में साढ़े 36 वर्षों तक शिक्षक ही नहीं अभिभावक के रूप में बच्चों को शिक्षा दिया। जहां इन्होंने अपने अथक प्रयास से छात्रों को पठन पाठन की संपूर्ण भावना का विकास कर आदर्श नागरिक बनकर देश का नव निर्माण करने का सहयोग प्राप्त हुआ है।

वही इनकी सेवानिवृत्त 30 जून 2023 को हुई जो एक भाविक प्रक्रिया है। वही उन्होंने कहा कि आपका कार्य क्षेत्र बदलेगा लेकिन हम शिक्षकों छात्र एवं अभिभावक के ह्रदय में आपका अमित छाप रहेगा। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधन समिति अध्यक्ष रिंटू घोष, बीआरसी, बीपीओ मोहन कुमार, कौशल कुमार, शिक्षक अशोक कुमार झा, सविता घोष, अशोक कुमार हलदर, जितेंद्र कुमार, गोपाल कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# आरपीएफ जवानों ने पश्चिमी रेलवे फाटक पर चलाया जागरूकता अभियान



**साहिबगंज-** रेलवे सुरक्षा बल की ओर से साहिबगंज रेलवे स्टेशन में तथा गाड़ी संख्या 13235 अप के यात्रियों को आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी क्रिस्टोफर किस्कू, उपनिरीक्षक सरोज कुमार, उपनिरीक्षक डी. के. बंसीवाल, सहायक उप निरीक्षक आर. के. तिवारी के द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 82 स्पेशल पश्चिमी रेलवे गेट में जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें आमलोगों से बंद गेट के दौरान लेवल क्रॉसिंग में पास करने के संबंध में तथा चलती ट्रेन में पत्थर नहीं फेकने के संबंध में, जहां तहां कचरा नहीं फेंकने, जब गेट बंद हो तो गेट के अंदर से पार नहीं करने के बारे में जागरूकता फैलाई गई। वही बताया गया कि रेलवे गेट बंद रहने के दौरान अगर आमजन इसको क्रॉस करते हैं तो ऐसे में आपकी जान जा सकती है। वही रेलवे स्टेशन व रेलवे लाईन के किनारे गंदगी नहीं फैलाने के संबंध में, टोल फ्री नंबर 139 के बारे में रेलवे ट्रैक पार नहीं करने, रेलवे परिसर में धूम्रपान नहीं करने इत्यादि चीजों के बारे में बताया गया तथा सतर्क रहने के बारे में बताया गया।

# टीवी मुक्त अभियान को लेकर पंचायत सचिवालय में हुई बैठक



**बरहेट-** प्रखंड क्षेत्र के सिमड़ा पंचायत भवन सभागार में पीरामल फाउंडेशन की ओर से टीवी मुक्त अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। जहां इस बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया दिलीप मालतो ने किया। वही पीरामल फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पप्पू कुमार घोष, जिला कार्यक्रम समन्वयक रवि रंजन कुमार मौजूद थे। वहीं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पप्पू कुमार घोष ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत के सभी वार्ड, समाजसेवी के सहयोग से टीवी मुक्त अभियान बनाया जा सकता है। वही पंचायत के मुखिया दिलीप महतो ने कहा कि टीवी से ग्रसित लोगों को सरकार निशुल्क उपचार करा रही है अगर ऐसे मामले आए तो वह स्थानीय जनप्रतिनिधि को सूचना दे ताकि हर संभव मदद की जा सकें। इस मौके पर वार्ड सदस्य पंचायत सचिव एवं अन्य उपस्थित थे।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के छात्राओं के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान



**बोरियो-** राष्ट्रीय वैक्टर जनित रोग नियंत्रण केन्द्र साहिबगंज के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो के अंतर्गत कस्तूरबा गाँधी आवसीय बालिका विद्यालय में छात्राओं के बीच वेक्टर जनित रोग कालाज़ार, मलेरिया, फ़ाईलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया एवं जेई से संबंधित विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां इस जागरूकता कार्यक्रम में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सालखु चन्द्र हांसदा एवं आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विवेक भारती के द्वारा संयुक्त रूप से सभी छात्राओ को मलेरिया, फाईलेरिया, कालाज़ार, डेंगू, चिकनगुनिया और जेई जैसे बीमारी के फैलने के कारण, लक्षण, उपचार एवं रोकथाम आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गईं। साथ ही साथ छात्राओं के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमे प्रथम स्थान सोम्पा कुमारी, द्वितीय स्थान हिना कुमारी एवं तृतीय स्थान लक्ष्मी कुमारी ने प्राप्त किया। उधर सभी चयनित छात्राओ को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। साथ ही साथ छात्राओ को साफ सफाई के साथ रहने, सोते समय प्रतिदिन मच्छरदानी का प्रयोग करने कों कहा गया तथा साथ ही पानी को उबाल कर पीने को कहा गया। वही ताजा भोजन का सेवन करने इत्यादि की सलाह दी गई।

बैठक

विद्यार्थियों की समास्याएं को देखते हुए ग्रामीणों ने मध्य विद्यालय प्राणपुर की प्रांगण में बैठक आयोजित

# उधवा के प्राणपुर में उच्च विद्यालय स्थापना की हुई मांग!, लंबे समय से दियारा वासी एक उच्च विद्यालय स्थापना की आस लगाए बैठे हैं




**उधवा-** प्रखंड क्षेत्र में उच्च विद्यालय की कमी झेल रहे विद्यार्थियों की समास्याएं को देखते हुए ग्रामीणों ने मध्य विद्यालय प्राणपुर की प्रांगण में एक बैठक आयोजित किया। बैठक में दक्षिण पलाशगाछी, पूर्वी प्राणपुर एवं पश्चिमी प्राणपुर के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य शामिल हुए। इस दौरान पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी हिस्सा लिया। बैठक में प्राणपुर में एक उच्च विद्यालय की स्थापना की मांग पर चर्चा की गई। जिसमें ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने मध्य विद्यालय प्राणपुर को अपग्रेड करने की प्रस्ताव लिया। ज्ञात हो कि उधवा प्रखंड में आठ उच्च विद्यालय है। परंतु विद्यार्थियों की संख्या में अत्यधिक बढ़ोतरी होने के कारण यह भी पर्याप्त नहीं है। क्षेत्र में उच्च विद्यालय की संख्या में वृद्धि करने की जरूरत है। वहीं सेंशन 2023-2024 में नामांकन लेने हेतु प्रखंड के सभी मध्य विद्यालय के बच्चे दरबदर भटक रहे है। विगत एक साप्तह से विद्यार्थी उनके अभिभावकों के साथ रोजाना उच्च विद्यालय फुदकीपुर, अमानत, श्रीधर, अतापुर, राधानगर, बेगमगंज, उधवा, जोंका में चक्कर काट रहे है। सुबह घर से निकलते हैं और शाम तक लंबी पंक्ति में खड़ा रहकर नामांकन करवाते हैं। लेकिन आलम यह हो गया कि अमानत, फुदकीपुर, श्रीधर, अतापुर उच्च विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया में पुरा ब्रेक लगा दिया है। जिससे विद्यार्थी एवं अभिभावक परेशानी के आलम में है। लगातार विद्यालय के चक्कर काटने से अभिभावकों अपने बच्चे को पढ़ाने से मुंह मोड़ रहे है। ऐसे में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने बच्चे की समास्याएं को देखते हुए लगातार प्रयास कर रहे थे। ऐसे में बुधवार को ग्रामीणों ने एकट्ठा होकर मंथन करते हुए उच्च विद्यालय में अपग्रेड करने के लिए प्रस्ताव लिया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मेहबुब आलम, तजीरुल हक़, जिप सदस्य अब्दुल बारीक, मो इक़बाल, अशोक दास, नबीद अंजुम, एजाजुल हक, गुलाब शेख, समाउन शेख़, वाईएसवो के अब्दुल वहाब सहित अन्य मौजूद थे।

# प्रखंड सभागार में मछली पालन पर 2 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**तालझारी-** जीवि दः हासा कार्यक्रम के तहत परती भूमि विकास समिति द्वारा तालझारी प्रखंड सभागार में मछली पालन पर 2 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जहां 2 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आशीष कुमार पूर्व उपनिदेशक मत्स्य विभाग उपस्थित थे। वही दो दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि मछली पालन और उसकी बिक्री द्वारा किसान अपनी आजीविका की वृद्धि कर सकते है।

वही वर्तमान समय में किसानों के प्रति एकड़ मछली की उपज बहुत की कम है, जिसे थोड़ी सी जानकारी और सावधानी से काफी बढ़ाया जा सकता है। वही मछली की बिक्री की कोई समस्या नही है और किसानों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उधर प्रशिक्षण के पहले दिन आशीष कुमार ने पीपीटी के माध्यम से किसानों को मत्स्य पालन की मूलभूत बातों को बताया जिसमे तालाब की तैयारी, वैरायटी का चयन, मछली बीज की मात्रा, मछली का चारा प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा से किया। वही प्रशिक्षण के अगले सत्र में किसानों के बीज मछली पालन के प्रगतिशील किसान नीलाद्रि शेखर मित्रा, बरहरवा ने अपने अनुभव किसानों के समक्ष के रखा। इस दौरान श्री मित्रा ने बताया कि कैसे उन्होंने वर्ष 2000 में मत्स्य निदेशालय रांची में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ब्यवसायिक रूप से मछली पालन शुरू किया और आज वे 18 एकड़ में मछली पालन के साथ साथ मछली पालन के साथ साथ चारा उत्पादन इकाई और मछली बीज का भी उत्पादन और बिक्री कर रहे है। वही प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम सत्र में आशिष कुमार ने केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय मे विस्तार से बताया। वही प्रशिक्षण में जीवि दः हासा के टीम के अलावे तालझारी, कर्णपुरा, वृंदावन, सगरभंगा, मोतीझरना, बड़ा दुर्गापुर के 50 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

## ख़ास ख़बर

# राम कृष्ण सेवा फाउन्डेशन के कैम्प में बनें 31 महादानी,रक्तदाता प्रत्यक्ष है भगवान- राजमणि यादव






**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या।** राम कृष्ण सेवा फाउन्डेशन स्रष्ट के तत्वावधान में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय अयोध्या में किया गया जिसमें 31 रक्तदाता रक्तदान कर महादानी बनें।रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि के रुप में जिला पंचायत सदस्य राज मणि यादव व विशिष्ट अतिथि के रुप में अन्नपुर्णा रसोई के महासचिव व उद्यमी मुन्ना गुप्ता जी उपस्थित रहें।रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा की रक्तदाता प्रत्यक्ष रुप से भगवान है, जिनके खून से मरीजों को जीवनदान मिलता है। विशिष्ट अतिथि ने इस रक्तदान शिविर को जरूरतमंद लोगों के लिए वरदान बताया।अन्नपुर्णा रसोई के प्रबंधक राजेश चौबे जी ने कहा कि रक्तदान को कलयुग का सबसे पुनीत व नेक कार्य है।संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने बताया कि संस्था के उद्देश्य हर जरूरतमंद को ब्लड मुहैया कराना है और अभी तक संस्था द्वारा साढ़े पांच हजार मरीजों को ब्लड मुहैया कराया जा चूका है।रक्तदान करने वालो में विशाल गुप्ता, रजनी छेत्री, विकास सोनकर, अधिकता आशीष मांझी, मो अकरम, अमन मिश्र, सपना सिंह, मुन्ना गुप्ता, शैलेंद्र पाठक, पंचराम, सुनील मौर्य, सचिन कुमार, प्रमोद कुमार, इंद्रपाल सिंह, फौजी संदीप यादव, अखिलेश शुक्ला, अर्शी अब्बास, रोहिताश चंद राजू, उत्तम गुप्ता, शुभम् सोनी, शिखर पांडेय, राम जी श्रीवास्ताव, भानु प्रकाश, अभय प्रकाश श्रीवास्तव, चंद्र शेखर राणा, अमित कुमार पाल, पुरेंद्र सिंह, विपिन कुमार व अन्य रहे।संस्था की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया व रक्तदान कराने मेंरामू प्रजापति, विष्णु पांडेय, ममता खत्री, घनश्याम वर्मा जी का योगदान रहा।इस मौके पर अंतराष्ट्रीय कवि ताराचंद तन्हा, शशि रावत,अशीष कौर, इंद्र प्रीत सिंह बेदी, राहुल कुमार, कायस्थ पल्लवी वर्मा, अंशिका सिंह, आश्चर्य दीपक गुप्ता, व अन्य रहे।

# आप अयोध्या ने किया जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन, आप अयोध्या ने जारी की जिला कार्यकारिणी की नई सूची

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या।** निकाय चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी ने अयोध्या जिले में जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया। जिलाध्यक्ष एडवोकेट अनिल प्रजापति ने जिला प्रभारी संजीव निगम की सहमति से नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया। जिसे जिला प्रभारी संजीव निगम ने अयोध्या प्रांत अध्यक्ष अनिल राजवंशी के लखनऊ कार्यालय को प्रेषित कर दिया था।अब लखनऊ से प्रांत अध्यक्ष अनिल राजवंशी ने इस नई कार्यकारिणी को मंजूरी दे दी है।जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति ने बताया कि नई सूची में सुनील मौर्या को जिला महासचिव, दिलीप वर्मा को जिला कोषाध्यक्ष और विवेक वर्मा को जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व दिया गया है।

नदीम रजा,गायत्री मिश्रा, शारजाह मास्टर,धर्मेंद्र सेठ,हैदर अली,जुल्फकार आलम,संदीप पटेल,खुशचंद्र लाल श्रीवास्तव, विनोद कुमार रावत को जिला उपाध्यक्ष तथा कृष्णा नाथ यादव,राम अवध ,राधिका प्रसाद पांडेय,रेहान मास्टर को जिला सचिव व राजीव पाठक,हर्षवर्धन कोरी,मो .फरीद,यू के द्विवेदी,राकेश रावत,अशोक कुमार गौड़,शुभम श्रीवास्तव, नवीन यादव,स्वर्णिम वर्मा व विनय वर्मा को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। प्रदेश प्रवक्ता व अयोध्या जिला प्रभारी संजीव निगम ने बताया। कि अयोध्या महानगर अध्यक्ष कुलभूषण साहू ने पहले ही महानगर इकाई का गठन कर लिया है और शीघ्र ही जिले के अंतर्गत पांचों विधानसभाओं तथा सभी ब्लॉक इकाइयों के गठन किया जाएगा और इसके बाद बूथ स्तर तक इकाइयों के भी गठन किया जाएगा।

# मुस्लिमों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को लेकर विहिप बजरंग दल ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल अयोध्या अवध प्रांत ने जिलाधिकारी से मिलकर अवैध रूप से मुस्लिम पक्ष द्वारा किए गए अवैध कब्जे को हटाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है बभनियावाँ गांव परगना मगलसी तहसील सोहावल अयोध्या जो कि ड्योढ़ी बाजार से सटा कीमती इलाका है। वहाँ के हिन्दू जन मानस द्वारा संज्ञान में लाया गया है कि भूमि गाटा संख्या- 94. नि0 क्या- 0.405 हे0 स्थित ग्राम- बभनियावाँ उपरोक्त में मुस्लिम पक्ष द्वारा यहां के हिन्दुओं के नाम दर्ज उक्त भूमि 94 मि0 में अनाधिकृत रूप से अपने प्रभाव व दबंगई के बल पर पिछली सरकारों के सहयोग से अवैध कब्जा कर लिया है जबकि जहां बनायी गयी है। वहां मुस्लिम आबादी एक भी नहीं है। तभी से कई हिन्दू उस कब्जे को हटवाने के लिए स्थानीय एवं शासन स्तर पर प्रार्थनापत्र देकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं मुस्लिम पक्ष द्वारा उन हिन्दू साथियों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से जान माल की धमकी भी दी है। ज्ञात हो कि उक्त कब्जा चकबन्दी प्रक्रिया जो सन् 1985 में हुई थी उसके बाद जबरन किया गया है यदि चकबन्दी पूर्व से कब्जा होता तो यह अभिलेखों में दर्ज होता। प्रभावित हिन्दू जन में एक सदस्य प्रभाकर सिंह के मुख्य द्वार पर ही उक्त अवैध कब्जा कर मुस्लिम समुदाय के लोग अवैध रूप से वर्तमान समय मे नमाज पढ़ते है। मुख्य द्वार पर अवैध कब्जा होने से तथा वहाँ नमाज इत्यादि होने से नवनिहालों में हिन्दू संस्कार प्रभावित होने का खतरा बना है जबसे हिन्दू जन द्वारा उक्त अवैध कब्जे को हटवाने के बजाय पीड़ित भूमिधर को ही चाराजोई के लिए अनुचित दबाव बनाया जा रहा है। तबसे वहां अधिकांश संख्या में मुस्लिम पक्ष द्वारा इक्ठ्ठा होकर कोई न कोई गतिविधि की जाती है। स्थानीय प्रशासन भी मूकदर्शक बना रहता है। उक्त स्थल पर कभी भी कोई भी अप्रिय घटना अथवा दंगा होने की प्रबल सम्भावना है। उपरोक्त प्रकरण के समबन्ध में प्रभावी कार्यवाही करते हुए हिन्दूजन के स्वामित्व की भूमि पर से अवैध कब्जे को हटवाया जाय जिससे मौके पर कोई असहज स्थिति होने से बचा जा सके।जबकि ऐसी दशा में अनेक शासनादेश हैं जैसा कि दिनांक 1 मई 2017 मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन श्री राहुल भटनागर जी द्वारा जारी किया गया है 7 जिलास्तरीय टास्क फोर्स के कार्य एवं दायित्व शीर्षक के पैरा (9) जिन प्रकरणों में जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा यह उपयुक्त समझा जाए की दंबग एवं भूमाफिया प्रवृत्ति के व्यक्तियों द्वारा उक्त वर्णित भूमियों पर अतिक्रमण /अवैध कब्जा किया गया है तो भा0 द0सं0 एवं सुसंगति अधिनियमों में अपराधिक धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ-साथ अभियुक्त गण के विरुद्ध उ0प्र0 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 (यथा संशोधित ) एवं उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द और समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण ) अधिनियम 1986 (यथा संशोधित) के अंतर्गत कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाए 7 व तहसील स्तरीय टास्क फोर्स शीर्षक के पैरा (3) तहसील स्तरीय टास्क फोर्स यह भी सुनिश्चित करें कि शासकीय एंव निजी भूमियों पर अवैध कब्जे के संबंध में विभिन्न माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही 15 दिन के भीतर करा जी जाये एंव कृत कार्यवाही का विवरण बेब पोर्टल पर अंकित कर दिया जाये । एंव उपर्युक्त के अतिरिक्त निम्न निर्देशो का अनुपालन भी किया जाए शीर्षक के पैरा (4) अतिक्रमण/अवैध कब्जों के कारित होने में उदासीनता बरतने वाले एवं संलिप्त कर्मचारी / अधिकारी का उत्तर दायित्व निर्धारित कर उनके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाए। उक्त शासनादेश का अनुपालन नही करा पा रहे अधिकारी बाक्स नमाज स्थल को लेकर जारी है न्यायालय का स्थगन अयोध्या।सोहावल तहसील के बभनियावां गांव की जिस भूमि संख्या 94 मिनजुमला को लेकर मुख्य राजस्व अधिकारी अयोध्या की ओर से स्थगन आदेश जारी किया गया है वह भूमिआत्मप्रकाश सिंह व कुछ अन्य ठाकुर परिवार की खतौनी दर्ज है।उस भूमि पर राजस्व अभिलेखों में कहीं भी ईदगाह दर्ज नहीं है। फिर भी बीते बकरीद को वहां प्रशासन द्वारा नमाज अदा कराई जो मुख्य राजस्व अधिकारी के आदेश की अवहेलना है।दूसरी तरफ उस स्थान पर परम्परागत नमाज अदा किए जाने की बात उप जिलाधिकारी मनोज श्रीवास्तव कहते हैं।जब कि भूमि के मालिकाना का कहना है कि जब सीआरओ ने स्थगन आदेश जारी किया है तो फिर हमारी भूमि पर नमाज क्यों अदा की गई।आत्म प्रकाश सिंह का कहना है राजस्व विभाग ने जहां पर ईदगाह दर्ज की हो वहां प्रशासन नमाज अदा कराए।वैसे उप जिलाधिकारी का कहना है कि मुकदमा भूमि के बंटवारे का है।वादी पक्ष का कहना है कि लैण्ड जिहादी, जबरन दंबगई से भूमि की नवैयत बदलना चाह रहे हैं।जिस पर सीआरओ ने स्थगन जारी किया है।

# 340 लाभार्थियों को मशीनों का किया गया वितरण




**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या।** भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भानु प्रताप सिंह वर्मा ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार और अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह की उपस्थिति में 340 लाभार्थियों को विद्युत चालित चाक, पैडल चालित अगरबत्ती मशीन और टर्नवुड क्रॉफ्ट मशीनों का वितरण किया। ग्राम विकास योजना के अंतर्गत अयोध्या के ग्राम स्वावलंबी विद्यालय, रनीवा में केवीआईसी के राज्य कार्यालय लखनऊ द्वारा आयोजित वितरण कार्यक्रम में लखनऊ और गोरखपुर मंडलीय कार्यालय के लाभार्थी शामिल हुए। वितरण कार्यक्रम में अयोध्या से महापौर गिरीशपति त्रिपाठी और केवीआईसी के उत्तर क्षेत्र के सदस्य नागेंद्र रघुवंशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री, एमएसएमई, भानु प्रताप सिंह वर्मा ने कहा कि भारत के कुल सकल घरेलू उत्पादोंमें एक तिहाई योगदान डैडम् सेक्टर का है जो देश के 12 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डैडम् सेक्टर शानदार काम कर रहा है। श्री वर्मा ने आगे कहा कि ग्रामीण भारत में रोजगार सृजन के क्षेत्र में खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने पिछले 9 वर्षों में ऐतिहासिक कार्य किया है। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लाभार्थी कारीगरों को बधाई और शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा से गांव-गांव तक रोजगार पहुंचाने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग लगातार प्रयत्नशील है। उन्हीं के नेतृत्व में पिछले वित्त वर्ष में इतिहास रचते हुए खादी और ग्रामोद्योगी उत्पादों का कारोबार 1.34 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केवीआईसी द्वारा ग्रामोद्योग विकास योजना के अन्तर्गत भारतीय परम्परागत उद्योगों के कामगारों को टूल्स एवं मशीनरी का वितरण किया जा रहा है, जिससे परम्परागत उद्योगों के कामगारों की आय में वृद्धि से उनके जीवन स्तर में व्यापक सुधार हो। अभी तक पूरे देश में कुम्हारों को 25,000 से अधिक विद्युत चालित चाकों का वितरण किया जा चुका है, जिससे कुम्हारों की आय में तीन से चार गुना की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह से 20 हजार मधुमक्खी पालकों को भी 2 लाख से अधिक मधुमक्खी बॉक्स और बी-कलोनी का वितरण किया जा चुका है। मधुमक्खी पालन से किसानों की उपज में 25 से 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई है। लाभार्थियों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष, केवीआईसी, मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज का सशक्त, सक्षम और आत्मनिर्भर भारत दुनिया को राह दिखा रहा है। हमें मेक इन इंडिया के साथ-साथ मेक फॉर वर्ल्ड के मंत्र के साथ आगे बढ़ना है, तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लोकल टू ग्लोबल विजन साकार हो पाएगा। इस अवसर पर अयोध्या से सांसद लल्लू सिंह ने खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा चलाई जा रही ग्राम विकास योजनाओं की प्रशंसा की और कहा कि इन योजनाओं से जुड़कर हमारे परंपरागत कारीगर स्वरोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ सकते हैं। अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने लोगों से अपील की कि वो खादी और ग्रामोद्योगी स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक प्रयोग करें ताकि ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिले। वितरण कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी, सीतापुर, लखनऊ, जालौन, झांसी, मऊ और आजमगढ़ के 260 कुम्हारों को विद्युत चालित चाक और कानपुर देहात के 20 कामगारों को अगरबत्ती मशीन का वितरण किया गया। साथ ही लखमीपुर खीरी, संतकबीर नगर और आजमगढ़ के 60 कामगारों को टर्नवुड क्रॉफ्ट मशीनें प्रदान की गईं। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार और के.वी.आई.सी के अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# दबंगों ने किया विधवा की जमीन पर कब्जा, पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार




**आवेश अंसारी गोंण्डा/** गोण्डा शुभ भास्कर मामला थाना कोतवाली नगर के अंतर्गत मोहल्ला मेवतियान चुंगी नाका का है जहां की निवासिनी मुन्नी पत्नी स्वर्गीय हनीफ ने विपक्षी गुड्डू उर्फ हसन मोहम्मद पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद हाजी निवासी मोहल्ला इमामबाड़ा थाना कोतवाली नगर पर आरोप लगाते हुए अपने प्रार्थना पत्र में कहा कि उसके परिजनों की गैरमौजूदगी में विधवा बेसहारा के घर को ही इन दबंगों ने गिरा दिया और उसी जमीन पर निर्माण कराने के लिए ईंट, मोरंग, सीमेंट आदि गिरवा लिए इतना ही नहीं कुछ दिन पूर्व उक्त भूमि पर सीमेंट का ईंट लगाकर कब्जा बना रखे हैं जिस संबंध में पीड़िता ने जनपद के कई संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर लगाई थी न्याय की गुहार लेकिन राजनीतिक व पैसों वाला विपक्षी के आगे इस गरीब महिला पीड़ित का कौन सुनने वाला था। ऐसे में तत्कालीन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार पीड़िता का यह भी कहना है कि इससे पूर्व कयी प्रार्थना पत्र दिए थे मौके पर जांच अधिकारी गए लेकिन उनके पैसों की मांग पूरी न कर पाने के कारण हमारी कोई सुनने को तैयार नहीं हुआ ऐसे में अब उम्मीदे सिर्फ तत्कालीन जिलाधिकारी नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल से ही है ।

# धूमधाम से मनाया गया छठा माटीकला दिवस, माटीकला दिवस पर बताई माटीकला की महत्ता

**आवेश अंसारी गोंण्डा/गोण्डा शुभ भास्कर/** बुधवार को दिवस जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में छठा माटीकला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर माटीकला के उद्यमियों द्वारा बनाये गये उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। माटीकला के क्षेत्र में सभी लोगों को पर्यावरण संरक्षण, उत्तम स्वास्थ्य तथा रोजगार सृजन के दृष्टिगत माटीकला के उत्पादों के उपयोग हेतु शपथ ली गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा माटीकला के उत्पादों के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले अनुकूल प्रभाव तथा विविध लाभों का उल्लेख किया गया। इस अवसर पर जनपद के माटीकला अध्यक्ष सुरेश कुमार प्रजापति तथा प्रजापति समाज के दीनानाथ प्रजापति, विजय प्रजापति, हरीराम प्रजापति, रंजू प्रजापति एवं प्रधान सहायक गजेन्द्र सिंह, कनिष्ठ सहायक प्रमोद कुमार, नितिन कुमार व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रशासन ने चलाया अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान



**आवेश अंसारी गोंण्डा/गोण्डा शुभ भास्कर/** बुधवार को जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा दिये गये आदेश के अनुपालन एवं जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में उप जिलाधिकारी मनकापुर राजीव मोहन सक्सेना, पुलिस क्षेत्राधिकारी मनकापुर व आबकारी निरीक्षक मनकापुर की संयुक्त टीम द्वारा अभियान चलाकर ग्राम भरहू भट्ठा, महुआडीह थाना मनकापुर व विश्नोहरपुर थाना छपिया में दबिश दी गई। उन्होंने बताया है कि दबिश के दौरान 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई व 100 किलो ग्राम महुआ लहन मौके पर नष्ट किया गया, तथा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत एक अभियोग पंजीकृत किया गया।

# ऐलीपरसौली घोड़हन पुरवा में बाढ़ से पूर्व तैयारियों के संबंध में कल होगा माकड्रिल

**आवेश अंसारी गोंण्डा/ गोंण्डा शुभ भास्कर/** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गोंडा के द्वारा कल दिनांक- 20 जुलाई, 2023 को सुबह 9:00 बजे ऐलीपरसौली घोड़हन पुरवा में राज्य स्तरीय बाढ़ से पूर्व तैयारी हेतु माकड्रिल कराया जायेगा। जिसमें बाढ़ के दौरान विभागवार क्या-क्या भूमिका किस विभाग का है, उसको ध्यान में रखते हुए बाढ़ राहत एवं बचाव का माकड्रिल कराया जायेगा। इस माकड्रिल सभी संबंधित विभाग द्वारा स्टाल लगाकर प्रतिभाग किया जायेगा।

# मंडलायुक्त ने की स्वास्थ्य विभाग की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक

**आवेश अंसारी गोंण्डा/गोण्डा शुभ भास्कर/** बुधवार को मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने आयुक्त सभागार में मंडल के सभी सीएमओ, सीडीओ, सीएमएस के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की मंडल स्तरीय समीक्षा की। उन्होंने ई-कवच, संचारी रोग अभियान, वैक्सीनेशन, आयुष्मान भारत, गोल्डन कार्ड, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर का निर्माण सहित अन्य कार्यक्रमों की गहनता से समीक्षा की। ई-कवच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के टीकाकरण फीडिंग, सैम बच्चों की फीडिंग, नियमित टीकाकरण आदि की फीडिंग में बलरामपुर व श्रावस्ती जिले की स्थिति खराब पाये जाने पर आयुक्त द्वारा नाराजगी जताई गयी।

उन्होंने सभी सीएमओ को ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग की प्रगति सुधारने के सख्त निर्देश दिये। अगली बैठक तक फीडिंग सही न होने पर कार्यवाही अवश्य होगी। मंडलायुक्त ने सभी सीडीओ को निर्देश दिए कि वे महीने में एक बार स्वास्थ विभाग की योजनाओं की समीक्षा अवश्य करें। आयुक्त ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड, मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि की भी समीक्षा की। गोल्डन कार्ड बनाने में सबसे खराब स्थिति श्रावस्ती की मिली जिस पर उन्होंने सीएमओ श्रावस्ती सहित सभी सीएमओ को प्रगति सुधारने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने सभी सीएमओ, सीडीओ, सीएमएस को दो टूक में कहा कि सरकार की मंशा रूप ही कार्य किया जाए, यदि कोई बाबू विभाग में अपनी मनमानी करता है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाये। स्वास्थ विभाग की छवि एकदम साफ-सुथरी रखी जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आने वाले मरीजों की समस्या को ध्यान से सुना जाए, घायलों को उचित इलाज दिलाना यही आप लोगों का काम है। उन्होंने कहा सभी सीएमएस व डॉक्टर समय से अस्पताल पहुंचे, मरीजों को देखें। अस्पताल में दवाओं एवं इंजेक्शन की उपलब्धता बनाए रखें।

## ट्रांसफर — टीबी विभाग में सुविधा शुल्क वसूली का खेल पहले से ही चल रहा है।

# टीबी विभाग में ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल खेला जा रहा, जिन कर्मचारियों ने सुविधा शुल्क नहीं दिया उनका मनमाने ढंग से कर डाला स्थानांतरण

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/अयोध्या।** जनपद के टीबी विभाग में ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल खेला जा रहा है। विभाग में बिना मुख्य चिकित्सा अधिकारी से अनुमोदन लिए ही जिला क्षय रोग अधिकारी ने संविदा पर कार्यरत सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजरों का स्थानांतरण कर दिया।ट्रांसफर पोस्टिंग के इस खेल में जिला क्षय रोग अधिकारी ने जिन कर्मचारियों ने मांगी गई सुविधा शुल्क दिया उनका स्थानांतरण नहीं किया और जिन लोगों ने सुविधा शुल्क नहीं दिया उन लोगों का मनमाने ढंग से स्थानांतरण कर डाला।जिले के टीबी विभाग में सुविधा शुल्क वसूली का खेल पहले से ही चल रहा है।जिसकी शिकायत संविदा कर्मियों ने पहले ही की है। की गई शिकायत की जांच पहले से ही सीएमओ डा संजय जैन की ओर गठित तीन सदस्यीय कमेटी कर ही हैं।अब एक और नया प्रकरण सामने आया है।जिला क्षय रोग अधिकारी डा आर के सक्सेना ने बिना सीएमओ से अनुमोदन लिए ही पांच सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजरों का स्थानांतरण कर दिया। गौरतलब है कि जिला क्षयं रोग अधिकारी को एसटीएस का स्थानांतरण करने का अधिकार नहीं दिया गया है।जनपद में सीएमओ ही एसटीएस का स्थानांतरण कर सकता है।किन्तु यहां डीटीओ ने बिना अधिकार स्थानांतरण कर दिए। अनधिकार किए गए स्थानांतरण के बारे में डीटीओ कहते हैं कि पूर्व सीएमओ से मौखिक अनुमोदन मिला था। उनके कार्यालय में लिखित रूप से कोई अनुमोदन नहीं है।एसटीसी संतोष तिवारी का कहना है कि ट्रांसफर पोस्टिंग के इस खेल में बीडीओ के साथ जिला कार्यक्रम समन्वयक की भी भूमिका है कर्मचारियों से वसूली उन्हीं के द्वारा मांगी जाती थी।वसूली के लिए कर्मचारियों को मानसिक प्रताड़ना भी दी जाती है उनको स्थानांतरण कर देने व विभाग से निकालने की धमकी दी जाती है।बाक्स डीटीओ पर पहले भी लगते रहे हैं भ्रष्टाचार के आरोप पूर्व सीएमओ रहे डा अजय राजा के कार्यकाल में भी डीटीओ पर आरोप लगते रहे हैं। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों के लिए की गई कम्प्यूटर, लैपटॉप व अन्य सामानों की खरीद प्रक्रिया में टेंडर से लेकर खरीद में खेल हुआ था। बाद में खरीदे गए सामानों को आपूर्ति करने वाली संस्था को बदलने के निर्देश हुए थे। उस पूरे प्रकरण में डीटीओ की ही भूमिका मानी गई थी। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों की मानें तो स्टेट हैड का सारा बजट डीटीओ के पास रहता था।

जिले को दो चिकित्सकों को धमका कर उनसे अवैध उगाही सहित कई आरोप हैं। अब देखना यह है कि जांच टीम कहां तक सत्यता की खोज कर पाती है

# मिशन 2024 बीजेपी की अनोखी पहल डॉ. अंजू पांडेय ने गांव गांव पहुंचकर मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या/गोसाईगंज-अयोध्या।** महिला महाविद्यालय गद्दोपुर प्राचार्य डॉ अंजू पांडे के नेतृत्व में विधानसभा गोसाईगंज क्षेत्र के गांव-गांव घर-घर पहुंचकर 9 साल प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के उत्कर्ष किए गए कार्यों की सराहना करते हुए डॉ अंजू पांडे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने चलाए जा रहे अभियानों के अंतर्गत गोसाईगंज अंबेडकरनगर विधानसभा क्षेत्र में 'संपर्क से समर्थन' अभियान के अंतर्गत आज क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यवसायी और समाजसेवी व्यापारियों एवं गांव क्षेत्र के किसानों से मुलाकात की और सरकार की 9 वर्षों की उपलब्धियों पर लिखित पुस्तक भेंटकर चर्चा की और 9090902024 पर मिस्ड कॉल करा कर पार्टी से जोड़ा। संपर्क के दौरान क्षेत्रीय सात कई महिलाएं उपस्थित रही।

## ख़ास ख़बर

### पर्यावरण अनुकूल आचरण करे- डॉ काकोली गौराई




**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/** हिंदी विभाग जामताड़ा कॉलेज जामताड़ा के द्वारा सेमेस्टर 6 के छात्र छात्राओं के लिए सेमिनार का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया। जिसमें 'हिंदी साहित्य में पर्यावरण की भूमिका' विषय पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ काकोली गोराई शिक्षक डॉ रामस्नेही के द्वारा प्रकृति के प्रति हिंदी साहित्य की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला गयाद्य छात्र छात्राओं के द्वारा भी इस विषय पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए गए। जामताड़ा कॉलेज इको क्लब नोडल पदाधिकारी डॉक्टर काकोली के द्वारा सभी छात्र छात्राओं के बीच 108 पौधों का वितरण कर उन्हें भी इको क्लब का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया गया द्य किस प्रकार जीवन, साहित्य और प्रकृति का सुंदर सामंजस्य इस संसार को और भी अधिक सुंदर बना सकता है इस पर भी प्रकाश डाला गया वर्तमान समय में सर्वप्रथम प्राथमिकता है पर्यावरण अनुकूल आचरण करना

### देवघर जिला फुटबॉल संघ- चौथा दिन का लीग का पहला मैच आमबगान वनाम कदमातरी के बीच खेला गया



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/** देवघर जिला फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आयोजित लीग मैच के चौथे दिन बुधवार को पहला मैच आमबगान वनाम कदमातरी के बीच खेला गया। जिसमें आमबगान की टीम दो गोल से विजयी रहा ।वह दुसरा मैच जाभागुड़ि वनाम पिपराशोल के बीच खेला गया। जहाँ जाभागुड़ि दो गोल से विजयी रहा ।दोनों मैच में निर्णायक के भुमिका मे अनिल सोरेन, कुन्दन राउत, बाबुलाल सोरेन तथा मो शकील थे। मैच का सफल संचालन मे जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष विद्रोह कुमार मित्रा के साथ उपाध्याय रामचन्द्र झा, सचिव विष्णु टुडू, कोषाध्यक्ष राजेश सोरेन के साथ अन्य सभी मौजूद थे।


### भारत जोड़ो यात्रा की बात आम जनों के साथ का हुआ कार्यक्रम



**दैनिक शुभ भास्कर/संवाददाता/मधुपुर/ देवघर/**झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा निर्देशानुसार भारत जोड़ों यात्रा की बात आम जनों के साथ कार्यक्रम के तहत मधुपुर विधानसभा के गोयठडीह गांव में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस सेवादल के उपाध्यक्ष अजय कुमार द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अजय कुमार ने कहा कि राहुल गांधी के प्रेम के आह्वान को जन जन तक पहुंचाने के संदेश पर चर्चा की गई तथा भाजपा के द्वारा पूरे देश में नफ़रत फैलाने के खिलाफ सावधान रहने की चर्चा की गई तथा साथ ही मोदी सरकार के 9 वर्ष के विफलताओं के बारे में भी मंडल स्तर पंचायत स्तर तथा बूथ स्तर तक ले जाने की चर्चा की गई उक्त स्तर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो पूरे देश में मोहब्बत का पैगाम पहुंचाने का काम करती है और भाजपा पूरे देश में नफरत फैलाने का काम करती है। और कांग्रेस पार्टी इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक प्रखंड के हर एक पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन करेगी। मौके पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष त्रिपुरारी सिंह,कांग्रेस के मीडिया प्रभारी गोल्डी खान, बहाल चौधरी शंभूनाथ चौधरी महादेव दास नंदलाल टूडू,रमेश पुझर, दिनेश पुझर पहलवान पुझर, मानव नापित, गुलबी आदि मौजूद थे।

# विभिन्न समस्याओं के समाधान को ले डी ई ई ओ से संघ ने की मुलाकात

**प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर सहायक अध्यापकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया**



**दैनिक शुभ भास्कर/मनीष बरणवाल/जामताड़ा/**झारखंड प्रदेश समुदायिक सहायक अध्यापक प्रशिक्षित संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला अध्यक्ष सुभाष मिर्धा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर सहायक अध्यापकों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया जैसे जामताड़ा नगर एवं मिहिजाम नगर क्षेत्र के सहायक अध्यापक की सेवा संपुष्टि अभी तक नहीं हो पाया है इसे जल्द से जल्द लागु किया जाय।जिले के विभिन्न विद्यालयों सहायक अध्यापक बायोमेट्रिक हाजिरी बनाने के समय विद्यालय परिसर में सही लोकेशन नहीं आती हैं । उसे सुधारा जाय। जिले के कुछ विद्यालयों में सहायक अध्यापक एवं सरकारी शिक्षकों को नया ई विद्या वाहिनी पटल पर बायोमेट्रिक हाजिरी नहीं बन पाती है। जिला शिक्षा पदाधिकारी महोदय ने आश्वासन दिया कि सहायक अध्यापकों को जो भी समस्या है निदान कर दिया जाएगा। मेरे रहते हुए आप सभी शिक्षकों को कोई परेशानी नहीं होगी। आप सभी समय पर विद्यालय आवे विद्यालय में बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें ,सरकार बच्चों को विद्यालय में मध्यान भोजन देने की व्यवस्था की गई हैं , कॉपी कलम ड्रेस निशुल्क सरकार मुहैया कराया जा रहा है इसलिए मेरा लक्ष्य है एक भी बच्चा ड्रॉपआउट ना हो नियमित रूप से सभी बच्चों को विद्यालय में नामांकन हो।

जिला अध्यक्ष सुभाष मिर्धा ने कहा कि झारखंड में विभिन्न सुदूर क्षेत्र में जहां पर शिक्षा का कोई माहौल ही नहीं था परंतु सहायक अध्यापकों के प्रयास से पहाड़ और जंगल नदी पार करते हुए सुदूर क्षेत्र में शिक्षा का माहौल बना कर शिक्षा की ज्योति जलाया है एवं पहले की तुलना में ड्रॉप आउट बच्चा का संख्या बहुत ही कम हुई है।

आज सरकार भी मानती हैं सहायक अध्यापकों के प्रयास से झारखंड राज्य की शिक्षा व्यवस्था में सुधार आई है और इस सब इसलिए हो पाई है क्योंकि सहायक अध्यापक गांव घर पंचायत के रहने वाले शिक्षक हैं इसलिए अभिभावकों के तालमेल से बच्चों को अच्छा शिक्षा देने में कामयाब हुए हैं। जिस तरह सहायक अध्यापक को ने मेहनत कर रहे हैं उस हिसाब से महंगाई के दौर पर बहुत ही कम मानदेय मिलता है ।आकलन परीक्षा पर भी कहा अभी तक राज्य का चिट्ठी नही आया है। लेकिन परीक्षा सही समय पर ही होगा । इस प्रतिनिधिमंडल में जिला सचिव छोटे लाल महतो, जिला संगठन मंत्री विकास चंद्र मंडल, जिला उपाध्यक्ष रवि किशोर रवि जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत मंडल,मधुसूदन दास, गोविंद टुडू, नेमोस हेमव्रम,राजेश हेम्ब्रम सम्मलित हुए

## मधुपुर नगर परिषद सभागार में अधीक्षण अभियंता की अध्यक्षता में सुपरवाइजर और ऊर्जा मित्रों के साथ हुई बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/** मधुपुर नगर परिषद सभागार में अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार उपाध्याय ने बुधवार को नगर परिषद सभागार में सुपरवाइज़र व ऊर्जा मित्रों, लाईन मैन के साथ प्रमंडल स्तरीय बैठक किया। मौके पर उन्होंने कहा की मधुपुर सब-डिवीजन क्षेत्र में अच्छे कार्य करने वाले ऊर्जा मित्र को प्राथमिकता के तौर पर ऊर्जा संगी में नियुक्ति की जाएगी। इस नियुक्ति में विभाग के द्वारा पहले विज्ञापन निकाला जाएगा । इसमें कोई भी अभ्यर्थी आवेदन दे सकते हैं।मगर ऊर्जा मित्र जो अच्छे कार्य करेंगे अनुभवी होंगे उन्हें इस काम में प्राथमिकता दी जाएगी। कहा की बरसात के दिनों में बिजली व्यवस्था में खराबी आने पर खामियां को दूर करने के लिए लाइनमैन और पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया है। राजस्व प्राप्त को लेकर बैठक में समीक्षा की गई अधिक से अधिक विभाग को राजस्व मिले इसके लिए भी ऊर्जा मित्र को निर्देश दिया गया है।

बिजली आपूर्ति के दौरान उपभोक्ताओं की परेशानी दुर होगी । बैठक में ऊर्जा मित्र की बारी बारी से समस्याओं को सुना गय।उपभोक्ता की परेशानी बिजली की समस्या बिजली बोर्ड निगम में राजस्व बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर और ऊर्जा मित्र आपसी समनवय के साथ काम करें।उन्होंने ऊर्जा मित्रों को कहा मीटर जला या किसी प्रकार का खराबी हो तो आप सीधे सुपरवाइजर से संपर्क कर इसकी सूचना दें और जहां मीटर ना लगे हो वहां मीटर जल्द लगाने का काम करें। मौके पर उन्होंने ऊर्जा मित्र की समस्याओं का निराकरण करने का भरोसा दिया ताकि बिजली आपूर्ति के साथ-साथ निगम का राजस्व बढ़ाने के लिए आवश्यक कदम उठाया जाए। समस्याओं का निराकरण किया जाए।

क्षेत्र में कहीं भी ट्रांसफार्मर जलने अथवा लाइन में खराबी आ जाए तो उसे तुरंत ठीक किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को परेशानी न हो इसका निर्देश दिया गया।

उन्हें सूचना मिली कई समस्या है इसे दूर करना है । इसलिए मधुपुर में प्रमंडल स्तरीय बैठक का आयोजन करना पड़ा।

मौके विधुत्त कार्यपालक अभियंता रोहित मांझी, विद्युत कार्यपालक अभियंता अंचल देवघर राजीव रंजन,मीटर अभियंता देवघर हिमांशु कुमार सिंह, सहायक अभियंता मधुपुर सोमेश कुमार कनीय अभियंता मधुपुर सतीश कुमार, मोहम्मद शाहिद शाहनवाज, परशुराम भैया, लाइनमैन अजय नंदी उर्फ मुनमुन, वासुदेव दास, टिंकू कुमार समेत मधुपुर विभाग के विद्युत कर्मी और शहरी क्षेत्र और ग्रामीण क्षेत्र के ऊर्जा मित्र मौजूद थे।

## पूर्व रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड के द्वारा राज्य स्तरीय उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के चौथे दिन सूर्य नमस्कार से हुआ प्रारंभ



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर/ देवघर/** मधुपुर बावन बीघा स्थित टीटीसी प्रशिक्षण पार्क में पूर्व रेलवे भारत स्काउट एंड गाइड के द्वारा आयोजित सात दिवसीय राज्य स्तरीय उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के चौथे दिन प्रशिक्षण की शुरुआत सूर्य नमस्कार से हुई। इसके बाद कैंप का निरीक्षण किया गया।फिर ध्वज समारोह आयोजित कि गई। स्काउट् प्रतिभागी द्वारा, शावक अभिवादन, जंगल नृत्य, नॉट्स आदि पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्काउट अनुभाग के लिए, प्रवीणता योजना स्काउट्स के लिए इन व्यक्तिगत रुचियों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई है, प्रगति योजना से अलग लेकिन ट्रूप के ढांचे के भीतर, स्काउट के विशेष हितों और क्षमताओं द्वारा सुझाई गई रेखाओं के साथ प्रगति के लिए प्रोत्साहन को प्रेरित किया। प्रवीणता बैज के संबंध में स्काउट्स के कौशल को बढ़ाने के लिए विचार और तरीके दिए। प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान और कोड़े मारने पर भी सत्र आयोजित किए गए। रोवर सेक्शन के लिए, पायनियरिंग प्रोजेक्ट्स, ट्रांजेक्शनल एनालिसिस, नॉट्स/लैशिंग्स कि प्रशिक्षण दी गई हैं। शाम को स्काउट मास्टर्स के लिए प्रधानमंत्री शील्ड प्रतियोगिता, सामुदायिक विकास परियोजनाएं एवं राज्य मुख्य आयुक्त शील्ड पर सत्र आयोजित किया जाएगा। दैनिक दिनचर्या के अनुसार, कैम्प फायर आयोजित किया जाएगा।जहां प्रशिक्षुओं द्वारा ऊर्जावान और उत्साही प्रदर्शन दिए जाएंगे। यह प्रशिक्षण शिविर 22 जुलाई तक चलेगा।

## कुंडहित में बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अपर समाहर्ता सुरेंद्र कुमार रहे मौजूद



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/कुंडहित (जामताड़ा)/**वुधवार को कुंडहित प्रखंड सभागार में बूथ लेवल कर्मियों के साथ एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार,प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह सीओ नित्यानंद प्रसाद सिंह एवं सभी सुपर वाइजर और आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित थे। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने उपस्थित बूथ लेवल कर्मियों को जानकारी देते हुए कहा 17 जुलाई से 17 अगस्त तक एक महिना बीएलओ अपने अपने पोषक क्षेत्र में घर घर जाकर मतदान सूची का सत्यापन करेंगे। मतदान सूची में मतदाता का नाम सुधार, नाम जोड़ना एंव नाम पता गलत रहने पर सुधार करना है। साथ ही बीएलओ को जानकारी देते हुए कहा किसी मतदाता मृत्यु हो जाने पर उसका नाम सूची से नाम को हटना है। उन्होंने उपस्थित बीएलओ को जानकारी देते हुए कहा क्षेत्र में घर घर जाकर शत-प्रतिशत मतदाता सूची का सुधार करना है। कार्य में किसी परेशानी होने पर आपने सुपरवाइजर से तथा प्रखंड स्तरीय निर्वाचन पदाधिकारी से संपर्क कर जानकारी हासिल कर सकते हैं।

## सेविका ,सहिया एवं सहिया साथी को दी गई आईडीए व मिशन इंद्रधनुष का प्रशिक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला/जामताड़ा/**पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को नाला सीएचसी के सभागार में आईएमआई अर्थात मिशन इंद्रधनुष तथा आईडीए (फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम )के तहत स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दी गई। मालूम हो कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नदिया नंद मंडल की देखरेख व पर्यवेक्षण में प्रशिक्षण कार्यक्रम की कार्यवाही प्रारंभ की गई। इस दौरान बताया गया कि प्रथम चरण में 7 से 12 तथा द्वितीय चरण 11 अगस्त से 16 अगस्त तथा तृतीय चरण 9 से 14 अक्टूबर तक कार्यक्रम चलाए जाएगा। इस दौरान ड्रॉपआउट बच्चे को आर आई टीकाकरण से आच्छादित किया जाएगा। बताया गया कि आई एम आई 5.0 के प्रत्येक चरण को 6 कार्य दिवसों में संपादित किया जाएगा। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नदी आनंद मंडल के द्वारा बताया गया कि 10 अगस्त को वोट दें कार्यक्रम होगी तत्पश्चात घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को दवा से आच्छादित किया जाएगा। इस दौरान बताया गया कि 2 से 5 वर्ष की आयु के बीच के सभी बच्चे जो एम आर आईऔर 2 तथा डीपीटी एवं ओपीभी की बूस्टर खुराक से वंचित गर्भवती महिलाएं हैं उन्हें इस विशेष अभियान के तहत आच्छादित किया जाएगा। इसके अलावा फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 से 25 अगस्त तक चलने वाले कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए बताया गया कि 10 अगस्त को बूथ डे कार्यक्रम होगी तत्पश्चात घर-घर भ्रमण कर आईडीए की दवा खिलाई जाएगी। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नदिया नंद मंडल, नोडल चिकित्सक डॉ रामकृष्ण बाबू गयासुद्दीन अंजाम, एमपीडब्ल्यू प्रदीप टूडू ,मलेरिया सुपरवाइजर अहमद रजा परवेज,के अलावा सेविका,सहिया एवं सहिया साथी आदि मौजूद थे।

## झारखंड प्रदेश के प्रभारी से मिले कॉन्ग्रेस जिला 20 सूत्री के उपाध्यक्ष मुन्नम संजय



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधपुर/देवघर/**देवघर जिला के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला बीस सूत्री के उपाध्यक्ष मुन्नम संजय बुद्धवार को अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी कार्यालय नई दिल्ली पहूंकर में झारखंड प्रदेश के प्रभारी अविनाश पांडेय से मिले एवं पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन भी किया। बीस सूत्री उपाध्यक्ष तथा प्रभारी के बीच करीब 20 से 25 मिनट तक संगठन एवं आगामी लोकसभा चुनाव पर चर्चाऐं की। देवघर जिला कांग्रेस कमिटी तथा गोड्डा लोकसभा चुनाव को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक प्रभारी द्वारा जानकारी ली गई। वहीं संजय ने प्रभारी को आश्वस्त किया कि गोड्डा लोकसभा का परिणाम इस बार कांग्रेस के झोले में आएगी। बुथ से लेकर जिला संगठन तक के संगठन पर बड़े ही बारीकी तरीके से समीक्षा की एवं कहा कि आप सभी पूरी तैयारी के साथ क्षेत्र में लग जाऐं। राष्टीय कमिटी भी चुनाव को लेकर काफी गंभीर बनी हुई है। हर हाल में सरकार हमारी ऐलाइंस "इंडिया" की बनेगी।

**बैठक** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन कुंडहित इकाई की बैठक आयोजित

## 5जी के युग में 2जी से जबरन वितरण करवाया जा रहा है,एक अगस्त से होगा हड़ताल- मोहन प्रसाद भैया



**दैनिक शुभ भास्कर/ कुंडहित (जामताड़ा)/** बुधवार को सिंहवाहिनी मंदिर परिसर में ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन कुंडहित इकाई की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन राज्य स्तरीय कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार अपने 10 सूत्री मांग को लेकर मानसून सत्र में विधानसभा घेराव करने तथा 1अगस्त 2023 से राज्य की सभी जन वितरण प्रणाली की दुकानों में ई-पॉश मशीन बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान जिला अध्यक्ष मोहन प्रसाद भैया ने बताया कि राज्य कमेटी के निर्देशानुसार 10 सूत्री मांग को लेकर बुधवार को कुंडहित प्रखंड के डीलरों के साथ सिंहवाहिनी मंदिर परिसर पर बैठक कर आवश्यक रणनीति तैयार किया गया बताया कि हम लोगों का 10 सूत्री मांग विक्रेताओं को 13-14 माह से बकाया कमीशन नहीं दिया गया है। साथ ही मानदेय की स्वीकृति और कमीशन में वृद्धि नहीं की जा रही है। अनुकंपा के नियमों में बदलाव कर बेरोजगारी को बढ़ावा दिया जा रहा है, वापस लिए गए जूट बोरे की राशि नहीं दी जा रही है, 5जी के युग में 2जी से जबरन वितरण करवाया जा रहा है। जिससे लाभुक और विक्रेताओं को परेशान किया जा रहा है, गोदामों से सही वजन में अनाज नहीं मिलता, व्यवस्था पूरी तरह डिजिटल होने के बावजूद सभी तरह के रजिस्टर रखने को बाध्य किया जा रहा है। धोती साड़ी लूंगी में मात्र ?1 कमीशन है जो ढुलाई खर्च से भी कम है। विक्रेताओं से वितरण के अलावा अन्य कार्य लिया जाता है जिसका पारिश्रमिक नहीं मिलता है। विक्रेताओं को हैंडलिंग लॉस नहीं दिया जाता है।उक्त मांग के समर्थन में बैठक रखा गया था। जिसमें आगे की रणनीति तैयार की गई।

## नाला प्रखंड कार्यालय कक्ष में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स कमेटी की हुई बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर/सुष्मिता कुमारी/नाला(जामताड़ा)-** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को नाला प्रखंड कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स कमेटी बैठक हुई बैठक। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी आकांक्षा कुमारी ने की। इस बैठक में मुख्य रूप से अग्रणी बैंक पदाधिकारी जामताड़ा राजेश कुमार, आरसेटी डायरेक्टर जे0के 0सिंह मौजूद थे।


इस अवसर पर बैठक के दौरान बैंकिंग किससे संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई साथ ही बीडिओ आकांक्षा कुमारी तथा एलडीएम के द्वारा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए ।इस दौरान केसीसी के लंबित आवेदनों को शाखा प्रबंधक को रिटर्न करने के लिए कहा गया ताकि उसे बीएओ से रिवैलिडेट करके 4. 2023 -24 के लिए पुनः शाखाओं को प्रेषित किया जा सके। इस दौरान सखी सभी शाखा प्रबंधकों को ऋण से संबंधित लक्ष्य प्रदान किया गया।

वही आरसीटी डायरेक्टर जेके सिंह के द्वारा कहा गया कि बीपीएल ग्रुप के महिलाओं को आरसीटी से ट्रेनिंग दिया गया है उन्हें शाखाओं द्वारा क्रेडिट लिंकेज की जाएगी। इस दौरान बीडिओ आकांक्षा कुमारी ने सभी शाखा प्रबंधकों को केसीसी के लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया गया ताकि अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ उठा सकें। इसके अलावा वृद्धा पेंशन से संबंधित ईकेवाई के बारे में सभी शाखा प्रबंधकों को विशेष ध्यान देने की बात कही गई। पीएवाईईजीपी के दिए गए लक्ष्य को सभी शाखा प्रबंधक को बताया गया तथा युगला बुक का फॉर्म जेनरेट करने का भी निर्देश दिया गया ताकि स्नङ्ग. 2023- 24 का लक्ष्य ससमय पूरा कर लिया जाए । इस दौरान मधुर लोन, आधार से जोड़ना, प्रधानमंत्री जीवका लोन सहित अन्य कई प्रकार के लोन के बारे में चर्चा की गई। इसके अलावा ऋण की वापसी व अदायगी को लेकर भी चर्चा की गई। साथ ही सिद्धू कानू युवा क्लब के अकाउंट के बारे में भी सभी शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिया गया।इस अवसर पर बैठक में एलडीएम राजेश कुमार , आरसेटी के डायरेक्टर जे0के0 सिंह ,स्टेट बैंक नाला के शाखा प्रबंधक एंथनी भेंगरा, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक संतोष कुमार फौजदार, जेएसएलपीएस बीपीएम गणेश महतो, प्रभारी कृषि पदाधिकारी निमाई चंद्र देवांशी, शिक्षा विभाग के बीआरपी टुनटुन कुमार, के अलावे स्टेट बैंक किस्टोपुर ,ग्रामीण वनांचल बैंक नाला ,बनांचल बैंक गेड़िया, वनांचल बैंक कुलडंगाल के शाखा प्रबंधक मौजूद थे।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।

## ख़ास ख़बर

### एटीएम में चोरी, कैस चुराने में नाकाम रहे चोर



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर सुपौल/**जिले में सदर थाना क्षेत्र के कर्णपुर चौक स्थित हिटाची कंपनी के एटीएम में चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। जिसमे चोर ने एटीएम को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया है। लेकिन कैस लॉकर को चोर नहीं तोड़ पाए। लिहाजा कैस चोरी नहीं कर पैया। इस घटना की जानकारी इसका देखरेख करने वाले युवक को तब हुआ जब वह वहां अहले सुबह पहुंचा तो देखा की एटीएम पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। उन्होंने सबसे पहले चोरी के इस घटना की जानकारी संबंधी एटीएम कंपनी हिटाची को दी और 112 पर डायल कर इसकी जानकारी पुलिस को दिया है। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच शुरू कर दी है। बताया गया की एटीएम के लॉकर सुरक्षित है। चोर कैस की चोरी करने में असफल रहे। फिलहाल एटीएम संचालक कन्हैया कुमार संबंधित एटीएम कंपनी के कर्मी के आने का इंतजार कर रहे हैं ताकि यह देख सके की एटीएम मशीन से क्या सब चोरी हुई है। कर्णपुर चौक पर हुए इस चोरी की घटना से लोग दहशत में है।

### थाना क्षेत्र के पीरगंज में डायन का आरोप लगाकर मारपीट करने का लगाया आरोप, दिया आवेदन

**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल/**जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के पिरगंज में डायन का आरोप लगाकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। थाना में दिए आवेदन के आलोक में मो आरिफ खां ने बताया की सोमवार देर रात्रि हमलोग अपने घर में सोए थे की उसी समय मो केयूम खां, मो हैदर खां, मो कुदूस खां, मो नौसाद खां, मो अलीअकबर, मो महबूब आदि लोगों ने हरवे हथियार और तलवार, फरसा, लाठी वगेरह लेकर मेरे घर को घेर लिया और मो कुदुस खां बोला की साला इसकी पत्नी डायन है,वे हमारे पोती को नजर लगा दी है,जिस कारण मेरी पोती हमेशा बीमार रहती है। उसी समय मो अलीअकबर बोला की तुम अपनी पत्नी को बोलो की कुदुस के पोती को जो नजर लगाई है उसे ठीक कर दो। इस पर मैं और मेरी पत्नी बोली की भाई हमलोग आपके पोती को कुछ नहीं किए है अगर आपकी पोती बीमार है तो उसे अस्पताल में दिखलाइए। इस पर मो हैदर बोला ये लोग ऐसे नहीं मानेगा साला को मारपीट कर बर्बाद कर व घर में आग लगाकर जला दो। इस पर सभी लोग मिलकर गाली गलौज वो मारपीट मुझे व मेरी पत्नी को किया। जिससे मेरी पत्नी का साड़ी ब्लाउज शरीर से अलग हो गया और सभी लोग अपने साथ लाए मिट्टी का तेल छिड़क कर घर में आग लगाने लगा की तब तक हल्ला पर अगल बगल के लोग जमा हुए तो हम दोनो पति पत्नी का जान बचा नहीं तो ये लोग हम पति पत्नी का हत्या कर घर में आग लगाकर हम पति पत्नी के लाश को जला देता। उसी क्रम में कुछ लोग घर में घुसकर अलमीरा से जेवरात चांदी जिसका कीमत लगभग 70000 हजार ,,नगद 5500 रुपया और कागजात वगेरह लेकर चले गए की सुबह में रात की घटना को लेकर पंचायत बैठाए परंतु ये लोग पंचायत में भी नही आए। इस बाबत किशनपुर थानाध्यक्ष राघवशरण ने बताया की आवेदन प्राप्त हुआ है जांच प्रताल कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### करो कांग्रेस कमेटी महिला मोर्चा द्वारा सुनीता देवी को अध्यक्ष एवं सुनीता मुर्मू को उपाध्याय सर्वसम्मति से चुना गया



**दैनिक शुभ भास्कर/ संवाददाता/ मधुपुर) देवघर/** मधुपुर अनुमण्डल के करों प्रखण्ड के कांग्रेस प्रखण्ड कमिटि के बेनर तले व युवा कांग्रेस नेता संजीव कुमार चौधरी के देख-रख में रानीडीह पंचायत गांव कमलकरडीह के कांग्रेस कमिटि महिला मोर्चा द्वारा सुनिता देवी को अध्यक्ष व सुनिता मुर्मू को सर्व समिति से बैठक में एक परस्ताव पारित कर चुना गया । जिसमें दर्जनों महिला-पुरुषों ने भाग लेते हूये सुनिता देवी और सुनिता मुर्मू बधाई देते खुशी जाहिर किया। इस अवसर पर कांग्रेस के सदस्या पुष्पा देवी ने कहा कि आधी आबादी को आजतक सरकार हाशिये पर रखा जो चिंता की बात है । उन्हों कहा कि अब समय आ गया है कि महिलाएं संगठित हो बुनयादि सवालों को लेकर संघर्ष का रास्ता चुनें। मौके पर अजित पंडित, कनाय भण्डारी, भीम तुरी, मुन्नी देवी, चन्द्रदेव दास, सुनिता रजवार के अलावे ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोसी नदी में जलस्तर घटने से कटाव का सिलसिला रहा जारी साथ दस एकर जमीन हुआ नदी में बिलिन







**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर ,सुपौल/**जिले के किसनपुर प्रखंड अंतर्गत कोसी नदी में जलस्तर घटने और बढ़ने का सिलसिला लगातार जारी रहने से मौजहा पंचायत के वार्ड 8 में कोसी नदी का कटाव तेज हो गया है। इससे लगभग 10 एकड़ जमीन भी कट कर नदी में विलीन हो गई है। और पंचायत में इस वर्ष अब तक में 24 परिवार के 3 दर्जन से अधिक घर काटकर नदी में बिल हो चुके हैं। कोसी नदी के कटाव की रफ्तार को देखकर ग्रामीणों में भय का माहौल है। ग्रामीण अब अपना आशियाना को उजाड़ कर कहीं और ऊंचे स्थानों पर घर बनाने के लिए विवश हैं। इस बीच अब तक प्रशासनिक अधिकारियों ने कटाव को रोकने के लिए कोई काम शुरू नहीं किया है, इसके कारण लोगों में आक्रोश है। कटाव से पीड़ित लोगों ने बुधवार को प्रशासनिक अधिकारी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया । ग्रामीणों का कहना था कि हम लोगों का आशियाना उजड़ जाने के बाद भी सरकार की तरफ से मिलने वाली पॉलिथीन या खाने-पीने की सामग्री नहीं दी गई है। खासकर छोटे-छोटे बच्चों को खाने-पीने की समस्या हो गई है। इसके कारण वह लोग परेशान हैं। लेकिन प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि उदासीन बने हैं। कोसी नदी के तेज कटाव को देखकर लोग अब दूसरे जगह बुधवार को पलायन करते हुए दिखे।

ग्रामीणों ने कहा कि अब यहां रहना सुरक्षित नहीं है कभी भी नदी उन लोगों के घरों को अपने आगोश में ले सकती है। इसके कारण वह लोग अब सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं। ग्रामीण रविंद्र महतो, दीपेन महतो, बलिंदर महतो, ललन महतो, मुसहरू महतो,उपेंद्र महतो मौसममात अरहुलिया देवी, सुभाष महतो, चंदन महतो आदि ने बताया कि हम लोग अपना आशियाना उजाड़ कर अब ऊंचे स्थानों पर झोपड़ी बनाकर पूरे बरसात वहीं पर बिताएंगे। बताया कि हर साल नदी में कटाव होने से हम लोगों का जीवन नर्क के समान हो गया है । आज तक आपदा के समय ना तो कोई प्रशासनिक अधिकारी और ना ही जनप्रतिनिधि हम लोगों की सुध लेते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सिर्फ कागजों पर ही हम लोगों को पॉलिथीन या खाने-पीने के सामानों का वितरण किया जाता है । इस बेबसी के समय स्थानीय प्रतिनिधि तक भी झांकने के लिए नहीं आते हैं। लोगों का सबसे अधिक चिंता छोटे-छोटे बच्चों को लेकर बना हुआ है। उधर सीओ संध्या कुमारी ने कहा कि मौजहा पंचायत के वार्ड 8 में राजस्व कर्मचारी को भेजकर स्थल जांच कराई जाएगी। और सरकारी स्तर से मिलने वाला लाभ जल्द ही सभी बाढ़ पीड़ित परिवारों को मुहैया कराया जाएगा।

## निवर्तमान क्ष्ष्ठ्ह श्री असीम का विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन, भावुक दिखे बीडीओ





**अमरेश कुमार/दैनिक शुभ भास्कर ,पिपरा ,सुपौल/**जिले के पिपरा प्रखंड परिसर स्थित टीसीपी भवन के सभागार में निवर्तमान प्रखंड विकास पदाधिकारी पिपरा श्री असीम की तबादला होने के बाद बुधवार को भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान सदर एसडीएम मनीष कुमार और प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों के मुखिया वार्ड सदस्य सहित सेकरो की संख्या में मौजूद लोगों ने उन्हें सॉल,बुक्के, फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। विदाई समारोह में एक दूसरे से जुदा होने का दर्द छलक रहा था।

प्रखंड कर्मियों द्वारा आयोजित विदाई समारोह में मौजूद सदर एसडीएम मनीष कुमार ने कहा कि बीडीओ असीम करीब छः महीने यहां बिताएं इस दरमियान आमलोगों सहित जनप्रतिनिधियों कर्मियों के साथ काफी अच्छे व्यवहार रखते हुए कर्तव्यों का निर्वहन कर सरकारी योजनाओं को शतप्रतिशत धरातल पर उतारने का काम किया।

वहीं समारोह में मोजूद सीओ रविन्द्र चौपाल ने कहा बीडीओ साहब के साथ हम लोगों 6 महीने काम करने का मौका मिला इस दौरान इंसानियत के नाते ही बीडीओ साहब काम किए वो अपने आपको कभी पदाधिकारी नहीं समझें लोगों को एक सूत्र में बांधकर विकास का आयाम स्थापित किए।इस दौरान विदाई समारोह में शामिल उप प्रमुख बबलू चौधरी ने उनकी उज्वल भविष्य की कामना भी की। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रभात कुमार बीपी आरओ मनीकांत कुमार राजस्व अधिकारी राहुल कुमार,एमडी जादेव सहित सभी प्रखंड कर्मी अंचल कर्मी मौजूद थे।

## 25 वर्षीय महिला के साथ छेड़-छाड़ का मामला हुआ उजागर, भेजा न्यायिक हिरासत में

**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर ,,सुपौल/** जिले के किसनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अंदौली गांव निवासी एक 25 वर्षीय महिला के साथ हुई दुष्कर्म मामले मे महिला ने एसपी सुपौल सहित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित डीजीपी, डीआईजी को आवेदन देकर थानाध्यक्ष के द्वारा डरा धमकाकर सादा कागज पर दस्तखत कराकर दुष्कर्म के घटना को छेङ- छाङ का प्राथमिकी दर्ज करने का आरोप लगाया है।दिए आवेदन मे कहा कि बीते रविवार कि रात करीब 10 बजे गांव के ही एक 30 वर्षीय युवक अचानक मेरे सुने घर को देखकर मेरे कमरे मे आया और मुझे जोर जबर्दस्ती पकङ लिया जब हम उसका विरोध किया तो उन्होने अपने कमर से धारदार हथियार छुरा निकालकर मेरे गले के पास सटा दिया और कहा कि अगर जब हल्ला करोगी तो जान से मार देंगे इस दौरान उन्होने मुझे जोर जबर्दस्ती मुझे कमरे मे ले गया निः वस्त्र कर मेरे साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान चीख पुकार सुन आस पास के ग्रामीण वहां आया और उक्त युवक को पकडकर किशनपुर पुलिस के हवाले कर दिया।जिसके बाद सोमवार को हम जब थाना गए तो उक्त युवक के विरुद्ध दुष्कर्म का आवेदन देकर कार्रवाई का गुहार लगाया। परंतु थाना मे मेरा आवेदन ले लिया और दो सादा कागज पर हमसे और मेरे सास से हस्ताक्षर करवा लिया। जिसके बाद मंगलवार को जब हम और मेरे पति कोर्ट आए और एफ आई आर का नकल निकाला तो पता चला कि मेरे द्वारा दिए गए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज नही हुआ था बल्कि जबकि मेरा एवं मेरे मां के द्वारा निशान युक्त आवेदन पर गलत तरीके से आवेदन भरकर अभियुक्त को लाभ पहुचाने के उद्देश्य से गलत आवेदन पर दुष्कर्म के जगह छेङ -छाङ का आवेदन बनाकर प्राथमिकी दर्ज कर दिया गया। इस बाबत थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया कि महिला के द्वारा छेङछाङ करने का आरोप लगाया गया था। जिस आवेदन के आलोक मे कांड संख्या 160/ 23 दर्ज कर न्यायिक हिरासत मे सुपौल भेज दिया गया है।

### नशे की हालत में शिक्षक द्वारा शादीशुदा औरत के साथ जबरदस्ती यौन शोषण करने का मामला हुआ उजागर

**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर ,सुपौल/**जिले में किसनपुर थाना क्षेत्र के अन्दौली पंचायत के वार्ड नम्बर 09 की एक महिला ने अपने पड़ोसी पर छेड़छाड़ करने के विरुद्ध थाना में आवेदन देकर करवाई का गुहार लगाई है। थाना को दिए आवेदन में अन्दौली पंचायत के वार्ड नम्बर 09 निवासी पीड़ित महिला ने कहा है कि मेरा पति और पुत्र मजदूरी करने बाहर गए हुए हैं। जहां तीन जुलाई को घर के अन्य सदस्य खेत में काम करने चले गए। मैं घर में खाना बनाकर सो गई। बाहर बारिस हो रही थी। इस बीच पड़ोसी राजेश पासवान मेरे कमरे में घुस कर गलत नियत मेरे शरीर व गुप्त अंग पर हाथ डाल दिया। जिससे मेरा नींद खुल गई। जहां देखा कि राजेश पासवान दारू पीकर ज़बरदस्ती करने लगा। हल्ला करने पर सारी खिंचकर मुंह में डालकर कर चौकी पर पटक दिया। मेरे शरीर पर चढ़ते हुए कहा कि पूरी माह का रुपया दे दूंगा। इस दौरान वे काबू में लेकर मेरा ब्लाउज फार दिया। इस दौरान मैं उनके कलाई में दांत काट लिया। जहां पकड़ ढीली होने पर घर से बाहर निकल हल्ला करने लगी तो वे भाग खड़ा हुआ। इस बाबत थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया कि आवेदन मिला हैं जांच की जा रही है

### मौसम का बदला मिजाज, अत्यधिक गर्मी से हाल बेहाल, किसानों को फसल सूखने की सतारही चिंता



**एक संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल/** जिले में राघोपुर प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत विगत कई दिनों से गर्मी परवान पर है। हालत यह हैं कि लोग सुबह के बाद दिन भर सड़कों पर अत्यधिक धूप होने के कारण सड़कों व बाजारों में नजर नहीं आते हैं। लोग धूप से बचने के लिए दिन भर छाए दार वृक्ष के नीचे समय गुजारने को विवश हो गए हैं। क्योंकि दिन भर क्षेत्र में बिजली भी आंख मिचौनी खेल रही है। वहीं बारिश के नहीं होने से से क्षेत्र के किसानों की माथे पर एक बार फिर से चिंता की लकीरें खिचतें हुआ दिखाई देने लगे हैं। किसानों का कहना है कि खेत में धान की बिचड़े की बुआई करने तक तो इस बार की मानसून ने साथ दिया। मगर अब बरसात के नहीं होने से खेत में लगे घान की फसल पीले होकर सूखने के कगार पर हैं। बारिश के होने की कहीं दूर-दूर तक संभावनाएं नहीं दिख रही है। सुबह होने के साथ ही सर पर चढी धूप देखने को मिलते हैं। जिसके कारण खेत में लगे धान के बिचड़े सूख कर पीले पड़ने लगे हैं। कितने किसान रात - रात भर जाग कर नहर का पानी से अपने खेतों में लगे फसल को सिंचित करने में लगे हुए हैं। मगर यह पानी हर जगह पहुचाने की व्यवस्था नहीं है। लोग तो अब पंप सेट के सहारे भी खेत में पानी देने लगे हैं। मगर अगले सुबह होते ही फिर से पानी की समस्या बनी रहती है। जिससे क्षेत्र के किसान काफी मायुस होने लगे हैं। किसानों का कहना हैं कि कर्ज कर खेत में फसल की बुआई तो कर दी मगर बारिश के नहीं होने से फसल सूखने लगे हैं। जिससे खेतों की हरियाली गायब होने लगे हैं। अगर इसी तरह रहा तो किसान व फसल दोनों ही बर्बाद हो जाएंगे।

**बयान** रमण कुमार चन्द- इस हत्यारी सरकार को समाप्त करेंगे यही प्रभु से प्रार्थना करता हूं।

## महागठबंधन द्वारा भाजपा कार्यकर्ता पर लाठीचार्ज करना व विजय सिंह की हत्या पर महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मुर से बर्खास्त करने की, की अपील



**मो0 नजीर/दैनिक शुभ भास्कर सुपौल/** जिले में रमण कुमार चन्द प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, किसान मोर्चा बिहार प्रदेश का कहना है कि पिछले दिनों बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर दामनात्मक रूप से लाठी से पीट-पीटकर निर्ममता पूर्वक घायल करने के साथ-साथ जान से मार दिया जाना यह अंग्रेजी हुकूमत की याद दिला रही है जिस प्रकार संपूर्ण देश के राष्ट्रवादी व्यक्तियों द्वारा अंग्रेज सरकार को उखाड़ फेंका और देश को स्वतंत्र किया गया उसी प्रकार बिहार की जनता नीतीश कुमार की सरकार को उखाड़ फेकेगी और बिहार को नीतीश और लालू से मुक्त करेगी। भारतीय जनता पार्टी के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता विजय सिंह जी को निर्ममता पूर्वक जान से मार दिया गया और सांसदों एवं विधायकों सहित कार्यकर्ताओं को लाठी से मारकर घायल कर दिया जाना लोकतंत्र की हत्या है

और इस हत्यारी सरकार को शीघ्र से शीघ्र बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाना चाहिए। मैं महामहिम राष्ट्रपति महोदया द्रौपदी मुर्मुर जी से निवेदन करता हूं कि बिहार की हत्यारी सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए।

दिवंगत कार्यकर्ता विजय सिंह जी को अपना आशु पूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रभु से प्रार्थना करता हूं कि आपको श्री हरि अपने चरणों में स्थान देंगे साथ ही आप के बलिदान को निरर्थक नहीं जाने देंगे वह अवश्य आपके साथ न्याय करेंगे और इस हत्यारी सरकार को समाप्त करेंगे यही प्रभु से प्रार्थना करता हूं।

## दो साल के पोते को सांप ने काटा तो दादा ने सांप पकड़ लिया, दोनों को लाया अस्पताल





**मो0 नजीर/ दैनिक शुभ भास्कर सुपौल/**जिले के त्रिवेणीगंज में एक दो वर्षीय बच्चे को सांप ने डंस लिया। जिसके बाद उसके दादा ने उस सांप को पकड़ कर एक डब्बे में बंद कर दिया और फिर परिजन सांप और पीड़ित बच्चे, दोनों को अस्पताल लेकर चले आए। मामला त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के कठखोलवा वार्ड 1 का है। पीड़ित बच्चे की दादी शांति देवी ने बताया कि उसका पोता उत्तम अपने दरवाजे पर खेल रहा था। इसी दौरान पोते के पैर के पास से एक सांप गुजरा।

नजदीक बैठे उत्तम के दादा की नजर जब पड़ी तो उसने सांप को पकड़ कर एक डब्बे में बंद कर दिया। पोता उत्तम के पैर में सर्पदंश का निशान भी है। फिलहाल बच्चे का उपचार त्रिवेणीगंज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। वही अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ उमेश कुमार ने बताया कि सस्पेक्टेड मामला लग रहा है। एक डेढ़ घंटे पहले की बात परिजन बता रहे हैं। पीड़ित बच्चे का ईलाज किया जा रहा है। परिजन सांप को भी पकड़ कर ले आये हैं।

दो साल के पोते को सांप ने काटा तो दादा ने सांप पकड़ लिया, दोनों को लाया अस्पताल

## ख़ास ख़बर

### सिंदूर पंचायत के मुखिया सरोज देवी ने मेहता फ्लोर मिल का किया उद्घाटन



**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/**हजारीबाग। सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एनएच 33 सिंदूर चौक के बगल में बना मेहता फ्लोर मिल को पंचायत के मुखिया सरोज देवी एवं मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा प्रसाद (पंडित जी) के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा प्रसाद (पंडित जी) एवं सूरज मेहता ने बताया कि मेहता फ्लोर मिल में गेहूं आटा, मकई आटा, बाजरा आटा, चावल आटा, जो आटा, ज्वार आटा, चना सत्तू, बेसन, मडूवा आटा, हल्दी, मिर्ची, धनिया जीरा, गोलकी, सरसों तेल यादि चीज का भी पिसाय किया जाएगा मौके पर उपस्थित विशेश्वर मेहता, राकेश मेहता,पंकज मेहता, ओमनाथ मेहता, दीपक मेहता, नकुल मेहता, नेमीचंद मेहता, सिंह जी, उपेन्द्र मेहता, आनंद मेहता, सौरव मेहता, कप्तान मेहता, अरुण मेहता, प्रिंस मेहता, निशी मेहता, अमित मेहता, प्रकाश मेहता, सूरज मेहता, रामबीर मेहता, झुनु जी, विशाल ठाकुर, सुजीत मेहता, पप्पू यादव, अनिल मेहता, संजय मेहता, काशीनाथ गोस्वामी, सुनील मेहता, अमर मेहता, छोटू मेहता विजय, मुकेश, नंदू, अशोक यादि ग्रामीण उपस्थित थे

### महाविद्यालय में पौधरोपण कर दिया गया पर्यावरण का संदेश



**धीना।**मां मंशा देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बरहनी पर प्रबंधक सुनील सिंह के नेतृत्व में बुधवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।मौके पर महाविद्यालय परिसर में आम, पीपल, अमरूद आदि 700 पौधे लगाए गए।विद्यालय के शिक्षक, छात्र व छात्राओं ने पौधरोपण कर उसके संरक्षण का संकल्प लिया। प्राचार्य ड़ा0 समर बहादुर सिंह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए उतना ही मूल्यवान है।जितना कि हमें एक सांस लेने के लिए दूसरी सांस छोड़नी पड़ती है।वृक्ष हमें शुद्ध पानी जीवन देने व ऑक्सीजन देने का काम करते हैं।आइए हम सभी मिलकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर प्रदूषण भगाएं व पर्यावरण को बढ़ाने का काम करें।पौधरोपण के लिए सबको जागरूक कर अपने कर्तव्य का निर्वहन करने का जरूरत है।इस मौके पर प्रबंधक सुनील सिंह, प्राचार्य डॉ समर बहादुर सिंह, डॉ विनोद कुमार तिवारी, डॉक्टर सुरभि जायसवाल, मोहम्मद अलीम, रेखा सिंह, गणेश मौर्य, बजरंगबली श्रीवास्तव, बबलू यादव, अशोक कुमार वर्मा, अरुण कुमार, अक्षय, संतोष, मुस्ताक अंसारी आदि रहे।

### आँखों में जलन व लाल होने की बीमारी हुयी तेज



**चहनियां।चंदौली/** क्षेत्र के सरौली, हुसेपुर, नदेसर, मारूफपुर, मझीलेपुर सहित कई अन्य गाँवो में बच्चों की आँखों में जलन, लाल होना और दर्द के साथ पानी गिरने की बीमारी तेजी से फ़ैल रही है। जिससे लोग परेशान होने लगे है। कई गाँवों के लोगों विशेष कर के बच्चों में आँखों का लाल व जलन होना, दर्द के साथ आँखों से पानी गिरने की बीमारी में बीते दो दिनों में तेजी आयी है। जिसको देखते हुए बुधवार को राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मारूफपुर के फर्मासिस्ट रामानंद उपाध्याय ने आदर्श माँ गायत्री बाल विद्या मंदिर मारूफपुर में कैंप लगाकर उक्त रोग से ग्रसित बच्चों के नेत्रों की जाँच करके आवश्यक दवा वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नेत्राभिष्यंद के कारण आँखे हो रही लाल हो रही है। जिसे अंग्रेजी में आई कांजेक्टिविलिस भी कहते है। उन्होंने कहा कि इस रोग से घबराने की जरुरत नहीं है। यह वायु और जल प्रदुषण के माध्यम से फैलता है। यदि यह रोग हो जाये तो साफ पानी से कई बार आँखों को धोयें। हांथों से आँखों को न छुए। धूप से बचे छाया में रहे। पब्लिक कॉन्टेक्ट व धुल धुँआ से बचकर रहे।

# झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन का सातवां वार्षिक सम्मेलन संपन्न






**हजारीबाग/** सम्मेलन में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जयसवाल, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद और बरही विधायक उमाशंकर यादव अकेला शामिल हुए और निजी स्कूल के समस्याओं को लेकर विधानसभा में सवाल उठाने की बात कही निजी विद्यालय की समस्याएं जायज, विधानसभा में रखूंगा बात विधायक मनीष जायसवाल हजारीबाग झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन का सातवां वार्षिक सम्मेलन बुधवार को द पैराडाइज रिसोर्ट हजारीबाग में आयोजित हुआ। इस महासम्मेलन का उद्घाटन सदर विधायक मनीष जायसवाल और एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि निजी विद्यालयों सीमित- साधन संसाधन में समाज में गुणवत्त शिक्षा का अलख जगा रहे हैं। सम्मेलन में उनकी समस्याएं और दर्द से रूबरू हुआ हूं। निश्चित रूप से उनकी समस्याएं जायज़ है। उनकी कोशिश होगी कि आने वाले सदन पटल पर उनकी मांगों को उठाकर सरकार और संबंधित विभाग को अवगत कराने का हरसंभव प्रयास करूंगा। सम्मेलन में प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार से राइट टू एजुकेशन को स्थिर करने की मांग की गई। सम्मेलन को संबोधित करते जिलाध्यक्ष विनोद भगत ने कहा कि झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन पिछले सात वर्षों से निजी विद्यालयों की मजबूती और सुरक्षा के लिए भरपूर प्रयास कर रहा है। झारखंड सरकार ने वर्ष 2019 में निजी विद्यालयों के लिए शिक्षा के अधिकार अधिनियम झारखंड में फेरबदल करते हुए नियमों में छेड़छाड़ की।

जिसमें छोटे और मझोले परिवार के बच्चों को पढ़ने वाले स्कूलों पर कड़े कानून लगा दिए । उस कानून के तहत सिर्फ बड़े और ब्रांडेड स्कूल ही झारखंड में चल पाएंगे । छोटे और मझोले स्कूल बंद हो जाएंगे। झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन ने इस नियम का कड़ा विरोध करती है। संगठन ने इस मुद्दे पर 2019 में उच्च न्यायालय में इसके विरोध में जनहित याचिका दायर की थी।इसके बाद उच्च न्यायालय ने सुनवाई करते हुए इस नियम पर स्टे लगा दिया। फिलहाल इसकी सुनवाई जारी है। राइट टू एजुकेशन के तहत छोटी और मझोले किस्म स्कूलों को बंद कर सिर्फ और सिर्फ बड़े-बड़े पूंजी पतियों के स्कूलों को चलाने की योजना थी। झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन हमेशा से इस अधिनियम का विरोध करता रहा है। वक्ताओं ने कहा कि स्कूलों के लिए जमीन को दोगुना कर दिया गया और सही तरह के नए नए कानून लगा दिए गए। जिससे छोटे और मझोले किस्म के स्कूल संचालकों के मन में भय पैदा हो गया कि अगर यह कानून निरस्त नहीं होता है तो झारखंड की शिक्षा महंगी हो जाएगी। वही निजी स्कूलों में पढ़ने वाले गरीब बच्चों और मध्यम वर्ग के परिवार के बच्चों का भविष्य अंधकार में हो जाएगा।

**सभी विधायकों से सहयोग की अपील-** सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा ने सभी विधायकों से अपील किया कि वे ऐसे स्कूलों को बचाने के लिए विधानसभा में अपनी बातों को उठाएं और सरकार तक इस बात को पहुचाने का कष्ट करें। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकार उन्हें भी सरकारी स्कूलों की तरह सरकारी सुविधा प्राप्त कराएं। क्योंकि सरकार ने हमें यू डाइस दिया है और आठवीं कक्षा तक हम जैक बोर्ड से अपने स्कूल के कोड से बच्चों को परीक्षा दिलवाते हैं।

सरकार भी निजी स्कूलों के ट्रांसफर सर्टिफिकेट की मान्यता आठवीं कक्षा तक देती है । परंतु जब निजी स्कूल के बच्चे अन्य राज्यों में पढ़ने के लिए अपना नामांकन कराते हैं। बच्चों को सर्टिफिकेट में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक की काउंटर साइन की जरूरत पड़ती है। ऐसे वे साइन करने से इंकार कर देते है। सम्मेलन के माध्यम से वैसे पदाधिकारियों से अनुग्रह कहना चाहते हैं कि जब आठवीं कक्षा तक हमें मानता जैसी सुविधा है। तो क्यों नहीं हमारे सर्टिफिकेटपर सरकारी पदाधिकारियों का कांटेक्ट साइन हो। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि हमारे स्कूल के बच्चे भी जब बाहर के राज्यों में पढ़ने जाएं तो उनको पढ़ने की सहूलियत प्राप्त हो। उनका नामांकन आसानी से हो सके। निजी विद्यालय में काम करने वाले शिक्षकों को भारत सरकार ने प्रशिक्षित कराया है। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक शिक्षिकाएं झारखंड सरकार के शिक्षक बहाली में आवेदन करने समेत आरक्षित कर सरकारी शिक्षक बहाली में प्राथमिकता दे।

निजी विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों पर सरकार सरकारी बजट की राशि खर्च करें। ताकि शिक्षकों और बच्चों को भी सरकार का सहयोग प्राप्त हो।

इस महासम्मेलन में 1500 से अधिक स्कूल प्राचार्य हिस्सा लिया। सम्मेलन को सफल बनाने में विशेष रुप से पुस्तकायन के प्रोपराइटर राकेश ठाकुर ने योगदान दिया।सम्मेलन में कोर कमेटी सदस्य और संगठन के संयोजक मधुर मनोहर, सहसंयोजक मनोज कुमार राय, उपाध्यक्ष मकसीर आलम, उपाध्यक्ष छोटे लाल साव, संगठन मंत्री मधुसूदन प्रसाद मेहता, सह सचिव आमिर अल्ताफ, परवेज आलम, कोषाध्यक्ष सोहेल अहमद नूर, आरिज हुसैन सागर, सदर प्रखंड अध्यक्ष राजेश शर्मा बैजनाथ गोप कटकमसांडी अध्यक्ष सूरज देव पांडे, कटकमदाग अध्यक्ष बालेश्वर साव, केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष राज कपूर, प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक मेहता, पदमा प्रखंड अध्यक्ष राजन कुमार मेहता, बरही प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश यादव, बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष प्रेम गुप्ता, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष सुनील सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अमरजीत गुप्ता, दारू प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह, चुरचू प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार यादव, टाटीझरिया प्रखंड अध्यक्ष कुंदन सिंह, सभी स्कूल प्राचार्य, प्रखंडों के सचिव उपाध्यक्ष प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के अध्यक्ष साजिद रहीम ने विचार रखे।

## कटिहार विकास भवन के सभागार में सहकारिता मंत्री ने एनडीए का जीत का किया दावा, बाद में अपने बोल से मुकरे






**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो चीफ/रूपेश मिश्रा/**एक दिवसीय दौरे पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ सुरेंद्र प्रसाद यादव कटिहार पहुंचे थे। जहां विकास भवन के सभागार में उनके द्वारा बाढ़ व सुखाड़, जल जीवन हरियाली सहित अन्य विषयों को लेकर जिले के सभी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि व विधायक के साथ बैठक की। बैठक के समाप्ति के पश्चात जब मीडिया उनसे बयान ले रही थी तो बयान में उन्होंने एनडीए पार्टी को ताकतवर बताया और अपने पार्टी को कमजोर बताया और कहा कि निश्चित तौर पर एनडीए पार्टी ही जीत कर आएगी। बाद में मंत्री के सहयोगियों के द्वारा बताया गया कि वह गलत बोल रहे हैं। तब वह अपने बातों से मुकरे और कहा कि वह एनडीए के लिए नहीं इंडिया पार्टी के लिए कह रहे थे। बता दें कि इससे पूर्व भी सहकारिता मंत्री एक दिवसीय दौरे पर कटिहार पहुंचे थे। जहां सेना भर्ती को लेकर उनका हिजड़ों की फौज कहने को लेकर भी जमकर बवाल मचा था और इस बार भी उनके इस बयान के बाद चर्चा जोर शोर से हो रही है। हालांकि बाद में सहकारिता मंत्री अपने आप को संभालते हुए कहा कि वह अपनी पार्टी के लिए बोल रहे थे और गलती से उनके मुंह से एनडीए निकल गया।

## कृषि बिभाग की ओर से कृषक जागरूकता एवं गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** भांवरकोल ब्लॉक परिसर में बुधवार को खरीफ सीजन के क्रम में कृषि बिभाग की ओर से कृषक जागरूकता एवं गोष्ठी का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता आनंन्द राय मुन्ना ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस मौके पर कृषि वैज्ञानिकों ने वैज्ञानिक खेती के बावत जानकारी दी।इस मौके पर कृषि वैज्ञानिक शशांक शेखर सिंह ने कहा कि किसान मिट्टी के सेहत की जांच कर मांग के अनुरूप उब?रकों का प्रयोग करें। किसान जैविक खाद का प्रयोग करें। अंधाधुंध रसायनिक खाद से मिट्टी की उब?रा शक्ति कमजोर पड़ रही है। उन्होंने कहा कि कृषि के साथ विज्ञान को भी जोड़ें। उन्होंने आर्गेनिक खेती पर जोर देते हुए कहा कि इससे किसानों की उपज का अधिक लाभ मिलेगा। इस मौके पर जिला उद्यान अधिकारी शैलेंद्र दूबे ने बिभाग की ओर से चलाई जा रही योजनाओं की विधिवत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के तहत पो्सेसिंग के लिए पैक हाउस के लिए विभाग अनुदान दें रहा है। उन्होंने बताया कि पाली हाउस,गी्न हाउस,के लिए किसानों को 30 से 50 पृतिशत की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने सोलरपंप, डी्प एवं स्पिंकलर सिंचाई के लिए बिभाग की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि नमामि गंगे योजना के तहत गंगा किनारे के पांच किलोमीटर के परिक्षेत्र में औद्यानिक खेती के लिए केंद्र सरकार किसानों को सब्सिडी दे रही है।इस मौके पर आनंन्द राय मुन्ना ने कहा कि जिले में ब्यवसायिक खेती में अग्रणी इस क्षेत्र पंचायत में किसानों के लिए कार्यक्रम की सिफ? औपचारिकता निभाने पर कृषि बिभाग के पृति गहरा क्षोम ब्यक्त किया। उन्होंने मौजूद अधिकारियों से कहा कि आयोजन की जानकारी किसानों को नहीं दिया जाना किसानों के साथ अन्याय है।इसे कत्तई बर्दास्त नहीं किया जाएगा।

## प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के समन्वय से उत्तर प्रदेश राज्य के 41 जनपद




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/**गाजीपुर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारत सरकार, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लखनऊ के समन्वय से उत्तर प्रदेश राज्य के 41 जनपदों जनपद- पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बहराइच, बाराबंकी, गोंडा, अयोध्या, अंबेडकर नगर, बस्ती, संत कबीर नगर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, गोरखपुर, सिद्धार्थ नगर, बदायूं, फरुखाबाद, बिजनौर, बलरामपुर, श्रावस्ती, महाराजगंज, उन्नाव, बुलंदशहर, लखनऊ, कासगंज, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, हमीरपुर, शामली, गौतमबुद्ध नगर, मैनपुरी, रामपुर, हरदोई, अलीगढ़, प्रयागराज, वाराणसी एवं शाहजहांपुरमें बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज़ दिनांक 20, जुलाई, 2023 को प्रस्तावित है। मॉक एक्सरसाइज़ को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु आज दिनांक 18, जुलाई, 2023 को उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सभागार में माननीय सदस्य, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नई दिल्ली, भारत सरकार, की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय अधिकारियों के साथ (प्राधिकरण के सभागार में) एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) द्वितीय चरण की टेबलटॉप बैठक आहूत की गयी। बैठक को संबोधित करते हुए माननीय सदस्यएन0डी0एम0ए0 ने बताया कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश राज्य के कुछ जनपद में बाढ़ कि स्थितिहै, जिनके द्वारा किये जा रहे राहत/बचाव कार्यो को मॉक एक्सरसाइज़ के दिन एन0डी0एम0ए0 द्वारा समीक्षा किया जाएगा साथ ही जिन जनपदों में अभी बाढ़ किस्थितिनहीं है, वहाँ सम्बन्धित जिलों को अपने आपदा प्रबंधन योजना एवं बाढ़ योजना की समीक्षा में सहायता मिलेगी एवं सभी विभाग, भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, एन0डी0आर0एफ0, एस0डी0आर0एफ0तथा स्थानीय प्रशासन के बीच समन्वय बनाने में सहायता होगी। बाढ़ आपदा पर राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज़ दिनांक 20, जुलाई, 2023 को उपरोक्त जनपदों में किया जाएगा एवं जनपद गाजीपुर में कुल 5 स्थानों मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन आयोजन किया जा रहा है। पांच बाढ़ प्रभावित तहसील सदर, सैदपुर,जमानिया ,मोहनदाबाद, सेवराय, समस्त बाढ़ प्रभावित तहसीलों में बाढ़ पूर्व तैयारी के तहत मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन 20.07.2023 को सुबह 9:00 बजे से आरंभ कर दिया जाएगा स जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट ईओसी को स्टेजिंग एरिया बनाया जाएगा।

**शोकाकुल परिजन** दो सगे भाइयों के मौत से बिसर गया एक हंसता- खेलता परिवार

## शोकाकुल परिजनों ने मिलने पहुंचे विधायक मनीष जायसवाल, परिजनों का बढ़ाया हिम्मत, कहा आपके साथ खड़े हैं हम




**हज़ारीबाग/**बीते 13 जुलाई को हजारीबाग के एक परिवार के लिए बेहद ही विभत्स और पीड़ादायक दिन रहा। हजारीबाग शहर के इमलीकोठी के मूल निवासी वर्तमान में सिरसी -2 बीच मोहल्ला के रहने वाले स्व.भोला प्रसाद केशरी के दो पुत्रों की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मौत हो गई। दोनों सगे भाई देवघर में बाबा बैद्यनाथ को जल चढ़ाकर हजारीबाग लौट रहे थे तभी बगोदर फोरलेन के समीप एक भयंकर सड़क दुर्घटना में उनकी मौत हो गई।इनके कई रिश्तेदार भी इस घटना में घायल हो गए हैं ।जिन दो सगे भाइयों का आकस्मिक निधन हुआ उसमें बड़े भाई संतोष केसरी जिनकी उम्र करीब 40 वर्ष थी। ये अपने टेंपो से फेरी करते हुए ब्रेड और लेज, कुरकुरे बेचने का कार्य करते थे। वहीं छोटे भाई दीपक केसरी जिनकी उम्र करीब 36 साल थी। ये ऑटोमेटिक वेट मशीन घूम-घूम कर बेचा करते थे। स्व.संतोष केशरी और स्व.दीपक केशरी दोनों भाई अपनी मेहनत और लगन के बदौलत सिरसी में घर बनाकर खुशनुमा माहौल में गुजर बसर कर रहे थे। दोनों अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ा रहे थे। स्व.संतोष केसरी के तीन बच्चे हैं जिसमें दो बेटियां और एक पुत्र है। स्व.दीपक केशरी के 2 पुत्र हैं। इनमें से एक बच्चा एंजेल्स हाई स्कूल में तो अन्य बच्चे जैक एंड जिल स्कूल में पढ़ते हैं। एक बेटी इंटर में नामांकन के लिए केबी विमेंस कॉलेज में आवेदन देने वाली हैं। जिस दिन इन दोनों सगे भाइयों का निधन हुआ उसी दिन उनके पिताजी का बरसी भी था। एक अच्छा हंसता- खेलता परिवार क्षणभर में उजड़ सा गया। परिवार में हर तरफ मातम पसर गया। परिवार जनों के क्रंदन और चीत्कार से पूरा हजारीबाग गमगीन हो गया ।

## हज़ारीबाग मुफस्सिल थाना क्षेत्र लाखे बगीचा का जमीन बिक्री विवाद को लेकर हुई प्रेस वार्ता




**संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी/** हजारीबाग सदर प्रखंड के लाखे गांव के बगीचे का विवाद बढ़ता हुआ दिख रहा है ग्राम वासियों ने बताया कि या जमीन भगवान मिश्रा के नाम से रजिस्टर थी और सार्वजनिक रूप से उपयोग के लिए दान में दी गई है हर साल इस बगीचे के पेड़ पौधे के फल ग्राम वासियों ने बांट दिए जाते थे, तथा लकड़ियों का प्रयोग भगवान मिश्रा के परिवार करते आ रहे हैं पिछले कुछ सालों से इस जमीन पर बगीचे का स्वरूप खत्म कर दिया गया था, और बगीचा जैसा नहीं दिख रहा था ग्राम वासियों ने अपनी मेहनत से बगीचे को फिर से संवारा है ,और यहां पर पेड़ पौधे लगाए हैं

बगीचा विवाद को लेकर गांव वालों ने लाखे गांव के बगीचे में बने देवी मंडप में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया । प्रेस वार्ता के माध्यम से उन्होंने बताया कि यह जमीन शुरू से सार्वजनिक रूप से उपयोग के लिए दान में दी गई है जिसे अब कुछ भू माफियाओं द्वारा बेचने का प्रयास किया जा रहा है जिस का विरोध करते हैं । सभी ग्रामवासी लाखे बगीचा को बचाने के लिए प्रयासरत हैं , प्रेस वार्ता के माध्यम से बताया की किसी भी कीमत पे बगीचा का जमीन नही बिकने देंगे तथा यह भी बताया गया की गांव के ही उमेश गुप्ता ने 2008 में इस जमीन का एग्रीमेंट लिया था जो सरासर गलत है तथा यह जमीन सार्वजनिक है और हमेशा सार्वजनिक रहेगी ग्राम वासियों ने कहा कि लाखे बगीचा की जमीन को बचाने के लिए लगातार लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं

## ख़ास ख़बर

### उदयपुर जिला अधिकारी का अभिनंदन किया



**सुनील कुमार मिश्रा/दैनिक शुभ भास्कर /उदयपुर /राजस्थान** /लवीना विकास सेवा संस्थान ने किया जिला कलेक्टर पोसवाल का अभिनन्दन-जिला कलेक्टर ने किए संस्थान के बैनर तले हस्ताक्षर-लवीना विकास सेवा संस्थान, ओंगना के निदेशक भरत कुमार पूर्बिया ने उदयपुर जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल को पगड़ी व उपरणा ओढ़ाकर श्री नीमच माताजी की तसवीर भेंट की।उसके पश्चात जिला कलेक्टर ने बीटी कॉटन के निराश्रित बालको के पालनहार के संघर्ष के रूप में प्रकाशित बैनर पर हस्ताक्षर कर संस्थान कार्यक्रमों की जानकारी ली ।

## विशेष धावा दल ने 3 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया



**मोतिहारी 19 जुलाई अशोक वर्मा**/श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश के नेतृत्व मे मोतिहारी सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में मोतिहारी सदर प्रखंड के कुल -03 प्रतिष्ठानों क्रमशः- शिवम श्रृंगार मोतिहारी, मिलन श्रृंगार मोतिहारी एवं शू महल मोतिहारी से 1-1 बाल श्रमिक अर्थात कुल-03 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा !बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति, पूर्वी चंपारण, मोतिहारी के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है।श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तक का जुर्माना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- (बीस हजार रू.) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। आज की इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, मोतिहारी सदर ज्योति सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कल्याणपुर सरफराज अहमद खान, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, घोड़ासहन रोहित कुमार सिंह , श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, आदापुर राजीव रंजन प्रसाद गौड़ , प्रयास संस्था से विजय कुमार शर्मा, आशीष परियोजना डंकन हॉस्पिटल, रक्सौल से दिलीप कुमार चौरसिया एवं अन्य तथा पुलिस लाइन से 03 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

## गोपालगंज- जिला पदाधिकारी द्वारा किया गया जनता दरबार का आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर/जिला ब्यूरो शैलेश कुमार तिवारी/** जिला पदाधिकारी, गोपालगंज डॉ0 नवल किशोर चौधरी समाहरणालय कार्यालय कक्ष मे जनता दरबार का आयोजन किया गया। आए हुए प्रयेक फरियादी से मिलकर जिला पदाधिकारी द्वारा सभी की समस्याओं को सुना गया और उन सभी की समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों एवं संबंधित पदाधिकारियों को फरियादियों के आवेदनों पर आवश्यक निर्देश दिए।वही हजियापुर प्रखंड गोपालगंज की पुष्प लता देवी एवं नीलम देवी के आवेदन जिसमें उनका पड़ोसियों द्वारा रास्ता बंद करने का आरोप था, जिसके लिए जिला पदाधिकारी द्वारा नगर थानाध्यक्ष को बुला करके अतिक्रमण हटवाने का निर्देश दिया गया। मिलने वालों में अकबर अली ,तनवीर अहमद ,मोहम्मद हामिद सभी तकिया याकूब गोपालगंज ,पुष्प लता देवी नीलम देवी हजियापुर गोपालगंज आदि थे।

# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेज प्रताप यादव बतावे की पार्टी चलाने के लिए किस स्रोत का पैसा आ रहा है- प्रशांत किशोर

**समस्तीपुर अशोक वर्मा/** तेज प्रताप, तेजस्वी और नीतीश कुमार से जनता को जरूर पूछना चाहिए कि आरजेडी और जदयू पार्टी को चलाने के लिए कहां से आ रहा पैसा?प्राइवेट प्लेन में बर्थडे मनाने के लिए तेजस्वी को कहां से मिलता है फंड दोनों पार्टियों के पास आज आधा-आधा बिहार है और गरीबों को लूटकर ये अपनी पार्टी चला रहे है। उक्त बातें जन सुराज पदयात्री प्रशांत किशोर ने कही ।जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने जेडीयू और आरजेडी पर तीखा हमला करते हुए कहा कि बिहार के नेता जैसे कि आरजेडी, जेडीयू या किसी लोकल पार्टी के नेताओं से हिम्मत जुटाकर सवाल पूछा जाना चाहिए कि आरजेडी कैसे चलती है? तेजस्वी यादव अपना बर्थडे प्राइवेट प्लेन में मनाते हैं, उसका पैसा कहां से आता है? नीतीश कुमार, तेज प्रताप और तेजस्वी यादव जनता को जवाब दें कि भईया तुम्हारे दल को चलाने के लिए पैसा आता कहां से है? क्योंकि



आपका तो बिहार से बाहर कहीं कोई ठिकाना है नहीं। इन दोनों दलों के पास आधा-आधा बिहार है, इसी गरीब बिहार को लूटकर ये अपनी पार्टी चला रहे हैं।

**बिहार में कई दलों पर शराब माफिया, बालू माफियाओं का है कब्जा- प्रशांत किशोर**-समस्तीपुर के दलसिंहसराय में पत्रकारों के सवालों का बेबाकी से जवाब देते हुए प्रशांत किशोर ने आगे कहा कि मैंने 10 सालों में पूरे देश में काम किया है और आज देश के 6 राज्यों में ऐसे लोगों की सरकार है, जिनके बनने में हमने कंधा लगाया है।

जन सुराज का अभियान जब मैंने शुरू किया, तो मैं घर-घर जाकर, गांव-गांव जाकर ये आश्वासन दे रहा हूं कि आप गरीब से गरीब व्यक्ति भी हैं।

आप समाज में बिहार के राजनीतिक विकल्प के लिए नया प्रयास करना चाहते हैं, आप धन की, व्यवस्था की, संसाधन की चिंता मुझ पर छोड़िए और आप आइए और नया बिहार बनाइए। ये संसाधन कहीं से लाना पड़ेगा, ये उन लोगों से मदद ली जा रही है, जिनको पिछले दस वर्षों में देश के अलग-अलग हिस्सों में चुनाव जीतने में हमने मदद की है। बिहार में कोई ऐसा माई का लाल नहीं है, जो ये खड़ा होकर कह दे कि मैंने उनसे एक रुपया भी लिया हो। यहां एक कप चाय भी मैं किसी का नहीं पीता हूं, अपना चाय, खाना, टेंट, तंबू, गाड़ी लेकर चलता हूं। आप देख रहे हैं एक साल से मैं अपने खर्च पर चलता हूं।

ये व्यवस्था मैंने इसलिए बनाई है ताकि बिहार में जो ठेकेदार हैं, माफिया हैं, पैसे वाले हैं उनका प्रभाव जन सुराज पर न पड़े, उनका दबाव न पड़े। अगर, मैं पैसे की व्यवस्था बाहर से नहीं करुंगा, तो जो यहां पैसे वाले हैं, शराब माफिया, बालू माफिया हैं, जैसे उन्होंने दूसरे दलों को कब्जा किया है, वे जन सुराज को भी कब्जा कर लेंगे। अगर, मैं भी किसी गरीब आदमी को आगे बढ़ाना चाहूंगा तो भी नहीं कर पाउंगा।

# इस संसार को चलाने वाले भगवान है- बिद्या भास्कर



**चहनियां।चंदौली/** कांवर स्थित महड़ौरी देवी सिद्धपीठ परिसर में अयोध्या पीठाधीश्वर रामानुजाचार्य स्वामी वासुदेवाचार्य बिद्या भास्कर जी ने पन्द्रहवें दिन श्रीमद भागवत कथा सुनाते हुए कहा कि इस संसार को चलाने वाले भगवान है । इस संसार मे इंसान को सुख दुख लगा रहता है । भगवान राम महलों का सुख छोड़कर वन में चौदह वर्ष जीवन यापन किये । किन्तु वे तो दुख से नही घबराये ।

जबकि वो तो साक्षात भगवान थे । पर उन्होंने अपना जीवन एक आदमी की तरह जिया । हां अपनी शक्ति का प्रयोग केवल असुरों के अंत के लिए किया । भगवान श्रीकृष्ण का जन्म कंस के जेल में होता है ।कहा कि जब भी मन घबराये तो भगवान की शरण मे मन प्रभु को याद करो । यकीन मानो भगवान ही नैया पार लगाते है । इस डिजिटल युग मे लोग आधुनिकता की दौड़ में अपनी पुरानी परंपरा को भूलते जा रहे है ।इसी के साथ सब कुछ खत्म होता जा रहा है । हम अपने परम्परों का निर्वहन कर भगवान की पूजन अर्चन करना चाहिए। इस दौरान गृजेश सिंह, लल्लन पाण्डेय, चिंता पाण्डेय, गोबिंद उपाध्याय, बिरेन्द्र पाण्डेय, ओमकार पाण्डेय, पप्पू यादव, प्रदीप सिंह, परमात्मा पाण्डेय, रामराज सिंह, जीवबोधन पाण्डेय आदि लोग उपस्थित थे ।

# 20 सितंबर को माउंट आबू के ब्रम्हाकुमारीज मुख्यालय में आयोजित किसान विंग्स के प्रोग्राम में चंपारण जिले से एक सौ किसान भाग लेंगे- बीके अबीता





**शांतिवन माउंट आबू 19 जुलाई अशोक वर्मा/** ब्रम्हाकुमारी के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू में आयोजित विभिन्न विभागों के कार्यक्रमो मे आए हुए भाई बहनों को संबोधित करते हुए ग्राम विकास प्रभाग के बिहार झारखंड प्रभारी बीके अमिता दीदी ने कहा कि 20 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय मे ग्राम विकास कृषि प्रभाग के प्रशिक्षण कार्यक्रम में दोनों चंपारण जिले के एक सौ किसानों की भागीदारी होगी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि चंपारण कृषि प्रधान जिला है चंपारण के लिए प्रचलित स्लोगन है "ई देश ह मझौआ जहां भात न पूछे कौआ" इस कहावत के पीछे का रहस्य तह है की चंपारण जिला धान का गढ़ माना जाता है। एक अकेला चंपारण अगर चाहे तो पूरे बिहार को भात खिला सकता है लेकिन आज चंपारण की वह स्थिति नहीं है कृषि और किसान दोनों संकट में है प्रकृति के बदलते रूप का प्रभाव चंपारण के किसानों पर पड़ रहा है इसलिए पारंपरिक खेती में नए संशोधन हुए हैं जिसके लिए योगिक खेती एक सफल खेती के रूप में उभरा है ।नई तकनीक से योगिक खेती ,खाद और कीटनाशक निर्माण आदि का सफल प्रयोग देश के किसान कर लाभ रहे हैं। बिहार में कई जगहों पर यौगिक खेती हो रही है। इन्हीं सब बातों को लेकर सितंबर माह में माउंट आबू में किसानों का महासम्मेलन होने जा रहा है जिसमें खेती के नई तकनीक पर विशेष रूप से प्रकाश डाला जाएगा और किसानों को प्रशिक्षित किया जाएगा ।मोतिहारी से पधारे बीके अशोक वर्मा ने कहा कि इस संस्था के 20 प्रभागो में एक ग्राम विकास कृषि प्रभाग है। संस्था सभी प्रभागों के लोगों के अंदर अध्यात्मिक शक्ति का संचार करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को अध्यात्मिक शक्ति संपन्न भी किया जाएगा ताकि नये रुप मे वे खेती कर सके। इससे उनकी माली हालत सुधरेगी। उक्त अवसर पर रामनगर के भाई बहनों के अलावा अवकाश प्राप्त सैनिक भी थे । पूर्वी चंपारण जिले के संगीत महाविद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार सिन्हा ,अवकाश प्राप्त मिलिट्री मैन बीके जेपी सिंह और थरुहट क्षेत्र के कई भाई बहन थे

# इटालीखेडा, सलूम्बर में फ्लोरोसिस शिविर का आयोजन





**राकेश जैन/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान /उदयपुर** /मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि जिला फ्लोरोसिस मिटीगेशन कोर्डिनेशन कमेटी की बैठक में दिए गए कार्यकारी महोदया के निर्देश अनुसार खण्ड सलूंबर में इंटालीखेड़ा सीएचसी पर बुधवार को फैलोरोसिस जांच के लिए शिविर का आयोजन किया गया जिसमे लाम्बी डूंगरी, परोडा और क्क खांडोरा, देवली, सुआतो का गुड़ा तथा अन्य गांवों से आए लोगो की जांच की गई। शिविर में 204 लोगो की जांच की गई शिविर में 64 बच्चो सहित 26 अन्य लोगो की दंतीय फ्लोरोसीस की जांच डॉ यामिनी भुवालिया ,दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा किया गया।20 लोगो की अस्थि फैलोरोसीस की जांच डॉ यतीश डामोर ,हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा की गई जिनमे एक मरीज को सलूंबर रेफर किया गया, अन्य सभी को शिविर में ही दवाई देकर इलाज किया और लोगो को जिला सलाहकार सपना चौधरी ने फैलोरोसिस रोकथाम हेतु परामर्श दिया गया। साथ ही तंबाकू से होने वाले दुषप्रभाव के बारे मे बताया। शिविर में बीसीएमओं डॉ सम्पत लाल मीणा, डॉ कपिल, डॉ अभिनंदन सिंह कविया,डॉ अमजद सैफी, डॉ आशीष प्रसाद, डॉ अश्विनी जोशी, डॉ ममता जोशी, रतन लाल गाडरी एलटी,नटवर लाल नर्सिंग ऑफिसर,पंकज चौधरी,शंकर सालवी उपस्थित रहे।

# बाढ़ की स्थिती को लेकर तहसील प्रशासन अलर्ट अधिकारियों को जिम्मेदारी



**चंदौली सकलडीहा** गंगा में बढ़ते जलस्तर को लेकर तहसील प्रशासन की ओर से तैयारी तेज कर दिया गया है। बाढ़ चौकी से लेकर शरणालय और नावों की व्यवस्था की सूची तैयार कर लिया गया है। इसके साथ ही प्रधान से लेकर कोटेदार और अधिकारी सहित राजस्व कर्मियों को विभिन्न क्षेत्र की जिम्मेदारी सौपा गया है। एसडीएम मनोज पाठक ने चेताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की सूचना समय से नही देने पर संबधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। सकलडीहा, धानापुर और चहनिया तीन ब्लॉक है। सबसे ज्यादा चहनिया और धानापुर का क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित होता है। बाढ़ को देखते हुए प्राथमिक विद्यालय भुपौली, नादी,टांडाकला, नरौली, अमादपुर, डबरिया, और बीरासराय में बाढ़ चौकी बनाया गया है। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेकनामपुर, प्राथमिक विद्यालय मारूफपुर को मॉडल बाढ़ राहत चौकी बनाया गया है। जहां बीईओ, बीडीओ, नायब तहसीलदार, एडीओ पंचायत व पशु चिकित्साधिकारी को जिम्मेदारी सौपा गया है। इनके अलावा 13 अन्य अधिकारियों को बाढ़ शरणालय में आने वाले लोगों को रहने व भोजन की जिम्मेदारी दी गयी है। इसके साथ ही बाए से प्रभावित 72 गांव के प्रधान और कोटेदारों को जिम्मेदारी सौपा गया है कम्यूनिकेशन प्लान तैयारगंगा नदी से प्रभावित गांवों का कम्यूनिकेशन प्लान तैयार किया गया है। जिसमें 38 गांवों में लेखपाल से लेकर प्रधान व समाजसेवी की सूची तैयार किया गया है। इनके माध्यम से बाढ़ प्रभावित गांवों की निगरानी की जायेगी गंगा का जलस्तर बढ़ा तो 72 गांव होंगे प्रभावितगंगा में तेजी से बढ़ते जलस्तर को लेकर एसडीएम और तहसीलदार ने संयुक्त रूप से प्लान तैयार किया है। बाढ़ से दोनों ब्लॉक में कुल 72 गांव के प्रभावित होने की संभावना तहसील प्रशासन ने जताया है। जिसमें निम्न् स्तर पर बाढ़ से प्रभावित 43 और मध्यम स्तर पर 16 और उच्चतम स्तर पर बाढ़ से प्रभावित 13 गांव होंगे। जिसको लेकर तहसील प्रशासन अलर्ट है।बाढ़ को लेकर कुल 44 नावों की सूची तैयारीबाढ़ को देखते हुए नाव मालिकों की सूची तैयार किया गया है।

**आस्था** — सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु पहुंच रहे हैं

# खेत जुताई के क्रम में मिली भगवान विष्णु की मूर्ति। पूजा पाठ को पहुंच रहे है भारी संख्या में श्रद्धालु, मौके पर पहुंची साठी पुलिस ने पुरातत्व विभाग को दी सूचना





**लौरिया** प्रखंड अंतर्गत साठी थाना स्थित धोबनी धर्मपुर पंचायत के वीरता टोला गांव के सरेह मे एक मूर्ति मिली है मूर्ति का आकार करीब 3 फीट है इसे लोग विष्णु भगवान की मूर्ति बता रहे हैं देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मूर्ति काफी पुराना है जो एक पत्थर के बड़े टुकड़े में तराश कर बनाया गया है कई लोग इसे पाषाण युग की मूर्ति बता रहे हैं यह प्रतिमा खेत जुताई के क्रम में मिट्टी के अंदर से मिली है जिसे ग्रामीणों के सहयोग से उक्त मूर्ति को उठाकर गांव में लाया गया पत्थर की इस प्रतिमा को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं खबर इलाके में जंगल में आग की तरह फैल गई लोगों में आस्था उमड़ गई है, सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और इसकी पूजा पाठ की जा रही है इसकी जानकारी पाकर थानाध्यक्ष उदय कुमार के नेतृत्व में पहुंची साठी पुलिस ने प्रतिमा का मुआयना किया और इसकी सूचना तत्काल पुरातत्व विभाग को दी थाना अध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि तत्काल इस प्रतिमा को अपने अभिरक्षा में ले ली गई है पुरातत्व विभाग को इसकी सूचना दे दी गई है हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रतिमा को स्थापित कर पूजा पाठ की जाएगी आगे की कार्रवाई पुरातत्व विभाग के निर्देश के अनुसार होगी मिली जानकारी के अनुसार सोमवार , की संध्या करीब तीन बजे धोबनी गाँव निवासी सतार मीर का खेत, को स्थानीय ,गांव निवासी धर्मनाथ कुशवाहा अपने ट्रैक्टर से जोताई कर रहे थे तभी ट्रैक्टर का फार का एक हिस्सा, मूर्ति से टकराया कोई बड़ा पत्थर जानकर धर्मनाथ कुशवाहा और योगी माझी ने उसकी खुदाई की तो एक प्रतिमा का स्वरूप दिखाई दिया मूर्ति को योगी माझी ने उठाकर अपने घर ले आए ।इधर नरकटियागंज अनुमंडल पदाधिकारी धनंजय कुमार से पूछे जाने पर बताया की पुरातत्त्व विभाग प्रतिमा की जांच करेगी उसके बाद कोई निर्णय लिया जाएगा।

# सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को फूल माला पहना कर किया गया स्वागत





**शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया** ,रामनगर प्रखंड के सभी नवनिर्वाचित मुखिया द्वारा एक बैठक आहूत कि गई. जो परसौनी पंचायत के खेल मैदान में सुसंपन्न हुई. जिसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया विजय कुमार द्वारा कि गई. जिसमे सर्वप्रथम इनके द्वारा सभी निर्वाचित सदस्यों को फूल माला पहना कर स्वागत किया गया. जिसके बाद सर्वसम्मति से आगे कि कार्यवाही शुरू हुई. जिसमे सबके कार्यो कि समीक्षा हुई और तत्पश्चात सभी मुखिया द्वारा जोगिया पंचायत के मुखिया अफसर इमाम का विरोध होने लगा जिन्हें हालही में मुखिया संघ का अध्यक्ष चुना गया था. सभी मुखियाओं का कहना था कि हम सभी लोग अपने गाँव अपने क्षेत्र के विकास व जनता के हित और उनकी समस्याओ के समाधान हेतु हम सभी तत्पर है. जिसके लिए जनता ने हमे अपना बहुमूल्य मत देकर चुनवा जिताया है. जिससे की उनके क्षेत्र की सर्वांगीण विकास हो सके जिसके लिए हम सभी संकल्पित है. इस बैठक में सब ने यह निर्णय लिया की मुखिया संघ के अध्यक्ष को सर्वसम्मति से बदल दिया जाए और नये सिरे से अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव हो जिससे हम सभी कि समस्य का समाधान हो सके. वही कुछ मुखिया द्वारा यह भी आरोप लगाया गया कि निवर्तमान अध्यक्ष द्वारा हमारी किसी भी बात को गंभीरता से नही ली जाती थी और न ही हमारी किसी भी समस्या का ससमय निराकरण हो पाता था. जिससे सबकी नाराजगी थी. जिसके बात सर्वसम्मति से खटौरी पंचायत के महिला मुखिया अस्मिता चौरसिया को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पद पर सपही पंचायत के महिला मुखिया गीता देवी को चुना गया. जिसके बाद सभी ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर अपनी खुशी जाहिर की और एक दूसरे से गले मिले. वहीं अध्यक्ष के पद पर चुने जाने पर खटौरी पंचायत के मुखिया अस्मिता चौरसिया ने अपनी ख़ुशी जाहिर करते हुए बताया कि पूर्व के अध्यक्ष को बदल कर मुझे चुना गया है जिसके लिए मै आप सभी का आभार व्यक्त करती हूँ कि आप सब ने मुझे अपना अध्यक्ष चुना आप सब ने जो एक नयी जिम्मेदारी दी है जिसका मै तन मन धन से समर्पित होकर इस जिम्मेदारी का निर्वहन करुँगी. रामनगर प्रखंड के सभी पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिय हम सभी मिल जुल कर काम करेंगे

## ख़ास ख़बर

## दो सौ वर्ष पुराने बटबृक्ष का किया गया चयन,प्रधान को किया अंगीकृत




**सैयदराजा (चंदौली)** वन्य जीव प्रभाग रामनगर के चंदौली प्रभाग ने विकास खण्ड बरहनी के अंतर्गत ग्राम सभा काजीपुर में दो सौ वर्ष पुराने बट वृक्ष का चयन किया। जिसे विरासत बृक्ष को अंगीकार हेतु ग्राम प्रधान को सौंपी गयी। क्षेत्रीय वन अधिकारी अमरनाथ सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा 100 वर्ष पुराने पीपल,पाकड़,बरगद जो देवता तुल्य की श्रेणी में आते हैं। वैसे वृक्षों का चयन करने का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत् काजीपुर काली मंदिर के समीप करीब दो सौ वर्ष पुराने बट वृक्ष का चयन किया गया। जिसे भविष्य में उन पुरातत्व की श्रेणी में संजोया जायेंगा। उस चयनित पेड़ को संरक्षित रखने हेतु प्रधान को अंगीकृत किया गया। जिससे बटवृक्ष को संजोकर रखने की जिम्मेदारी सौंपी गयी। जो पुरातत्व की तरह एतिहासिक धरोहरों के रूप में संरक्षित रखा जा सके । इस अवसर पर उप क्षेत्रीय अधिकारी छबिनाथ त्रिपाठी,मनीष राय,मनोज श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में वन विभाग सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गाजीपुर जिले के हथियाराम में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बुढ़िया माता के दरबार में पूजन के बाद टेका मत्था




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** हथियाराम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत जी का आगमन बुधवार को लगभग साढ़े ग्यारह बजे हुआ।उन्होंने मां वृद्धांबिका एवं जगत जननी जगदम्बा का पूजन अर्चन करने के बाद अपना मत्था टेका, और विश्व कल्याण की कामना की।भागवत जी के स्वागत में ,हथियाराम महंत श्री भवानी नंदन जी के स्वामित्व में महंत पवाहारी बालकृष्ण यति कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने अपने मुखार बिंद से स्वागत गीत प्रस्तुत किया तदुपरान्त जय श्री राम के नारे लगाए गए। मां जगदम्बा की स्तुति "अयि गिरिनन्दिनी नन्दितमेदिनी विश्वविनोदिनी नन्दिनुते।गिरिवर विन्ध्य शिरोधिनिवासिनि विष्णुविलासिनी जिष्णुनुते।।" मंत्र द्वारा की गई।बता दें की संघ प्रमुख मोहन भागवत जी इन दिनों पूर्वांचल में प्रवास पर हैं।जिसमें चौबीस घंटे का प्रवास सिद्ध पीठ हथियाराम में भी है। आज ही बुधवार को लगभग चार बजे शिव संकल्प संवाद होगा जिसमें वह आम जन मानस को संबोधित करेंगे।संघ प्रमुख मोहन भागवत के आगमन पर शासन प्रशासन दोनों चुस्त दुरुस्त था।व्यवस्था में कहीं व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए चप्पे चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई थी। हवन कुंड से लेकर के कैलाश भवन तक सजावट बारीकी से की गई है।

## भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सुजीत यादव का चकिया में भव्य स्वागत हुआ



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** नन्दगंज भारत विकास परिषद मौनी बाबा नन्दगंज के अध्यक्ष सुजीत यादव ने चकिया गाँव मे युवाओं को प्रेरित करने के लिए माँ काली के निर्माणाधीन मन्दिर में पहुँचे जहाँ पर जय माँ काली सेवा समिति चकिया गाज़ीपुर के अध्यक्ष अखलेश पांडेय, उपाध्यक्ष संजय पांडेय कोषाध्यक्ष संजय पांडेय वेवस्थापक यसवंत पांडेय महामंत्री कृष्णनन्द पांडेय के द्वारा भव्य स्वागत हुआ युवा साथियों को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष ने बताया कि आज के युग मे युवा को आगे आना होगा तब जॉकर जाग्रति आएगी अपने गाँव मे युवा ने ठाना है तो माँ का भव्य मंदिर चकिया में बनेगा चकिया के युवाओं से सभी को प्रेरणा लेने चाहिए अपने समाज गाँव का विकास के लिए हर युवा को आगे आना होगा सुजीत यादव ने बताया कि समोहिक पूजा पाठ या कोई भी अन्य कार्य करने से समाज मे भाई चारा बनता है हम एक है का प्रतीक है सामूहिक कार्य भारत विकास परिषद का मकसद है समाज को एक मे जोड़ना इस अवसर भारत विकास परिषद के सदस्य बलिस्टर यादव अजय कुमार विस्वास कुमार पंकज दुबे गांव के प्रमुख तारा चन्द पांडेय गुप्तेस्वर पांडेय सत्यनारायण पांडेय नरसिंह खरवार सतेन्द्र पांडेय धर्मेंद्र मनीष सुजीत पाण्डेय के साथ सैकड़ो माताएं बहने आदि लोग उपस्थित थे

## मच्छटी चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक ओंमकार तिवारी के सख्त तेवर से अपराधियों में खौफ का माहौल



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/**गाजीपुर भांवरकोल मच्छटी चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक ओंमकार तिवारी के सख्त तेवर से अपराधियों में खौफ का माहौल बना हुआ है आपको बता दें गाजीपुर जनपद में अपनी तेज़ तर्रार छवि बनाने वाले चौकी प्रभारी ओमकार तिवारी कई बड़े घटना का खुलासा कर चुके हैं उन्होंने पत्रकार राहुल पटेल से बात करते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति संदिग्ध पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हमारे क्षेत्र में मुझे शांति का माहौल पसंद है अपराध करने से अपराध से याद तो दूर रहे या फिर अपराधी क्षेत्र को छोड़ दें अन्यथा की स्थिति में किसी भी कीमत पर अपराधियों को बख्शा नहीं जायेगा

# बिना अनुमति नया कार्य होने पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी- सी0ओ0





**सैयदराजा (चंदौली)** मुहर्रम त्यौहार के मध्दे नजर थाना परिसर में मंगलवार की शाम थाना परिसर में नगर पंचायत सहित ग्रामीण अंचल के ताजियादारों सहित साम्भ्रान्त नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें विभिन्न ताजियादारों ने विभिन्न समस्याओं से सम्बंधित अपने विचार प्रस्तुत किया। अध्यक्षता करते हुए क्षेत्राधिकारी सदर रामबीर सिंह ने कहा कि त्यौहार को लोग आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में मीनारें। किसी भी प्रकार का बिना अनुमति कोई नया कार्य कत्तई न करें वरना सख्त कार्रवाई की जाएगी। । किसी प्रकार की अफवाह में न पड़ें और यदि कोई किसी प्रकार की हरकत अथवा अवांछनीय तत्वों की सूचना मिले तो लोग तत्काल प्रभारी निरीक्षक अथवा मुझे सूचित करें । जिससे तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान किसी भी तरीके के अस्त्र शस्त्र के प्रयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध है। लोग अपने ताजिया पर निगाह बनायें रखें तथा परम्परागत ढंग एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की बात कहीं। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने कहा कि त्यौहार को सम्पन्न कराने के लिए पूरी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रखी जाएगी। किसी प्रकार की गडबडी फैलाने वालों की खैर नहीं। किसी भी प्रकार की कोई परेशानी हो तो तत्काल सूचित करें। जिसका समय के अंदर निराकरण किया जा सकें ।किसी प्रकार की गडबडी फैलाने का प्रयास करने का प्रयास किया गया तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी को सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने की अपील की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर रामबीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, निरीक्षक अरविंद मिश्रा ,सैय्यद अंसारी,मुनीर खान, बाबू सिद्दीकी,फेराक अंसारी, बेलाल,ईद्दू,नेक मोहम्मद ,मजीद अंसारी,शमशेर परवेज,गुलाम सरवर,मुख्तार सहित विभिन्न ताजियादारों के ताजियादार तथा अखाड़ा खलीफा सहित काफी संख्या में साम्भ्रान्त लोग,पुलिस मौजूद रही।

## महाकवि एवं प्रख्यात गीतकार का मनाया गया पुण्यतिथि



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/ग़ाज़ीपुर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गाजीपुर के तत्वाधान में महाकवि एवं प्रख्यात गीतकार गोपालदास नीरज की पुण्यतिथि के अवसर पर महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव के चंदन नगर स्थित आवास पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई । इस अवसर पर महासभा के सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया और उन्हें याद करते हुए उनके गीतों को भी गुनगुनाया। जिलाध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए कहा कि नीरज जी हिन्दी के साहित्यकार,कवि,शिक्षक के साथ साथ महान गीतकार थे। गीतों के राजकुमार कहे जाने वाले हिंदी के महान गीतकार नीरज जी का जीवन यात्रा स्वयं एक गीत के समान रही। स्वरों के लहर के उतार चढ़ाव को अमूल्य शब्दों से सजाने वाले नीरज जी खुद समय के मोड़ पर खड़े होकर अपनी जिंदगी को देखते हुए कहते रहे ÷और हम झुके झुके, मोड़ पर रूके रूके,उम्र के चढ़ाव का उतार देखते रहे। हिंदी मंचीय कविता के गौरव रहे नीरज जी ने न केवल फिल्मी गीत लिखे बल्कि ग़ज़ल,मुक्तक,और दोहे भी लिखे।वह पहले ऐसे व्यक्ति थे जिन्हें सरकार ने शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में दो दो बार पद्मश्री और पद्मभूषण से सम्मानित किया ।फिल्मी गीत लेखन के लिए उन्हें तीन बार फिल्म फेयर पुरस्कार से नवाजा गया । उन्हें पिछले समाजवादी पार्टी के शासन काल में मुख्यमंत्री अखिलेश जी ने भाषा संस्थान का अध्यक्ष नामित कर कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया था। । उन्होंने कहा कि उनकी रचनाओं के संसार का इतना बड़ा फलक था कि उनके चाहने वाले लोग आजीवन उन्हें अपने दिलों में जिंदा रखेंगे । उनकी आवाज और गीत सुनने वालों के दिलो-दिमाग में उतर जाया करती थी, उनकी आवाज और गीतों में नशा शराब से भी ज्यादा था । उन्हें समाजवादी पार्टी की सरकार ने यश भारती सम्मान से भी सम्मानित किया था । इस अवसर पर चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, अमरनाथ श्रीवास्तव, मोहनलाल श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, अनूप कुमार श्रीवास्तव,मनीष श्रीवास्तव ,विजय प्रकाश श्रीवास्तव, सुधांशु, अश्वनी कुमार श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, अमर सिंह राठौर, अजय कुमार श्रीवास्तव,हिमांशु,हर्ष, आर्यन,मेघा, रियाआदि उपस्थित थे। इस गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री अरुण सहाय ने किया।

## एक दर्जन से अधिक चोरियों को अंजाम देने वाले दो शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे, करीब 22 से 25 लाख की चोरी की गई सामग्री बरामद



**अलीनगर** थाना पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता हाथ लगी है। बता दें कि प्राप्त अभिसूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अलीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित मनोहरपुर गोधना के समीप से दो शातिर चोरों को चोरी की सामग्री के साथ गिरफ्तार किया है। दोनों चोर चोरी किए गए सामानों और गहने को बेचने की फिराक में थे। गिरफ्तार चोरों की निशानदेही और गिरफ्तारी के समय बरामद सामग्रियों के आधार पर कुल 22 से 25 लाख की चोरी की गई सामाग्रियां बरामद हुई हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ थाना अलीनगर और मुगलसराय में दर्ज मामलों के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।मामले का खुलासा करते हुए चंदौली एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया कि मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र और अलीनगर थाना क्षेत्र दर्जनों चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिर चोरों को पुलिस टीम ने चोरी की सामग्रियों के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई को अंजाम देते हुए चोरी की सामग्रियों और गहने बेचने जा रहे दो शातिर चोरों को थाना अलीनगर पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 22 से 25 लाख की चोरी किए गए नगदी, गहने, कपड़े और अन्य सामग्री बरामद हुए हैं।

बरामद माल में थाना अलीनगर व मुगलसराय पर पंजीकृत मुकदमों के वादीगण अपनी पत्नियों के साथ मौके पर पहुंचकर अपने अपने चोरी किए गए सामानों एवं गहनों को पहचाना है। कुल सात चोरियों का इस आधार पर अनावरण किया गया है। अभी भी काफी मात्रा में जनपद एवं गैर जनपद के अन्य चोरियों का सामान है जिसका खुलासा होना शेष है। गिरफ्तार अभियुक्तों अजय सिंह पटेल निवासी मनोहर पुर गोधना, थाना अलीनगर जनपद चंदौली एवं राजू दास निवासी व्यास नगर मुगलसराय के खिलाफ विधिक कार्रवाई जारी है। इस प्रकार चोरी की घटना को देते थे अंजाम पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उनके द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने के पहले घूम घूम कर रेकी की जाती है। उसी मकान को टारगेट करते हैं जिस मकान में ज्यादा माल मिलने की संभावना होती है। मकान को चिन्हित करने के बाद हमारे द्वारा उस मकान की निगरानी की जाती है। जब मकान मालिक कही बाहर जाता है तो चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। बताया कि उनके द्वारा काफी चोरियां दिन में ही की गई हैं, रात में उसी मकान को टारगेट बनाते हैं जिनका मालिक मकान बंद कर कहीं बाहर जाते हैं। ताला तोड़ने के लिए इन लोगों द्वारा लोहे के मोटे ठोस और लंबे राड जो आगे से चिपटा हो उसका प्रयोग करते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे और निशानदेही पर बरामद सामग्रियां दोनों अभियुक्तों के कब्जे से 51 अदद पीली धातु के गहने, 67 अदद सफेद धातु के गहने, 4540 नगदी और 5883 रुपए के सिक्के, तांबा और चांदी के कुल छह सिक्के समेत एक सोनी ब्रांड की एलसीडी, तीन कैमरा, दो मोबाइल फोन, पांच कलाई घड़ी समेत अन्य सामग्रियां बरामद हुई हैं। साथ ही इनकी निशानदेही पर दोनों अभियुक्तों के घर से अन्य सामग्रियां बरामद हुई हैं।

## यातायात प्रभारी निरीक्षक द्वारा वाहन चालकों को किया गया जागरूक



**पीडीडीयू नगर** शासन द्वारा चलाये जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दूसरे दिन पुलिस अधीक्षक चन्दौली अंकुर अग्रवाल के आदेश के क्रम में यातायात निरीक्षक रामप्रीत यादव द्वारा क़स्बा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के ऑटो और ई-रिक्शा चालकों की एक मीटिंग वीआई पी गेट पर आहूत की गयी।

मीटिंग में यातायात निरीक्षक द्वारा सभी ऑटो चालकों से यातायात के नियमों के अनुपालन के साथ-साथ कस्बे की यातायात व्यवस्था बनाये रखने में अपने नैतिक जिम्मेदारी का पालन करने हेतु उत्साहित किया गया।वाहन चालकों से ड्राइविंग सीट पर सवारी न बैठाने,ऑटो में म्यूजिक सिस्टम न लगाने,शराब पीकर वाहन न चलाने,निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा सड़क पर अपनी लेन में चलने हेतु जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त ड्राइविंग लाइसेंस,हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेटआदि भी नियमानुसार रखने का निर्देश दिया गया।

## बीएसए ने लिया एक्शन, प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक का वेतन किया वाधित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** जमानिया क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय महली पर शनिवार को करीब साढ़े बारह बजे विद्यालय पर ताला लटका मिला था। शनिवार को पहुची मीडिया की टीम ने जब विद्यालय को देखा तो उसमें ताला लटका हुआ था। वहीं ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखने को मिला था। ग्रामीणों का कहना था कि प्रधानाध्यापक संदीप कुमार वर्मा बहुत कम विद्यालय आते हैं और आज सहायक अध्यापक श्याम नारायण यादव द्वारा विद्यालय करीब साढ़े बारह बजे ही बंद कर दिया गया। उन लोगों ने बताया कि विद्यालय के ठीक बगल में बहुत बड़ा तालाब है और विद्यालय का कुछ हिस्सा तालाब से सटा हुआ है कभी भी धाराशाही हो सकती है। विद्यालय की बाउंड्री भी नहीं किया गया है जिससे कभी भी बच्चे पोखरी में गिर सकते हैं। इसको देखते हुए बीएसए हेमंत राव ने प्रधानाध्यापक संदीप कुमार वर्मा व सहायक अध्यापक श्याम नारायण यादव का वेतन वाधित कर दिया है। इसको लेकर शिक्षको में हड़कंप मचा हुआ है।

**ग्रामीणों ने लगाया था प्रधानाध्यापक सहित शिक्षकों पर गंभीर आरोप**

## तमन्चा व कारतूस तथा एक अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/**गाजीपुर थाना करण्डा पुलिस द्वारा, थाना दुल्लहपुर का 10,000 का इनामिया एक अदद नाजायज तमन्चा व कारतूस तथा एक अदद मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों तथा अवैध शस्त्र तस्करी के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी नगर निकट पर्यवेक्षण मे दिनांक 18.07.2023 को थानाध्यक्ष करण्डा मय हमराह द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्ति व रात्रिगश्त के दौरान मुखबीर की सूचना पर चाडीपुर तिराहे से चोचकपुर की तरफ जाने वाले रास्ते से, थाना दुल्लहपुर का 10,000 रुपया का इनामिया एक अदद नाजायज तमन्चा .315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर तथा एक अदद मोटर साइकिल टीवीएस अपाचे के साथ अभियुक्त राहुल चौहान पुत्र रामसुख चौहान नि0ग्राम आनापुर सरयां थाना करण्डा जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना करंडा पर मु0अ0सं0 82/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## अज्ञात एस्कार्पियो के टक्कर से दो बाइक सवार जख्मी



**चंदौली सकालडीहा** कोतवाली के विशुनपुरा गांव के समीप अज्ञात स्कॉर्पियो के धक्के से बाइक सवार दीपक कुमार 23 पुत्र मोहित राम व भोला राम पुत्र ब्यास राम बलारपुर निवासी कमालपुर अपने बाइक की सर्विस कराने जा रहे थे।कि अचानक डेढावल की तरफ से आ रही तेज रफ्तार में अज्ञात एस्कार्पियो के टक्कर हो जाने से दोनो बाइक सवार गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गए।मौके पर जुटी ग्रामीणों के मदद से 108 एम्बुलेंस से सकलडीहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया।वही भोला राम का दाहिना पैर बुरी तरह टूट कर चूर हो चुका था जहाँ चिकित्सक ने इलाज के दौरान हालात काफी गंभीर देख दोनो घायलो को चिकित्सक डॉ0 बी0के0 प्रसाद व फार्मासिस्ट शेषनाथ यादव ने इलाज के दौरान जिलाअस्पताल रेफ़र कर दिया

**सौंपा पत्रक** डेमू ट्रेन के परिचालन हेतु एडीआरएम ज्ञानेश त्रिपाठी को सौंपा पत्रक

## छात्रों ने गाजीपुर सिटी से जौनपुर जंक्शन तक डेमू ट्रेन के परिचालन हेतु मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय




**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित त्रिपाठी/गाजीपुर।** पूर्व छात्रसंघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय के नेतृत्व में छात्रों ने गाजीपुर सिटी से जौनपुर जंक्शन तक डेमू ट्रेन के परिचालन हेतु मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय वाराणसी में डीआरएम वाराणसी के नाम संबोधित पत्रक एडीआरएम ज्ञानेश त्रिपाठी को सौंपा। उन्हें डेमू ट्रेन गाजीपुर सिटी से नहीं चलने से होने वाली असुविधाए और जनता कि दुश्वारियो से भी अवगत कराया।

पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने बताया कि वर्तमान समय में जो डेमू ट्रेन औड़िहार जंक्शन से जौनपुर जंक्शन तक चल रही है उस ट्रेन को गाजीपुर सिटी से परिचालन होने से गाजीपुर जनता को जौनपुर जंक्शन तक सफर करने में आसानी होगी चूंकि कोरोना काल से पहले ये डेमू ट्रेन गाजीपुर सिटी से जौनपुर तक अप-डाउन होती थी परन्तु कोरोना काल खत्म होने के बाद इस डेमू ट्रेन का परिचालन गाजीपुर से न होकर औड़िहार से जौनपुर तक कर दिया गया जिससे गाजीपुर सिटी से जौनपुर आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है चूंकि गाजीपुर के सभी महाविद्यालय पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर से संबद्ध हैं इस वजह से तमाम छात्रों के साथ ही शिक्षकों को आने-जाने में असुविधा के साथ ही आर्थिक छति और मानसिक यातनाओं के साथ ही समय कि बर्बादी का सामना करना पड़ रहा है, छात्रों ने गाजीपुर सिटी से जौनपुर जंक्शन तक डेमू ट्रेन के परिचालन कि मांग कि है फलस्वरुप एडीआरएम ज्ञानेश त्रिपाठी ने शीघ्र उच्च अधिकारियों से पत्राचार कर डेमू ट्रेन गाजीपुर से चलाये जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय, विकास तिवारी, संतोष कुमार, शैलेश यादव,शुभम बिन्द इत्यादि छात्र मौजूद थे ?।